संसेक्स 71,437.19 +122.10(0.17%)
डॉलर 83.18 +0.60%

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम | आज का अनुमान (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21 | 8 | 25 |
| दिल्ली | 21 | 8 | 23 |
| मुंबई | 33 | 23 | 30 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080

रांची, बुधवार, 20 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 313, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155

www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय वाराणसी की टूटी उदासी, गोवा से ज्यादा पर्यटक ...08


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


राज्यसभा : सभापति ने मिमिक्री मामले को लेकर ...12 देश/विदेश


## बोकारो के कुशाग्र 7.2 व रांची के सुशांत 2.2 करोड़ में बिके

**आरएनएम। रांची**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया जारी है। यह पहली बार है जब नीलामी भारत के बाहर हो रही है। टीमों की हिट लिस्ट में कई बड़े नाम लगातार आ रहे है। इसी कड़ी में बोकारो, झारखंड के 19 वर्षीय कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने 7.2 करोड़ में खरीदा, जबकि रांची के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने 2.2 करोड़ में खरीदा है। बताते चले कि वर्तमान में सुशांत मिश्रा दक्षिण पूर्व रेलवे में कार्यरत हैं। आईपीएल 2024 के लिए मंगलवार को दुबई में नीलामी जारी है। इस बार मिनी ऑक्शन है और 10 टीमें अपनी टीम को पूरी करने के लिए बोली लग रही है।



कुशाग्र सुशांत

### मिचेल स्टार्क सबसे ज्यादा 24.75 व कुमिंस 20.5 करोड़ में बिके

**नई दिल्ली ।** आईपीएल नीलामी के 2024 में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का जलवा रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस को ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 करोड़ 50 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ लिया। इसके कुछ ही समय बाद केकेआर ने मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया इस तरह दोनों खिलाड़ी अब तक आईपीएल इतिहास में सबसे महंगा बिकने वाले खिलाड़ी हैं। कमिंस को खरीदने के लिए आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बिडिंग वॉर देखने को मिली। ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये में बिकने के बाद पैट कमिंस का पहला रिएक्शन सामने आया है।



सनराइजर्स हैदराबाद के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शेयर किए गए वीडियो में पैट कमिंस काफी खुश नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि मैं आईपीएल के अगले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के बाद काफी खुश हूं। मैंने ऑरेंज आर्मी के बारे में काफी सुना है। मैं हैदराबाद के लिए पहले भी खेल चुका हूं और हमेशा पसंद किया है। ट्रेविस हेड को टीम में देखना काफी सुखद है। मुझे लगता है हम इस सीजन काफी मजे करेंगे और सफलता हासिल करेंगे।

## झारखंड में कनकनी से बढ़ी कंपकपी, कांके सबसे ठंडा

**आरएनएम। रांची**

राज्य में शीतलहर के कारण ठिठुरन बढ़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। राज्य में अधिकतम तापमान में गिरावट से सुबह भी ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। आने वाले दो दिनों में तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रांची से सटे कांके क्षेत्र का न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तापमान फिर 0.5 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। यह 18 दिसंबर को 3.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। हवा 4.2 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली। राजधानी का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेसि. रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर का न्यूनतम



तापमान 11.6 और डालटनगंज का 8.6 डिग्री सेसि. रहा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 22 से 25 दिसंबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी लेकिन 25 दिसंबर के बाद फिर से तापमान में गिरावट आएगी। 21 दिसंबर तक शीतलहर का असर देखा जायेगा। इन जिलों के लिए विभाग ने चेतावनी जारी की है।

## एक नजर

### पान मसाला कारोबारी सिंघानिया के ठिकानों पर आयकर का छापा

**रांची।** झारखंड के बड़े पान मसाला व्यापारी जय कुमार सिंघानिया के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापा मारा है। मंगलवार सुबह दो गाड़ियों से पहुंचे अधिकारियों की टीम राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित जय सिंघानिया के ठिकानों पर छानबीन कर रही है। इस कारोबारी के एक ठिकाने के बाहर आयकर विभाग की गाड़ी खड़ी है। साथ ही सुरक्षा में सीआरपीएफ के जवान भी तैनात हैं। किसी को भी अंदर से बाहर या बाहर से अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। टीम सिंघानिया के कार्यालय की लोकेशन की जानकारी भी जुटा रही है।

### निलंबित पूजा सिंघल मामले में सुनवाई 23 को

**रांची।** मनरेगा घोटाले में मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह खूंटी के तत्कालीन नजारत डीसी अभय नंदन अंबष्ठ से बर्खास्त कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा और कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश की ओर से जिरह किया गया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है।

### महासचिव निष्ठा से करें कार्य : राजेश ठाकुर

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की ओर से प्रदेश में चल रहे संगठन सशक्तिकरण अभियान को गति देने के लिए मंगलवार को महासचिवों को विभिन्न जिम्मेवारी दी गयी है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो को संगठन, आदिवासी कांग्रेस, एससी विभाग, राकेश सिन्हा को मीडिया विभाग, मदन मोहन शर्मा को प्रोटोकॉल एवं जवाहर बाल मंच, मानस सिन्हा को युवा कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस,ट्रेनिंग लोस चुनाव समन्वय नियंत्रण कक्ष, संजय पांडे को प्रदेश इंटक को जिम्मेवारी दी गयी है।

## 'आपके द्वार पहुंच समस्याओं का समाधान कर रही सरकार'

### अनुकम्पा एवं डीएमएफटी के तहत 85 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा

### राज्य में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया है

**आरएनएम। रांची/गुमला**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है। सरकार गठन से पूर्व उन्होंने कहा था उनकी सरकार का संचालन गांव और पंचायत से होगा। राज्यवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रखंड कार्यालय और जिला मुख्यालय नहीं बुलाया जाएगा, बल्कि सरकार खुद आपके द्वार आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इसी के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला के कसीरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अनुकम्पा एवं डीएमएफटी के तहत कुल 85 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्सव और



त्योहार रूपी शिविर का आयोजन होता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बेटियों की पढ़ाई नहीं छूटे, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू किया गया है। सरकार इस योजना के तहत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहयोग करेगी। राज्य सरकार यहां के दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। वर्तमान में गुमला के चार बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। पूरे राज्य में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय शुरू करने की योजना है। फिलहाल राज्य में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया है।

सीएम ने कहा कि पूर्व में जिला स्तर पर कौशल विकास के लिए संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों को प्रखंड स्तर पर शुरू किया गया है। बदलते समय और मांग के अनुरूप हुनरमंद होना जरूरी है। तकनीकी रूप से सशक्त होना होगा। ऐसा नहीं होने पर मानव की जगह मशीन ले लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में महिला एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी की मेजबानी झारखंड ने की। यहां के खिलाड़ियों को आपकी सरकार सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि सरकारी नियुक्ति में भी आगे लाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पात्र वंचित गरीबों के आवास को स्वीकृति नहीं दी। लेकिन आपकी सरकार राज्य के जरूरतमंद आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराएगी।

**अब तक गुमला ये हुआ काम**

- गुमला में 625 करोड़ रुपये की लागत से 800 किमी ग्रामीण सड़क एवं पथ निर्माण विभाग के तहत 300 करोड़ रुपये की लागत से 200 किमी सड़क का निर्माण हो रहा है।
- नौ सिंचाई योजना का कार्य 242 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। 25 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने का लक्ष्य।
- विभिन्न पेंशन योजना के तहत 92225 लाभुकों को स्वीकृति पत्र।
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 25, 332 किशोरियों को लाभ।
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत 3804 लाभुकों को स्वीकृति पत्र।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 1050 लाभुकों को स्वीकृति पत्र।
- सामुदायिक वन पट्टा के लिए 95.14 एकड़ भूमि।
- साईकिल वितरण योजना के तहत 500 साईकिल का वितरण समेत अन्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

## यूनिवर्सल पेंशन की तरह हम लाएंगे यूनिवर्सल फूड सिक्यूरिटी : वित्त मंत्री

**आरएनएम। रांची**

अपने चार साल के कार्यकाल में हेमंत सरकार का दूसरा अनुपूरक बजट मंगलवार को सदन से पास हो गया। भाजपा सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच 8,111 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन पास हुआ। आजसू, माले व अन्य निर्दलीय विधायकों ने इसका विरोध किया वहीं सत्ता पक्ष ने इसे जरूरी बताते हुए इसे सामान्य संवैधानिक प्रक्रिया बताया। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने अनुपूरक बजट पर कटौति प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस बीच सत्ता पक्ष एवं अन्य विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। सरकार की ओर से जवाब देते हुए वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार कर्ज लेने में नहीं बल्कि रेवन्यू बढ़ाने में विश्वास रखती है। हम कर्ज लेकर नहीं बल्कि रेवन्यू जेनरेट करके राज्य के लोगों का आंसू पोंछने और विकास का काम करना चाहते हैं। हमारी सरकार बहुत जल्द यूनिवर्सल पेंशन की तर्ज पर यूनिवर्सल फूड सिक्यूरिटी लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने जहां इतना कर्ज लिया कि राज्य कर्ज में ही डुब गया था, जबकि पिछले पांच साल राज्य में डबल इंजन की सरकार थी। हमारी सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार ने कई योजनाओं की राशि में कटौती की, सौतेला व्यवहार किया। इसके बावजूद हमारी सरकार ने गत वित्तीय वर्ष में केवल 1.25 प्रतिशत ही लोन लिया। यह हमारी हेमंत सरकार का बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भूखे को खाना और अर्धनग्न लोगों को तन ढंकने का काम किया। हमने पिछले वित्तीय वर्ष में 21 हजार करोड़ राजस्व कामिर्शियल टैक्सेज से अर्जित किया जबकि इस वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 24 हजार करोड़ करना है। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों से भी राजस्व संग्रहण में सुधार हो रहा है।



**दूसरे अनुपूरक बजट की आवश्यकता और कारण पर वित्त मंत्री ने सदन को दिया जवाब**

**कहा-हम कर्ज लेने में नहीं रेवन्यू बढ़ाने में रखते हैं विश्वास**

**भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति में सरकार को 8 हजार 111 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास**

## संसद सुरक्षा उल्लघंन जितना ही खतरनाक उसका समर्थन : पीएम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संसद में विरोध प्रदर्शन को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वे हालिया विधानसभा चुनाव में हार से बौखला गए हैं और हताशा में संसद को बाधित कर रहे हैं। संसद पुस्तकालय भवन में भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए, मोदी ने यह भी कहा कि संसद में विपक्ष का आचरण सुनिश्चित करेगा कि 2024 के चुनावों में उसकी संख्या कम होगी और भाजपा को संख्या में लाभ होगा। विधानसभा चुनाव में हार से विपक्ष बौखला गया है और हताशा में संसद को बाधित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन का लक्ष्य हमारी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन हमारी सरकार का लक्ष्य देश के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाना है।



संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को बताया कि अगर वह दिल्ली में हैं तो 2014 के बाद से उन्होंने एक भी (संसदीय पार्टी) बैठक नहीं छोड़ी है।

## लोस में राहुल-सोनिया समेत कांग्रेस के 9 सांसद बचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में लगातार निलंबन के बाद, इंडिया गठबंधन ने शीतकालीन सत्र की अवधि के लिए अपनी दो-तिहाई से अधिक ताकत खो दी है। पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित प्रमुख विपक्षी कांग्रेस के केवल नौ सांसद ही सदन में बचे हैं। मंगलवार को, कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 49 विपक्षी सांसदों को बचे हुए सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जिससे लोकसभा में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 95 हो गई। लोकसभा में इंडिया गठबंधन पार्टियों की ताकत 138 थी, जिनमें से 43 सांसद अब सदन में बचे हुए हैं।

**विपक्षी गठबंधन का विरोध प्रदर्शन जारी**

आम आदमी पार्टी के एकमात्र लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू को भी निलंबित कर दिया गया है। सुप्रिया सुले सहित शरद पवार गुट से संबंधित तीन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला समेत तीन में से दो सांसदों को निलंबित कर दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों में से किसी को भी निलंबित नहीं किया गया है।

**बसपा सांसद को भी किया निलंबित :** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सभी तीन सांसद, वीसीके और आरएसपी के अकेले सांसद, डिंपल यादव सहित समाजवादी पार्टी के तीन में से दो सांसद, सीपीआई (एम) के तीन में से दो सांसद और सीपीआई के दो में से एक सांसद को निलंबित कर दिया गया है। निचले सदन से निलंबित होने वाले सांसदों में दानिश अली भी शामिल हैं।



### लोगों को डराकर लोकतंत्र खत्म करना चाहती है भाजपा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सांसदों के निलंबन को लेकर सरकार को घेरा है। बहुत सारे सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा अध्यक्ष ने निलंबित किया है, देश के इतिहास में पहली बार इतने सांसदों को निलंबित किया गया है। लोगों को डराकर लोकतंत्र खत्म करना चाहते हैं।

### 'हमारी एक साधारण मांग थी'- अधीर रंजन चौधरी

92 विपक्षी सांसदों के निलंबन में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। उन्होंने इस मामले पर कहा, जब हम राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला उठाते हैं तो सत्तारूढ़ दल असुरक्षित महसूस करता है.हमारी एक साधारण मांग थी कि अमित शाह संसद में (सुरक्षा उल्लंघन मामले पर) बयान दें...।

### विपक्षी सांसदों के निलंबन की वर्तमान स्थिति अभूतपूर्व

संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन की वर्तमान स्थिति अभूतपूर्व है। अब तक कुल 95 लोकसभा सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है। इससे पहले गत गुरुवार को 13 सदस्यों को और सोमवार को 33 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। इस शीतकालीन सत्र के दौरान ही 141 सांसदों को निलंबन कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

## सोशल मीडिया से फैलता राजनीतिक स्वार्थ का जहर



सुनील बादल

***संसद*** पर हमले की बरसी पर जिस तरह पीले धुंएं के सहारे सोशल मीडिया पर राजनीतिक हवा बनाने की कोशिश हुई वह नई नहीं है। नब्बे के दशक में जब रंगीन टीवी और इसके सास बहू टाइप कार्यक्रमों के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जोरदार प्रवेश भारत में हो रहा था तो कई समाचार पत्रों में इसे सांस्कृतिक हमला बताया था क्योंकि तब इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रंगीन टीवी की चकाचौंध के बीच अपने उपभोक्ता उत्पादों के लिए बाजार बनाना था,जैसा इन्होंने यूरोपीय देशों में समाज की परंपरा के आगे सॉप ऑपेरा के माध्यम से एक नया बाजारवाद ही विकसित किया था और वही प्रयोग यहां भी होने वाला था ।बहुत से लोगों को लगा था कि टीवी चैनल जनता के मनोरंजन के लिए खुल रहे हैं पर यहां भी एक नए प्रकार का बाजारवाद और दिखावा भरे रहन-सहन की नींव रखी जा रही थी जो धीरे- धीरे गांवों तक पहुंच गई है । तब कुछ भारतीय लड़कियों को मिस वर्ल्ड और यूनिवर्स चुनी गईं और बाद में यह क्रम रुक गया। आज भारतीय परिवार भारतीय परंपराओं के इतर और बोल्ड कथानक या दृश्यों वाले धारावाहिक या फिल्मों का आदी ही चुका है।

जब सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति का एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है। आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता। किसी भी घटना को मोबाइल में कैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता ।अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फसाद हुए। हर हाथ में मोबाइल के इस नए युग में एक अनूठी बेलगाम गैर जिम्मेदार नए ढंग की पत्रकारिता में कोई संपादन नहीं होता और सबसे खतरनाक यह है कि इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे।

पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरों या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है। जाति, धर्म, राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेजी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है। इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो, वीडियो इंस्टा, फेसबुक, रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है।

इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं। इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट। झारखंड जैसा साफ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है। गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े, धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## प. सिंहभूम में दो आईईडी बरामद

**आरएनएम। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटातोरब और चिड़ियाबेड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान दो आईईडी बम बरामद किया गया है। बरामद आईईडी में 10 किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों के जरिये लगाये गये दो आईईडी बरामद किया गया है। दोनों आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सांगेन अगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर गत 10 अक्टूबर से पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है। नक्सलियों के खात्मे तक अभियान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि गत 18 दिसंबर को भी जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र से तीन आईईडी बम बरामद किए गए थे।



## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने बासुकीनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

**दुमका।** देवनगरी बासुकीनाथ धाम में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल ने पूजा-अर्चना की। मंदिर के गर्भगृह में विद्वान वैदिक पंडितों ने षोड्षोपचार विधि से पूजा-पाठ संपन्न कराया।मंदिर प्रांगण में आरती भी हुई। इसके बाद जस्टिस करोल का काफिला पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ निकल पड़ा। जस्टिस के आगमन को देखते हुए स्वच्छता एवं सुरक्षा का खास ख्याल रखा गया था। मंदिर की सुरक्षा चाक चौबंद रही। डीसी ए दोड्डे के नेतृत्व में जिला प्रशासन के साथ स्थानीय प्रशासन मुस्तैद रहा।

### हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का 21 को सभी जिलों में प्रदर्शन

रांची। प्रदेश भाजपा ने राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था और संवैधानिक संकट के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बताया कि 21 दिसंबर को पार्टी ने सभी जिलों में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन का निर्णय लिया है। प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि सभी जिलों में हजारों की संख्या में आम जनता और भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### प्रदीप वर्मा ने किया जरूरतमंद को खाद्य सामग्री की मदद

**सिल्ली।** विगत कुछ दिन पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कोटांगदाग निवासी सनातन मुंडा का आकस्मिक निधन हो गया था, परिवार का एकमात्र सदस्य था। ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा से संपर्क किये जाने पर उन्होनें श्राद्धभोज के लिए खाद्य सामग्री की मदद पहुँचाई।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, अरविंद साहू,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो और मंत्री लक्ष्मण महतो उपस्थित थे।

### सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए अब तक 334 थानों का चयन

# एक भी कैमरा नहीं लगाया गया



**नवीन मेन संवाददाता। खूंटी**
झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर थाना के प्रवेश और मुख्य द्वार सहित अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 606 थानों में से 334 थानों का चयन किया गया है, लेकिन अब तक एक भी कैमरा नहीं लगाया गया है। यह जानकारी खूंटी के भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुडा द्वारा विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के तहत पूछे गये सवाल के उत्तर में सरकार द्वारा दी गई। विधायक ने सदन से पूछा था कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी थानों के प्रवेश और निकास द्वार, मुख्य द्वार, लॉकअप, गलियारे, स्वागत कक्ष, लॉबी, बरामदे, आउट हाउस, इंस्पेक्टर कक्ष, दारोगा कक्ष, पुलिस स्टेशन परिसर के सामने, शौचालय के बाहर और ऑन ड्यूटी अधिकारी के कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया है? इसके उत्तर में बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए राज्य के 606 स्थान में 334 स्थान का चयन किया गया है लेकिन अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। सरकार द्वारा बताया गया कि 334 थानों के लिए 5258 सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना की स्वीकृति दी जा चुकी है। कार्य की जिम्मेदारी झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची को दी गई है। बताया गया झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियान्वयन के लिए एजेंसी के चयन की कार्रवाई की जा रही है।

### रातू फुटकलटोली में सम्मान समारोह का आयोजन

# मांडर अंजुमन कमेटी को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
अमन ग्रुप एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में फुटककटोली में नवनिर्वाचित मांडर प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमेटी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी सदर मौलाना नुरुल्लाह हबीब नदवी, सेकेट्री डॉ अफरोज आलम, खजांची मौलाना एनामुल्लाह नदवी,नायब सदर मासुक अंसारी,नायब सेकेट्री अमानत अंसारी तथा चुनाव का सफल संचालन में मुख्य योगदान देने वाले चुनाव संचालन समिति के इरशाद आलम व सईद अख्तर को बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार,रातु अंजुमन कमेटी व अमन ग्रुप के सदर अताउल्लाह अंसारी तथा ग्रुप के अन्य लोगो ने माला व बुके देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि मुसलमान आज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे हैं, जरूरत है आने वाले दिन में कौम के बीच में शिक्षा का अलख जगाने की, जब तक बच्चों के बीच में शिक्षा का अलख नहीं जागेगा तब हमारा विकास संभव नहीं है। अमन ग्रुप के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में फुटकलटोली के मोख्तार अंसारी व एनामुल अंसारी ने अमन ग्रुप की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन ग्रुप के संरक्षक शमीम बड़ेहार ने किया।

### अल्पसंख्यकों के हक और अधिकार को सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही सरकार : सईद अख्तर



**मांडर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखण्ड सरकार अल्पसंख्यकों के हक, अधिकार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है। आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अल्पसंख्यकों की पहचान बन गई है। उर्दू शिक्षिकों की बहाली, उर्दू विश्वविद्यालय निर्माण जैसे कई मुद्दों पर इस सरकार से अल्पसंख्यकों को उम्मीद थी, लेकिन सरकार के चार साल बीत जाने के बाद भी इस पर कोई बात नहीं हो रही रही है। आज सिर्फ अल्पसंख्यक वोट बैंक बन कर रह गई है। आज हमारे हक की बात रखने को कोई आगे नहीं आता। हमे अपने अधिकारों को जानना होगा। और लड़कर अपना हक लेना होगा।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत



**मांडर।** थाना क्षेत्र के मूरगु पुल के निकट सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों युवक डकरा के खूंटी टोली के रहने वाले थे। और वहीं से मोटरसाइकिल से रात करीब 8:30 बजे रांची के लिए निकला। इसी दौरान मुरगु के निकट डायवर्सन के निकट ही लगभग 20 फीट गड्ढे में गिर गया। दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सुबह जब इसकी जानकारी मांडर पुलिस को हुई तो दोनों के शव को लेकर पहले थाना पहुंची। उसके बाद उसकी पहचान डकरा निवासी विनीत तुरी एवं करण तुरी के रूप में हुई। विनीत तुरी (20) विनोद तुरी का पुत्र था जो रांची के आईटीआई का छात्र भी था। जबकि करण तुरी(21) स्वर्गीय कृष्णा तुरी का पुत्र था। करण तुरी चार बहनों में इकलौता भाई था । वह बाहर में कहीं काम करता था। इसकी सूचना जब स्वजनों को मिली तो जैसे उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। डकरा के खुंटीटोली में दो युवकों की दुर्घटना में आकस्मिक मौत की खबर सुनकर पूरा क्षेत्र में मातम छा गया । बाद में मांडर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए दोनों शव को रांची भेज दिया। अंतिम संस्कार देर शाम मानकी सफही नदी में कर दिया गया।

### दाहू यादव के घर पर सीबीआई की छापेमारी

**साहिबगंज।** साहिबगंज के मंडरो अंचल के सिमरिया मौजा (नींबू पहाड़) में हुए अवैध खनन मामले में सीबीआई की टीम एक बार फिर एक्शन में है। सीबीआई की टीम मंगलवार सुबह शोभनपुरभट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पर पहुंच कर जांच की। अवैध खनन मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के घर पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। सीबीआई की टीम मंगलवार पूर्वाह्न 11:15 बजे दाहू यादव के आवास पहुंची और उसके आवास के निकट बने बथान में पहुंचकर जांच की। साथ ही कई से पूछताछ भी की। पूरा मामला 1000 करोड़ के अवैध खनन व मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है। इस मामले की जांच के दौरान ईडी के गवाह विजय हांसदा बयान से मुकर गया था। विजय हांसदा का कहना था कि उस पर दबाव डालकर बयान लिया गया था।

# विशाखापत्तनम में बेड़ो के 74 साल के ज्ञान राम ने मैराथन में तीसरा स्थान पाया



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
अगर इरादे बुलंद हैं और संकल्प दृढ़ है तो कुछ भी मुमकिन नहीं। इसे साकार कर दिखाया है बेड़ो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव निवासी एक 74 वर्षीय बुजुर्ग सह सेवानिवृत्त शिक्षक ज्ञान राम सहगल ने। उन्होंने गत 17 दिसंबर को विशाखापत्तनम में आयोजित 10 किलोमीटर के मैराथन दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। जो आज युवा पीढ़ी व बुजुर्गों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। यह आयोजन 65 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के बीच किया गया था। जिसमें उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। वे गत तीस सितंबर 2012 को बेड़ो प्रखंड के बिल्टी गांव के एक सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। इन्हें देखकर और इनकी सफलता को जानकर भारतीय प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की एक कविता ... उम्र की ऐसी की तैसी सहसा मानसपटल छा जाती है। इस ढलती उम्र में उन्होंने जो एक अनोखा मिसाल प्रस्तुत किया है,वह प्रेरणादायक है। इस सफलता ने पूरे प्रखंडवासियों के साथ साथ युवा पीढ़ी को चौंकाने का काम किया है। लोग-बाग चटकारे लेकर कह रहे हैं कि सफलता हाथ की लकीर से नहीं अपितु समुचित प्रयास, नियमित अभ्यास,लगन, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से ही मिलती है।

### बेड़ो में जय गुरुदेव के सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**बेड़ो।** जय गुरुदेव आश्रम के सदस्यों ने तीन प्रखंडों में मंगलवार को मांडर,लापुंग व बेड़ो प्रखंड के 24 गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया ' इस दौरान सदस्यों ने जरियाडीह, कटर माली, टेंगरिया, नहरटोली, दरहाटांड़ ,सरनाटोली, पीपर टोली, मासू, मुड़ामू , गड़गांव बेड़ो, डूमरटोली, पुरियो, कठर टोली, विसाहा खटंगा, दजीर्जाड़ी, महुआजाड़ी, जोल्हाटोली नवा टोली, ददगो , बलांदु,चपा टोली, दरंदा, तेतरा,नदी टोली आदि गांवों में कंबल का वितरण किया। वहीं मौके पर बेड़ो संगत के सदस्य जन्मेजय महतो, प्रकाश, सोमरा बैजनाथ, सिंधु , जूबी, पूर्व मुखिया उर्मिला देवी, अनिमा, सोहरी, ननकी देवी, दिनेश, काशीनाथ, जलेश्वर प्रसाद, सुकरी व मंजू देवी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# एनके एरिया में आज निजी कंपनियों का काम बंद कराएगा रैविमोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रैयत विस्थापित मोर्चा आज सीसीएल एनके एरिया में निजी कंपनियों का काम बंद कराएगा। इसे लेकर मोर्चा की एक बैठक अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक में एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया में काम करने वाली निजी व आउटसोर्सिंग कंपनियो में रैयत विस्थापितो को रोजगार देने को लेकर सोमवार को महाप्रबंधक के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रही। इसलिए पूर्व घोषित आंदोलन के तहत 20 दिसंबर को एनके एरिया के निजी व आउटसोर्सिंग कंपनियां व ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का काम पूरी तरह ठप करा दिया जाएगा। मोर्चा द्वारा बंदी की पूरी तैयारी कर ली गई है। मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता काम बंद कराने सड़क पर उतरेंगे। बैठक में बिगनसिंह भोगता के अलावा रंथू उरांव, सलामत अंसारी, आजाद अंसारी, वीरू सिंह, तौहीद अंसारी, रवीन्द्र यादव, संतोष यादव आदि उपस्थित थे।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION NO.-1,**
**SIMDEGA-835223**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT,**
**JHARKHAND**
Email ID.- wwd1sim@gmail.com

I.T. No. :- 485 Simdega / Date :- 19/12/2023
**Short Term e- Procurement notice**
e-Tender Reference No.- WRD/WWD No.- 1 SIMDEGA /F, - 02/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Repair Work of Office Building, Residential Building and Boundary Wall Under Water Ways Division No. -1 Simdega. Dist.- Simdega. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 1,47,07,698.42 |
| 3. | Cost of Tender Document | Rs. 10,000.00 (Non-Refundable) (Online mode) |
| 4. | Earnest Money Deposit | Rs. 2,95,000.00 (Online mode) |
| 5. | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 6. | Date and Time of Publication of Tender on website | Date- 22.12.2023, Time- 1:00 PM. |
| 7. | Time of Bid Submission | From 22.12.2023 to 05.01.2024 (5:00PM.) |
| 8. | Last Date and Time for Online Submission of Bid cost and EMD | e-Procurement Portal (Jharkhandtenders.gov.in) 05.01.2024 Upto 5:00PM |
| 9. | Date of Opening Tender | Date - 06.01.2024, Time 3:00 PM. |
| 10. | Place of opening of Bids | e-Procurement cell, Chief Engineer, Water Resources department, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi. |
| 11. | Name and address of office inviting e-tender | Executive Engineer, Water Wa ys Division No. - 1, Simdega. Mobile No.- 8292591884 |
| 12. | Help Line No of e-Procurement cell | 0651-2481716 |


Note:- 1. Only e-tender will be accepted.
2. Further – Details can be seen on website http://jharkhand tenders. gov.in
3. Estimated Cost May vary.
4. Tender Fee and Earnest Money should be deposited through Online mode only as per WRD, Jharkhand letter no-907 dated-04.10.2023 and I.T. & e-Governance Dept. Jharkhand Letter no-120 dated-03.10.2023.

Executive Engineer
Water Ways Division No. – 1, Simdega.

PR.NO.313831 Water Resource(23-24):D

## रांची आसपास

# सरना एकेडमी के खेलकूद में चैंपियन रहा ग्रीन हाउस




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सरना एकेडमी कुसुम टोला के 9वां वार्षिक दो दिवसीय खेल दिवस समारोह का समापन कर दिया गया। इस समारोह में 31 गोल्ड, 40 सिल्वर व 43 ब्रोंज मेडल के साथ ग्रीन हाउस ओवर आल चैंपियन रहा। वहीं 30 गोल्ड, 35 सिल्वर व 30 ब्राउज के साथ येलो हाउस रनर अप रहा। खेल दिवस समारोह के दूसरे दिवस किंडर ग्रुप और सब जूनियर ग्रुप में 50 मीटर रेस, मेढक रेस, बतख रेस, जूनियर ग्रुप में 100 मीटर रेस, फ्लावर चाकलेट रेस, रोज पीकिंग रेस, थ्री लेग्ड रेस, हाई जंप, मगरमच्छ रेस, टनल रेस, मैथ रेस, सीनियर ग्रुप में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, थ्री लैग्ड रेस, लांग जंप, मैथ रेस, भाला फेंक व रिले रेस की प्रतियोगिता संपन्न हुई। विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह व उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता ने विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में शिक्षकगण रतन सिंह, सुरेंद्र चौहान, पवन सिंह, रोनित सिंह, बिलेंद्र उरांव, बलबीर यादव, विजेता टोप्पो, सुशाना मिंज, पूनम कुमारी के अलावा विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद थे।

# खलारी में धूमधाम से मनाया गया भगवान राम का विवाहोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी बाजारटांड़ में भगवान राम और माता सीता का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि खलारी बाजारटांड़ में स्व. जगदीश सिंह के आवास पर पिछले ढाई दशक से ज्यादा समय से विवाह पंचमी का आयोजन होता आ रहा है। प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी उनके परिवार के अलावा आसपास के लोग राम-जानकी विवाह में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे लोग ही आधे बाराती थे तो आधे शराती की भूमिका में थे। परिवार के लोग शराती की भूमिका में थे। वहीं आगंतुक बराती थे। सिद्धनाथ सिंह व उनकी पत्नी इंद्रावती देवी द्वारा विवाह का कर्मठ किया गया। पुजारी संतोष मिश्रा ने वैवाहिक कर्मठ कराया। जगदीश सिंह के पुत्र रमानाथ सिंह ने बताया कि उनके पिता जनकपुरी से उस विवाह मंडप की तस्वीर लाकर रखे हैं जहां राम-सीता का विवाह हुआ था। उस चित्र को सामने रखकर ही वैवाहिक कार्यक्रम किया जाता है। इस दौरान विवाह के सारे रस्म पूरे किए गए। महिलाएं भगवान राम को दूल्हा मानकर विवाह के पारंपरिक गीत गायी। सभी आगंतुकों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर भक्ति गीत व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। दूसरे दिन चौठारी का रस्म भी अदा किया गया। राम-जानकी विवाह में शामिल होने वालों में रमाकांत सिंह, दीनानाथ सिंह, रमानाथ सिंह, चित्तरंजन राय, धर्मेन्द्र सिंह, गिरिधर मिश्रा, मनोज गोयल, नागदेव सिंह, अरविंद सिंह, ओमप्रकाश राय, ज्वाला सिंह, सियाराम सिंह, रवीन्द्र गिरि, श्रीकांत सिंह, मनोज सिंह, बालमुकुंद सिंह, जानकी सिंह, अमित सिंह, गुड्डू सिंह, भोला सिंह, शशिकांत सिंह, शिवशक्ति सिंह, अरूण सिंह, सौरभ सिंह सहित अनेक महिला पुरूष थे।

### जामटोली पंचायत में जरुरतमंदों के बीच मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**बेड़ो।** बेडो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली अंतर्गत बोदा, भसनंदा और महरू गांव के ग्रामीणों में जरूरतमंदों के बीच इस कड़कड़ाती ठंड से राहत दिलाने को लेकर कंबल का वितरण किया गया। ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण स्थानीय मुखिया लक्ष्मी कोया और युवा नेता सुनील कच्छप के द्वारा किया गया। जहां मौके पर कंबल का वितरण करते हुए सुनील कच्छप ने कहा तापमान में हो रही लगातार गिरावट के बाद कनकनी ठंड बढ़ गई है, इसलिए गांव के बुजुर्ग ठंड से बचे। इधर कंबल के मिल जाने से ग्रामीणों के चेहरा खुशी से खिल उठे। वहीं मुखिया लक्ष्मी कोया ने गांव के हर जरूरतमंद लोगों के बीच सरकार के विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मौके पर वार्ड सदस्य प्रिती उराईन, समाजसेवी महाकाल लोहरा, सर्वर खान, साविर खान, लिला मूंड़ा और ग्रामीण मौजूद थे

### मरीजों के बीच किया गया फल का वितरण



**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नलिनी रमन राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंची जहां अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं उनके बीच में फल का वितरण भी किया।बता दें कि नलिनी रमण तमिलनाडु की रहने वाली हैं अभी संगठन के निर्देश पर तीन दिन के झारखंड प्रवास पर हैं। प्रवास के क्रम में प्रथम दिन सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के कोटांगदाग एवं बुरूडीह गांव में जाकर स्थानीय लोग, महिला समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा किया। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### गूंज महोत्सव का दूसरा दिन: किसानों व कृषि सखियों को किया गया सम्मानित

# कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव की जरूरत : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता।ब सिल्ली/ रांची**
गूंज महोत्सव का दूसरा दिन किसानों को समर्पित रहा। महोत्सव में विधान सभा क्षेत्र के उत्कृष्ट किसानों को गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो ने सम्मानित किया। इनमें प्रखंड के 75 उत्कृष्ट किसान सम्मानित किए गए। महोत्सव के दौरान 22 किसानों के बीच 18 लाख 26 हजार रुपए का केसीसी वितरण भी किया। कृषि के क्षेत्र में एक अहम कदम उठाते हुए सिल्ली प्रखंड के झाबरी गांव को उन्नत कृषि विकास के लिए विभाग ने गोद लिया है। जबकि प्रखंड के 25 किसानों को राज्य के बाहर कृषि उन्नति की जानकारी लेने के लिए परिभ्रमण के लिए चयनित किया गया। किसान महोत्सव के मौके पर परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग गांवों से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक प्रदीप सरकार ने किसानों को जैविक खेती से बेहतर उत्पादन करने के तरीके बताए। स्थानीय प्रगतिशील किसान उमेश कोइरी ने भी जैविक खेती पर अपने अनुभव से किसानो को उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी। इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में क्रांति और बदलाव की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर झारखंड बनाने के लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रेरित करना और जोड़ना होगा। इसके साथ उनके लिए बाजार भी उपलब्ध कराना होगा। राज्य में उचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के चलते किसान चाह कर भी अपनी आमदनी नहीं बढ़ा पा रहे हैं। किसान जिन्होंने अपनी खेत छोड़ दिया है उन्हें वापस खेती की ओर लाना होगा। महोत्सव में प्रखंड के 45 पशु सखियों और 55 कृषक सखियों को सम्मानित किया गया। इन पशुसाखियों ने बकरी, मुर्गी पालन में तथा कृषि सखियों को जैविक खाद, सब्जी नर्सरी लगाने में सराहनीय योगदान दिया है।

### कार ने तीन किशोर सहित व एक दिव्यांग बुजुर्ग को रौंदा, सभी रिम्स रेफर

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी पेट्रोल पंप के समीप में मंगलवार को लगभग पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े तीन किशोर सहित व एक दिव्यांग बुजुर्ग को रौंद दिया। घायलों में 9 वर्षीय दिलशाद अंसारी पिता मुखसाद अंसारी, 10 वर्षीय छोटू अंसारी उर्फ शाहिद पिता मकसूद अंसारी, 14 वर्षीय शाहिद अंसारी पिता शमीम अंसारी करांजी गांव निवासी और 55 वर्षीय दिव्यांग बिग्गा तिर्की कुदारखो गांव निवासी के रूप में हुई। जिन्हें ग्रामीणों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सुमन ने प्राथमिक उपचार करते हुए सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार रांची की ओर से लोहरदगा की ओर तेज रफ्तार में जा रहें कार ने सड़क किनारे धूप ताप रहे किशोर व दिव्यांग को रौंद दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा संख्या:- 13/2023-24/RWD/RAMGARH दिनांक :- 18.12.2023
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा DMFT मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड/ पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RAMGARH/13/2023-24/ DMFT | पतरातू/ पतरातू | मुंदिका सिंह के घर से दिपक विद के घर तक ईंट सोलिंग एवं पी0सी0सी0 पथ तथा नाली स्लैंप निर्माण। (980 मी0) | 2137100.00 | 30.06.2024 |
| 2 | | पतरातू/ सौन्दा बस्ती | पंचायत सचिवालय से मुख्य पथ तक एवं पंचायत सचिवालय से मानय के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। (930 मी0) | 6084600.00 | 30.06.2024 |
| 3 | | पतरातू/ कोतो | प्तरातू प्रखाण्ड अन्तर्गत पंचायत कोतो के परसाबेड़ा में (मुखिया बोध) मुख्य बांध के पास पुलिया निर्माण। | 996200.00 | 30.06.2024 |
| 4 | | पतरातू/ कोतो | पतरातू प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कोतो के डाड़ीडीह में पहाड़ वाले रास्ता में पुलिया निर्माण। | 565800.00 | 30.06.2024 |
| 5 | | पतरातू/ पतरातू | ग्राम पंचायत पतरातू मेन रोड शहीद भगत सिंह चौक से दक्षिण नागेश्वर मुण्डा आवास प्रस्तावित रेलवे लाईन से नलकारी नदी तक 10 फिट गहरा नाला, स्लैप सहीत निर्माण। (450 मी0) | 13413541.00 | 30.06.2024 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 22.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 04.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 06.01.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR313772 (Rural Work Department)23-24*D

### आज का पंचाग

20.12.2023
बुधवार 2023 को मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। इस तिथि पर पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र और सिद्धि योग का संयोग रहेगा। दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त 11:58 से 12:39 मिनट तक रहेगा।

## एक नजर

### रांची में निर्माणाधीन पुल से नीचे गिरे बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रांची।** रांची-डालटनगंज मार्ग पर मांडर इलाके में एक निमार्णाधीन पुल से नीचे गिरे एक बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार की सुबह हुआ। मृत दोनों युवक रांची जिले के डकरा के रहने वाले थे। बताया गया कि बाइक सवार मलटूटी नामक जगह पर निमार्णाधीन पुल से गुजर रहे थे। कुहासे की वजह से उन्हें सही रास्ते का अनुमान नहीं लग पाया और वे बाइक समेत पुल के नीचे गड्ढे में जा गिरे। सुबह कुछ लोगों ने दोनों के शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रांची-डालटनगंज मार्ग पर पुल का निर्माण हो रहा है, लेकिन वैकल्पिक रास्ता नहीं बनाया गया है। इस वजह से अक्सर हादसे हो रहे हैं।

### रांची नगर निगम के दो वार्डों में 82 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 41 और वार्ड नंबर 42 में कुल 82 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 180 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आकर ले सकते हैं।

### राज्य की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाए : बाबूलाल

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। बैठक में राज्य के विभिन्न जिला मंडलों से आए प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कलाकार शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा सिर्फ भाजपा ही है जो प्रकोष्ठ एवं हर तरह से कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करती है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से गांव गांव में झारखंड की समृद्ध संस्कृति के बारे में जनता को जागरूक करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रकोष्ठ को छोटा नहीं समझना है इसकी जिम्मेदारी बड़ी है।

# शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व बच्चों में आत्मविश्वास पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य शिक्षा परियोजना परिषद एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। डव समर्थित 'जीवन कौशल, अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं बच्चों में आत्मविश्वास' विषय पर आधारित इस राज्यस्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन आज सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर अनुभव साझा किये। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालयों की बच्चियों द्वारा लिंग भेद, जीवन कौशल समेत अन्य विषयों पर नाटक पेश किया गया। बच्चियों ने अपने प्रस्तुतियों में बताया कि पितृ सत्तात्मक समाज में अपने आत्म-सम्मान के साथ-साथ एक सकारात्मक शारीरिक आत्मविश्वास का निर्माण कैसे किया जाए। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने शारीरिक बनावट से संबंधित रूढ़िवादिता को चुनौती देने और किशोरों को सक्षम बनाने के लिए इस तरह की कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर जोर दिया। साथ ही यूनिसेफ और राज्य शिक्षा परियोजना का आभार भी व्यक्त किया। कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी कनीनिका मित्रा, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी लक्ष्मी रंजन, यूनिसेफ की एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार, यूनिसेफ के पदाधिकारी संजीव कुमार, पल्लवी आदि पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

# शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन शुरू किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। अमित कुमार मंगलवार को होटल रेडिशन ब्लू में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर आयोजित स्टेकहोल्डर्स बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकांश नगर निकायों में या तो सिवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित पीएसयू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि हमारी सरकार हर शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है और इसलिए हम सभी को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दे रहे हैं लेकिन यह कार्य नगर निकायों की आंशिक जिम्मेदारी है और केवल इतना करने से हमारी जिम्मेदारियां पूरी नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों को सशक्त बनाना है और इसके लिए री यूज प्रणाली को अपनी जीवनशैली में अपनाना पड़ेगा।

## कोर्ट की खबरें

### 84 सिख दंगा मामले में हाईकोर्ट में सरकार का बयान, जल्द देंगे मुआवजा

**रांची।** वर्ष 1984 के सिख दंगे के प्रभावितों को मुआवजे और इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग के लिए दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव और डीजीपी वर्चुअल मोड में उपस्थित हुए। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से मुआवजे के भुगतान पर राज्य सरकार की ओर से उठाए गए कदम के बारे में पूछा। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पूरे राज्य में करीब 600 केस दर्ज किए गए थे, इनमें से कई केस में फाइनल फॉर्म दाखिल हो गए हैं। जो केस बचे हैं उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सिख दंगों के पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करें। प्रार्थी के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर करने वाले सतनाम सिंह गंभीर को सुरक्षा दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया, जिस पर कोर्ट ने उन्हें सुरक्षा के संबंध में जमशेदपुर एसएसपी के पास आवेदन देने को कहा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में इस मामले में अपडेटेड रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा, जबकि हस्तक्षेप कर्ता की ओर से फैसल अल्लाम ने पैरवी की। कोर्ट को बताया गया कि सिख दंगा के कई पीड़ित बीमार हैं।

### झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 24 जनवरी तक विस्तार दिया है। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। अब अदालत इस मामले में 24 जनवरी को सुनवाई करेगा। सांसद ने सचिवालय घेराव को लेकर धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की है।

### वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात के दरम्यान प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27% आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की जमीन लूट पर रोक, भदानीनगर थाना प्रभारी धनंजय प्रसाद पर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए। महामहिम राज्यपाल श्री राधाकृष्णन ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि उनकी ओर से सभी मामलों पर यथाशीघ्र सकारात्मक पहल की जायेगी। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी एवं कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहु शामिल थे।

# राज्य में पर्यटकों के लिए टूरिज्म डेवलपमेंट का कार्य तेज हो : चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखण्ड की आकर्षक टूरिज्म नीति के तहत राज्य में टूरिज्म डेवलपमेंट का कार्य तेजी से हो, इसपर झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा निजी कंपनियों को सहभागी बनाये जाने की बात कही गई। चैंबर भवन में संपन्न हुई बैठक में कहा गया कि हमारे राज्य की खूबसूरती ही है कि प्रदेश में प्रवासी पक्षियों का आवागमन होता है। नेतरहाट और अन्य स्थलों पर बर्ड सेंचुरी डेवलप किया जाना चाहिए। यह भी कहा गया कि जोन्हा समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर सरकार ने गेस्ट हाउस बनाया है, अन्य स्थलों पर भी प्राइवेट इटरप्रिन्योर के लिए विंडो खोलना चाहिए ताकि स्थानीय उद्यमी भी टूरिज्म डेवलपमेंट में अपना योगदान दे सकें। नेतरहाट जिसे क्वीन ऑफ छोटानागपुर भी कहा जाता है वह अन्टच्ड एरिया है। जबकि नेतरहाट एक ऐसी ब्यूटी है जिसे लोग दूर दूर से देखने आते हैं। इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग को योजना बनाकर प्राइवेट एंटरप्रिन्योर को सहभागी बनाने की पहल होनी चाहिए ताकि अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में यह क्षेत्र शामिल हो सके। महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि सारंडा फॉरेस्ट में प्राइवेट एन्टरप्रिन्योर के लिए विंडो खोला जाना चाहिए ताकि वहां होटल, रिसॉर्ट बन सकें। खामोशी में डूबे इस जंगल में हरियाली और खूबसूरती का बेजोड मेल देखने को मिलता है, यहां कई फॉल्स हैं जहां सैलानियों के ठहरने की उपयुक्त व्यवस्था होने से सरकार के राजस्व में वृद्धि के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन संभव है। सह सचिव अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि पारसनाथ और ईटखोरी क्षेत्र में टेम्पल टूरिज्म को बढावा देने की पहल होनी चाहिए। चतरा में प्रत्येक वर्ष मनाये जानेवाले ईटखोरी महोत्सव को और वृहद् रूप देना चाहिए ताकि देश-विदेश के सैलानी आकर्षित हो सकें। चर्चाओं के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के टूरिज्म डेवलपमेंट के मुद्दे पर झारखण्ड चैंबर द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों से मिलकर वार्ता की जायेगी। आज की बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल और सदस्य संतोष अग्रवाल उपस्थित थे।

**झारखंड में पर्यटों के लिए कई ऐसे स्थान हैं**

==========

**पर्यटक यहां की वादियों का लुत्फ उठा सकते हैं**

===========

**झरने, पहाड़ व पाठारियों यहां की खूबसूरती**

### मडुआ का लड्डू खाकर खुश हुए कश्मीरी युवा

**रांची।** कश्मीर से आये छह जिले से 122 युवाओं ने झारखंड में राजभवन का भ्रमण किया एवम महामहिम से सभी ने मुलाकात की, विधानसभा अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की,खेल मंत्री से सौजन्य मुलाकात की, एवं जे एस सी ए स्टेडियम ,फुटबॉल स्टेडियम, पतरातू रिसॉर्ट व डैम कक भ्रमण किया। राँची विश्वविद्यालय के टी आर एल विभाग में झारखंड के वीरो पर आधारित नाट्य मच व झारखंड की नृत्य को भी देखा एवम अन्य अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला साथ ही कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी किया। यह कार्यक्रम का समापन सत्र वाई बी एन विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ था। जिसमे मुख्य अतिथि झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो(डॉ) टी एन साहू, विशिष्ट अतिथि वाई बी एन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव,राज्य निदेशक हनी सिन्हा,एन एस एस राज्य पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल , एन वाई के गौरव चुघ एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

एनआईए जांच में हुआ खुलासा

# भाकपा माओवादी संगठन को मजबूत करने में जुटा था विजय आर्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य विजय आर्य संगठन को मजबूत करने में जुटा था। वह भाकपा माओवादी संगठन के पूर्व कैडर को भी जोड़ रहा था। यह खुलासा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में हुआ है। एनआईए ने रांची की विशेष अदालत के समक्ष दो नक्सलियों विजय कुमार आर्य और आनंद पासवान के खिलाफ मंगलवार को दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। जांच से पता चला है कि विजय कुमार आर्य भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य था जबकि आनंद पासवान प्रतिबंधित संगठन का एक प्रमुख समर्थक और पूर्व कैडर था। विजय को पूर्व कैडरों को प्रेरित करने में शामिल पाया गया था। विजय संगठन के कार्यकताओं और झारखंड-बिहार में माओवादी के मगध क्षेत्र के अन्य हितधारकों के बीच एक माध्यम के रूप में भी काम कर रहा था। आनंदी पासवान बीते 23 जून को गिरफ्तार हुआ था जबकि विजय कुमार आर्य को बिहार पुलिस ने रोहतास थाना क्षेत्र से 14 अप्रैल, 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह पटना के बेउर जेल में बंद था। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग पुलिस ने 20 अगस्त, 2021 को प्रद्युम्न शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 30 दिसंबर, 2021 को एनआईए की रांची ब्रांच ने इस केस को टेकओवर कर लिया था।

### नई नियमावली के अनुसार ही होगी पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति : आलमगीर

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के तहत पुलिस विभाग में पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के मामले में नयी नियमावली के अनुरूप ही पदोन्नति दी जायेगी। आज विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा पूछे गये अल्प सूचित प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री आलम ने कहा कि सरकार इस बात को सुनिश्चित करेगी कि पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के मामले में किसी भी दृष्टिकोण से पुरानी नियमावली के तहत कार्य नहीं हो। श्रीमती तिर्की ने आरोप लगाया कि झारखण्ड के पुलिस महानिदेशक के कार्यालय द्वारा 41 पुलिस अवर निरीक्षकों से पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति के लिये 27 नवम्बर 2023 तक मनोनयन की मांग की गयी थी और वह पुरानी नियमावली के अनुसार है जबकि विभाग की तरफ से पुलिस महानिदेशक को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पदोन्नति के मामले में नयी नियमावली का पालन किया जाये।

# छह सूत्री मांगों को ले चौकीदारों का धरना 27वें दिन भी जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य दफादार -चौकीदार पंचायत द्वारा चौकीदारों की 6 सूत्री मांगों को ले राजभवन के पास रांची में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का 27वें दिन और क्रमबद्ध अनशन का 14 वां दिन दिन जारी है। क्रमबद्ध अनशन 6 दिसंबर को 10:20 राज्य अध्यक्ष कृष्णदयाल सिंह द्वारा क्रमबद्ध अनशन शुरू किया गया था। मंगलवार को 24 घंटा होने के बाद 10:20 बजे दिलीप उरांव को सगीर अंसारी झारखंड कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष धरना स्थल पर आए चौकीदार वफादार पंचायत के मांगों का समर्थन किया और सरकार से बात करने की बात कही, वहीं 24 घंटा होने पर दिलीप उरांव को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया और 24 घंटे के लिए अनशन पर सद्दाम अंसारी गिरिडीह जिला के देवरी थाना के आश्रित चौकीदार बैठ गए, जिसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने की। अपनी 6 सूत्री मांगों में सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने के लिए सभी उपायुक्तों को आदेश देना और सेवा विमुक्त और सेवानिवृत्ति चौकीदारों के रिक्त पदों पर निकाला गया। विज्ञापन रद्द करने और विज्ञापन निकालने पर रोक लगाने 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार-दफदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने का आदेश सभी ऊपायुक्तों को देना, चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालकर नियुक्ति करने पर रोक लगाना, झारखंड चौकीदार स्वर्ग नियमावली 2015 के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर बीट सृजित करना, वर्दी भत्ता प्रति वर्ष 10000 देना चौकीदार दफादार को भी 13 माह का वेतन देना स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति का लाभ देना 31/ 12/ 1989 को सेवानिवृत्ति चौकीदार दफादार के आश्रित की नियुक्ति झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित संकल्प के आलोक में करना, अनुकंपा के आधार पर आश्रितों में पोता नाती को जोड़ना और बाल पुलिस की तरह ही बाल चौकीदार की नियुक्ति करना प्रमुख है।

# मारवाड़ी स्कूल की छात्राओं को मिली मतदान की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी कन्या उच्च विद्यालय, रांची में मंगलवार को स्कूल की युवा छात्राओं के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ स्कूल की 11वीं एवं 12वीं कक्षा की छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य रूप युवाओं को लोकतंत्र में उनकी पूर्ण रूप से भागिदारी हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर हेल्पलाइन नंबर एवं वोटर कार्ड बनाने हेतु पंजीकरण, सुधर सहित अन्य जरूरी जानकारी साझा की गई। छात्राओं ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में मतदान से जुड़ी सारी जानकारियों को कहानी के रूप में लिख कर व्यक्त किया। बच्चों पढ़ाई के साथ-साथ आगे की भी जाकारी देनी जरूरी है। मतदान के प्रति जागरूक करना हम सभी का दायित्व है, ताकि आग चलकर बच्चे इस अपना सकें। कार्यक्रम के अंत में सबसे सुन्दर प्रस्तुत किए गए कहानी को विजय घोषित करते हुए पुरुस्कार दिया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक में डा.वंदना ने कहा

# जनभागीदारी की भावना सुनिश्चित करना उद्देश्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मंगलवार को एस.एस.मेमोरियल महाविद्यालय रांची में विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 को लेकर एक बैठक प्रभारी प्राचार्या डॉ.वंदना राय द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ.वंदना द्वारा प्राध्यापकों को बताया गया की पूरे भारत में, एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिसकी शुरूवात झारखंड राज्य के शहीद बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु खूंटी में किया गया। यह संकल्प यात्रा 2047,सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है। यह योजना संपूर्ण भारत में चलेगा जिससे विश्व पटल पर हमारा देश अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए जनभागीदारी की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। इस संबंध में प्राचार्या द्वारा बताया गया की सभी बच्चे अपना विचार 30 दिसंबर 2023 तक इस योजना हेतु अपना विचार एप के माध्यम से भेजना है। यह भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहल है। यह पहल 25 जनवरी, 2024 तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करेगी। केवल एक महीने की छोटी सी अवधि में, यह यात्रा देश की 68,000 ग्राम पंचायतों (जीपी) में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है। इसके अलावा, लगभग 2 करोड़ व्यक्तियों ने विकसित भारत संकल्प भी लिया है और केंद्र सरकार की योजनाओं के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए हैं। इस अवसर पर हिंदी भाषा के विभागाध्यक्ष डॉ.समर सिंह द्वारा बताया गया की विकसित भारत संकल्प यात्रा न केवल एक भरोसा है, बल्कि वास्तविक सुधारों से भरी एक यात्रा है। यहां कुछ उपलब्धियों को दशार्या गया है जो प्रगति की अहम तस्वीर प्रस्तुत करती है।

### अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में विवेकानंद विद्या मंदिर की टीम बनी विजेता

**रांची।** मंगलवार को विकास विद्यालय में आयोजित पांचवें श्री मोहनलाल जी नोपानी अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन फाइनल मैच का आयोजन हुआ। फाइनल मैच सरला बिरला पब्लिक स्कूल एवं विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा के बीच खेला गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी सरला बिरला पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 191 रन ही बना पाई। जवाब में उतरी विवेकानंद विद्या मंदिर की टीम 16.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त किया। विवेकानंद विद्या मंदिर के तरफ से हर्ष स्वासी ने नाबाद 104 (45) रन की पारी खेली। मैच के उपरांत बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बांलर एवंम प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा की गई। बेस्ट बॉलर का खिताब सरला बिरला पब्लिक स्कूल के अदुतीय राज को दिया गया।

मौलाना आजाद कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा से ज्यादा प्रशिक्षण की जरूरत है : मौलाना सईद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की राजधानी रांची के ऐतिहासिक कॉलेज में मंगलवार को इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर सह राब्ता फाउंडेशन पुणे के अध्यक्ष सईद अहमद मौलाना आजाद कॉलेज अपर बाजार, रांची ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा से ज्यादा प्रशिक्षण (तरबियत) की जरूरत है, अच्छे शब्द जिंदगी बदल देते हैं। विद्यार्थियों में शिक्षा की प्यास होनी चाहिए, शिक्षा की भूख बढ़नी चाहिए। मैं क्या हूं, कैसा हूं, ये भीड़ को बताना होगा। दिमाग उन चीजों को कभी नहीं भूलता जिनको वो समझता है। इसलिए समझकर पढ़ना जरूरी है। यदि आप जीवन में एक अच्छा वक्ता बनना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको एक अच्छा श्रोता बनना होगा। कोई अपनी चीज को नुकसान नहीं पहुंचाता। यह समाज आपका है, यह देश आपका है। आप इस समाज और देश को कितना फायदा पहुंचाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम हारना नहीं चाहते, इसलिए जीतते नहीं। हार आपको मजबूत बनाता है। परीक्षा में असफल होना बुरा नहीं है, निराश होना बुरा है। प्रकाश फैलाने के लिए जलने की आवश्यकता होती है।

# भाजपा विधायकों का सदन के बाहर धरना

## कहा जनता और जनहित की आवाज को दबाने के लिए निलंबन की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही हंगामेदार रही। भाजपा के विधायक सदन के अंदर कार्यस्थगन के द्वारा राज्य में वर्तमान सरकार के द्वारा हुई नियुक्ति पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। अपनी मांगों को लेकर भाजपा विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। सदन में हंगामा बंद करने चेतावनी के बाद भी जब भाजपा के विधायक नहीं माने तो मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, भानू प्रताप शाही और जेपी पटेल को इस सत्र के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित कर दिया। इसके विरोध में भाजपा के सभी विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर निकल गये। इसके बाद भाजपा के सभी विधायक अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष धरना पर बैठ गये। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायकों ने कहा की भानू प्रताप शाही, अनंत ओझा और बिरंची नारायण के कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग की जा रही थी। इसके जरिए राज्य के पारा शिक्षक या संविदा पर कार्यरत कर्मियों के बारे में सदन में सरकार से जवाब मांगे जाने थे। जेपीएससी और जेएसएससी के जरिए जो इस सरकार ने अपने कार्यकाल में नियुक्तियां की है उसके बारे में जवाब मांगी जा रही थी। लेकिन यह सरकार इस पर जवाब देने के बजाय भाजपा विधायकों को निष्कासित किया है।



### सरकार के इशारे पर हुआ निलंबन : अमर बाउरी



भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि किसी भी मुद्दे पर सरकार की ओर से जवाब नहीं दी जा रही है। सदन में जब भाजपा के लोग जनता की आवाज उठा रहे है तो उन्हें निलंबित कर दिया गया। यह सरकार के इशारे पर स्पीकर का अपरिपक्व निर्णय है।

### हमलोग सरकार से जवाब मांगते रहेंगे : अनंत ओझा



भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में हम जनप्रतिनिधि सरकार से जवाब मांगतें है। तो हमें चुप कराने और जनता की आवाज दबाने के लिए निलंबन जैसी कार्रवाई की जा रही है। इससे हमलोग डरने वाले नहीं है। आगे भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

### जनहित की आवाज उठाने पर निलंबन गलत : डॉ कुशवाहा



डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता से जुड़ें मामलों को सदन में उठाना हमारी जिम्मेवारी है। यदि जनता की आवाज उठाने पर भाजपा के विधायकों को निलंबित किया जाता है। इसका मतलब सरकार जनता की आवाज को सूनना नहीं चाहती है।

### युवाओं की आवाज उठाने की मिली सजा : भानू



भानू प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के युवाओं को छलने का काम कर रही है। रोजगार देने का वायदा कर सत्ता में आयी हेमंत सरकार के शासनकाल में युवा नौकरी के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहे है। युवाओं को नौकरी नहीं देना है इसलिए बार बार प्रतियोगी परीक्षाएं स्थगित की जा रही है। युवाओं की आवाज उठाने के कारण मुझे निलंबित किया गया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, लेकिन मैं आगे भी आवाज उठाता रहूंगा।

## स्पीकर ने विरंची-भानू से कहा आप हंगामा करते हैं

**दोनों को निलंबित किया जाता है, मार्शल को दिया आदेश इन्हें बाहर करें**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी प्रश्नकाल की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल में सदस्यों को अपनी बात रखने की अनुमति दी। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अपनी बात रखनी शुरू की, जिस पर विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार शोरगुल किया जाने लगा। प्रश्नकाल शुरू होते ही सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायक वेल में आ गए। ये सरकार निकम्मी है, हेमंत सरकार हाय-हाय के नारे लगाने लगे। इस पर स्पीकर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। नाराजगी भरे लहजे में विपक्षी सदस्यों से कहा कि जिस तरह का रुख अपनाया जा रहा है। उससे लगता है कि प्रश्न काल को हंगामा काल घोषित कर देना चाहिए। इसके बाद भी विपक्ष के विधायकों का हंगामा बंद नहीं हुआ तब सुबह 11:35 बजे स्पीकर ने सदन की कार्रवाई 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई तो स्पीकर ने प्रश्नकाल के तहत सदस्यों को अपने सवाल रखने को कहा। सत्ता पक्ष की सदस्य शिल्पी नेहा तिर्की ने महिलाओं से संबंधित सवाल रख रही थी। उसी समय भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण, भाजपा विधायक भापू प्रताप शाही और जय प्रकाश भाई पटेल शोर करते हुए वेल पर आ गये। इससे स्पीकर नाराज हो गये। उन्होंने कहा कि सोमवार से आपलोग सदन की कार्यवाही में व्यवधान डाल रहे है। बार बार कहने पर भी आपलोग बात नहीं मान रहे है। स्पीकर ने विरंची नारायण और भानू प्रताप शाही को निलंबित करते हुए मार्शल को दोनों विधायकों को बाहर करने का आदेश दिया। वहीं जय प्रकाश भाई पटेल को बाहर जाने का निर्देश दिया।



### भाजपा ने किया सदन का वॉकआउट

इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि स्पीकर जनता की आवाज सदन में नहीं उठाने दे रहे है। जनता और जनहित की आवाज उठाने वाले विधायकों को निलंबित कर रहे है। सदन में सरकार से पारा शिक्षकों, संविदा पर कार्य कर रहे कर्मियों और अन्य के विषय जब लाए जा रहे तो सरकार जवाब ही नहीं दे रही। ऐसे में सदन की कार्यवाही में भाग लेना व्यर्थ है। इसलिए भाजपा के विधायक सदन की कार्यवाही का वहिष्कार करते है। इसके बाद भाजपा के सभी विधायक सदन से बाहर चले गये।

### मार्शल ने दोनों को उठाकर सदन से किया बाहर

स्पीकर के द्वारा निलंबित करने और बाहर जाने का आदेश के बावजूद विधायक वेल में हंगामा करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने मार्शल को बुलाकर दोनों को सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। फिर मार्शल ने पहले भानू प्रताप और फिर विरंची नारायण को उठाकर सदन से बाहर ले गये।

## आंदोलन कर रहे लोगों की इस स्थिति के लिए भाजपा जिम्मेवार : मिथिलेश ठाकुर



**पंचायत** सचिवालय स्वयसेवकों, दफादार-चौकीदार और पारा शिक्षक की मांगों को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के द्वारा उठाने पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आज आंदोलन कर रहे लोगों की इस स्थिति के लिए भाजपा जिम्मेवार है। भाजपा के शासनकाल में ही इन लोगों की नियुक्ति हुई थी। पिछ्ली भाजपा की सरकार ने इन लोगों के साथ न्याय नहीं किया। आज आंदोलन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयसेवकों, दफादार-चौकीदार और पारा शिक्षकों के बीच जाकर घड़ियाली आंसू बहा रहे है। लेकिन राज्य की जनता को सब मालूम है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि विपक्ष के लोग साजिश के तहत सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं। जब इनके नेता प्रतिपक्ष को कुछ कहना होता है तो ये सभी लोग अपनी सीट पर बैठ जाते हैं और शांत रहते है। जब सत्ता पक्ष के लोग अपनी बात रखते है, तब विपक्ष के लोग सदन में हंगामा करते है। विपक्ष के लोग राज्य की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के सांसदों पर जिस तरह की कार्रवाई की गयी है, वैसी ही कार्रवाई सदन में हंगामा करने वाले विधायकों पर होनी चाहिए।

## कामकाजी महिलाओं को दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिए जाए : अंबा

**शून्यकाल में कई विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं उठाई**



**विधानसभा** के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को शून्यकाल के माध्यम से विधायकों ने अपनी मांगें रखी। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने केंद्र और दूसरे राज्यों की तरह झारखंड में भी कामकाजी महिलाओं (विशेषकर सरकारी विभागों में) के लिए दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिए जाने की मांग की। मंगल कालिंदी ने हो भाषा की पढ़ाई स्कूल से महाविद्यालयों तक सुनिश्चित करने की मांग रखी। दीपिका पांडेय सिंह ने महगामा में बार एसोसिएशन का भवन बनाये जाने की मांग सरकार से की। भूषण बाड़ा ने सिमडेगा जिले में खड़िया भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति की मांग रखी। इरफान अंसारी ने जामताड़ा के जयपालपुर में सात वर्षों से बंद पड़ी लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम को चालू करने की मांग की। कहा कि इस सिस्टम के चालू हो जाने से करीब 12 हजार किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा उनका कृषि उपज बढ़ेगा। सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाये जाने के प्रस्ताव के प्रारूप को सदन की पटल में रखने की मांग की। समीर मोहंती ने बहरागोड़ा में 108 एंबुलेंस की खास्ता हाल सेवा का मामला उठाया और इस पर सुधार करने की मांग की। शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में शिक्षक और पुलिस की रिक्त पदों पर शीध्र बहाली करने की मांग की। विधायक सुनीता चौधरी ने सहिया, दीदी सहित सभी संविदा कर्मियों की सेवा नियमित और इपीएफ व इएसआई की सुविधा से जोड़ने की मांग की। लंबोदर महतो ने संविदा कर्मियों की सेवा नियमित करने की मांग की।

## जल्द हो राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति : पूर्णिमा सिंह



**शून्यकाल** के दौरान पूर्णिमा नीरज सिंह ने झारखंड में राज्य महिला आयोग को मजबूत करने और महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा के लिए महिला आयोग के अध्यक्ष की शीध्र नियुक्ति का मामला उठाया। राजेश कच्छप ने सरला बिरला स्कूल, राजाचलातू वाली सड़क के मरम्मति की मांग की। विनोद सिंह ने सउदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों को वापस लाने और बकाया मानदेय दिलाए जाने की मांग रखी। बिक्सल कोंगाडी ने उनके विधानसभा क्षेत्र में बन रही सड़कों से एसटी समाज के लोगों और वन क्षेत्र को उजाड़ने से बचाए जाने और सिमडेगा में फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग की। सरयू राय ने कुड़माली को कुरमाली भाषा के तौर पर नोटिफाई करने और राज्यादेश जारी करने की अपील की। रामचंद्र सिंह ने लातेहार में वनरोपण में लापरवाही, मुआवजा भुगतान का मसला रखा। मथुरा प्रसाद महतो ने स्कूल, महाविद्यालय में जनजातीय भाषा, क्षेत्रीय भाषाओं में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। विधायक दशरथ गागराई ने विधानसभा में कोल्हान यूनिवर्सिटी के खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया। इसपर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि विभाग ने प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेज दी है। जल्द ही नियुक्ति होगी।

**जेएमएम विधायकों ने केंद्र पर लगाया सौतेला व्यवहार करने का आरोप**

## केंद्र से जब बकाया मांगते हैं तो सीएम को किया जाता प्रताड़ित : समीर मोहंती



**विधानसभा** की कार्यवाही के दौरान भाजपा विधायकों द्वारा हंगामा करने और वेल में आने की घटना पर झामुमो विधायक समीर कुमार मोहंती ने कहा कि इन लोगों का कुछ काम नहीं है। केंद्र सरकार झारखंड सरकार और राज्य की जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, तो इन्हें कुछ दिखायी नहीं देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों का बस राम के नाम पर वोट लेना है और जनता को दिगभ्रमित करने का है। विकास और बेरोजगारी पर इन्हें तो कुछ बोलने का हक ही नहीं है। भाजपा का काम धर्म के नाम पर बांटो और राज करो। कहते हैं कि रामराज लाना है। मगर रामराज में मार-काट और बांटने का काम नहीं होता था। सभी सुख चैन से रहते थे। केंद्र सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार करती है, यह विपक्ष को नजर नहीं आता है। कभी यह नहीं कहते हैं कि सर्वदलीय टीम दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से मिले। झारखंड का बकाया पैसा दिया जाए। जब पैसा मांगा जाता है तो हमारे सीएम को प्रताड़ित किया जाता है।

## हर योजना में केंद्र कर रहा है सौतेला व्यवहार : सुदिव्य



**झामुमो** विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भाजपा विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। पहले तो झारखंड के हिस्से का 1.36 लाख करोड़ रूपए नहीं दे रही है। तो यह सब भाजपा वालों को नहीं दिखायी देता है। उपर से ग्रामीण विकास, मनरेगा, पीएम आवास योजना सहित कई योजनाओं की राशि आधी कर दी। विपक्ष केवल विरोध का राजनीति करती है। अगर विपक्ष को राज्य की जनता से मतलब होता तो वह सभी को लेकर दिल्ली जाकर मंत्रियों और पीएम से मिलते। केंद्र सरकार ने 8.50 लाख पीएम आवास का पैसा नहीं दिया। झारखंड के कोटे का 1.44 लाख आवास यूपी को दे दिया। यह बात अखबरों में आयी। लेकिन अब हमारी सरकार खुद के बल पर इन्हें तीन कमरे का आवास दिया जाएगा। ये लोग 1932 के खतियान और ओबीसी आरक्षण की बात करते हैं। मगर जब सदन से इसे पास करके भेजा जाता है तो इन्हीं पार्टी के लोग कोर्ट में जाकर इसे लटकाने का काम करते हैं। आजसू भाजपा का पिछलग्गू बनकर दोहरी राजनीति करते हुए आदिवासी-मूलवासियों को धोखा दे रही है। रघुवर सरकार ने सहायक पुलिस कर्मियों को बिना किसी नियम कानून के काम पर रख लिया। पंचायत सचिव का मसला हो या फिर रसोईया का. केंद्र सरकार योजना चलाती है। इसके बाद बंद कर देती है। बाद में सारा समस्या राज्य सरकार को झेलना पड़ता है।

## नेता प्रतिपक्ष ने कई संगठनों के धरना का मामला उठाया



**नेता प्रतिपक्ष** अमर बाउरी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बहुत अफसोस की बात है कि पिछले 18 दिनों से राजभवन के सामने युद्ध के सिपाही पोदना बलमुच कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे हैं। इसके अलावा राज्य के पंचायत सचिवालय स्वयसेवक कर्मी, दफादार चौकीदार, पारा शिक्षक, दिव्यांग और नौजवान सड़कों पर धरना दे रहे है। लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं। मांगों को लेकर पंचायत स्वयंसेवक संघ के लोगों ने कल विधानसभा घेरने की कोशिश की थी। इसके बावजूद सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया। सरकार की ओर से कोई इनकी बात सुनने वाला नहीं है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि कोई भूतपूर्व सैनिक अपनी मांगों को लेकर धरना पर हैं। जानकारी लेकर उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक पंचायत स्वयंसेवक संघ की बात है तो इनको अस्थाई तौर पर पीएम आवास और शौचालय निर्माण की देखरेख के लिए रखा गया था। पूर्व की सरकार ने एक-एक प्रखंड में चार-चार लोगों को रख दिया। उन 18,000 लोगों की समस्या का समाधान नहीं किया गया, लेकिन उनकी मांगों पर वर्तमान सरकार गंभीर है। वर्ष 2021 से केंद्र सरकार की ओर से पीएम आवास योजना की राशि नहीं मिल रही है। जिससे पंचायत सचिवालय स्वयसेवकों का इंसेंटिव देने में रूकावट आयी है।

## प्रदीप यादव ने निंदा प्रस्ताव लाने की बात की, बाउरी ने किया विरोध

**■ संसद से निलंबित किये गये सांसदों के मुद्दे पर निंदा प्रस्ताव की मांग**





**सदन** में प्रदीप यादव ने संसद सत्र के दौरान सुरक्षा चूक का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 92 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में निंदा प्रस्ताव लाया जाना चाहिए। प्रदीप यादव के निंदा प्रस्ताव लाने के सवाल का विरोध करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि जब धीरज साहू से जुड़े मामले को सदन में उठाया गया था। तो आसन की तरफ से कहा गया था कि यह राज्यसभा का मामला है। फिर संसद से जुड़े मामले में निंदा प्रस्ताव की बात कैसे हो सकती है। इसलिए प्रदीप यादव के कथन को प्रोसिडिंग से निकाल देना चाहिए। जिन सांसदों को संसद सत्र के दौरान निलंबित किया गया है। वह यहॉ के सदस्य नहीं है, इसलिए विधानसभा में निंदा प्रस्ताव लाने की आवश्यकता नहीं है।

## राज्यभर से जुटे पारा शिक्षकों ने विस के समक्ष दिया धरना



**राज्य** में कार्यरत 62 हजार पारा शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के समक्ष विरोध जता रहे हैं। मंगलवार को राज्य भर के पारा शिक्षक संगठन एकजुट होकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचे। पुलिस ने विधानसभा की ओर बढ़ रहे पारा शिक्षकों को बैरिकेटिंग के पास रोक दिया। पुलिस के द्वारा रोके जाने के बाद सभी विधानसभा से थोड़ी दूर कूटे मैदान में पहुंच गये। हजारों की संख्या में जुटे राज्य भर के पारा शिक्षकों ने मैदान में धरना दिये। साउंड सिस्टम के माध्यम से अपनी आवाज विधानसभा सत्र में शामिल होने आये जनप्रतिनिधियों को पहुंचाने की कोशिश की। पारा शिक्षकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रांची के धुर्वा थाना इलाके के डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में पुलिस बलों की विशेष तैनाती की गई थी। पारा शिक्षकों की मांगों को देखते हुए उनके समर्थन में विधायक विनोद सिंह और अमित यादव धरना स्थल पर पहुंचे। पारा शिक्षकों के मांगों का समर्थन करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि उनकी भी मांग सदन में उठाई जाएगी। 18 से 19 हजार रूपए प्रति माह के वेतन पर काम कर रहे पारा शिक्षकों की मांग जायज है। यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो उनके प्रदर्शन के साथ वह खुद भी मौजूद रहेंगे। विधायक अमित कुमार यादव ने भी पारा शिक्षकों का समर्थन करते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द से जल्द विचार नहीं करती है। तो आने वाले दिनों में सभी पारा शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन की आवाज वे सदन तक पहुंचाएंगे।

## सरकार की विफलता के कारण सभी आंदोलन को मजबूर

**■ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायक मिले राज्यपाल से, सौंपा ज्ञापन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भाजपा के तीन विधायकों के निलंबन के बाद भाजपा विधायकों का दल प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला। भाजपा विधायकों का दल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर हेमंत सरकार की 4 वर्षों की नाकामियों के बारे में बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की विफलता के कारण राज्य की आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित और आदिवासी सभी वर्ग आंदोलन को मजबूर है। राज्य की जनता न सिर्फ सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। राज्य में आए दिन, हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनी हुई हैं। अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि वे जेल में भी हत्या करने में सफल हो रहे हैं। सरकार व्यापारियों को मांगने पर भी सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा रही, उनकी हत्या हो जा रही। पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं। खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट के साथ अब तो देश की सबसे बड़े कैश कांड का गवाह झारखंड बन गया। सत्ताधारी गठबंधन के कारनामों ने राज्य को कलंकित और शर्मशार किया है। राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई में स्वयं मुख्यमंत्री घिरे हैं। राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जेल में बंद हैं। ईडी ने पुख्ता सबूतों के साथ भ्रष्टाचार में संलिप्त पदाधिकारियों, बिचौलिया, दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री इस पर कारवाई करने की जगह उस पर कुंडली मारकर बैठे हैं। जनता की भावनाओं को भाजपा सड़क से सदन तक उजागर कर रही है। जनसमर्थन से हम सब लगातार व्यापक संघर्ष और आंदोलन कर रहे हैं। ज्ञापन पर उठाये विंदुओं के आलोक में अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

नेता विधायक दल सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण,जेपी पटेल, नवीन जायसवाल, अनंत कुमार ओझा, कोचे मुंडा, केदार हाजरा, भानू प्रताप शाही, नीरा यादव, राज सिन्हा, नारायण दास, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, आलोक चौरसिया, मनीष जायसवाल, समरी लाल, अपर्णा सेनगुप्ता, शशि भूषण मेहता, किशुन कुमार दास और पुष्पा देवी शामिल थे।

## भाजपा सरकार के कारण परेशान हैं सभी : इरफान



**पारा** शिक्षकों और पंचायत सचिवालय स्वयसेवक संघ सहित अन्य संगठनों के द्वारा विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन पर पूछे गये सवाल के जवाब में कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि यह सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने इनकी नियुक्ति तो कर दी लेकिन वेतन सहित अन्य सुविधाओं के बारे में नहीं सोचा। जिस कारण इनके समक्ष आज परेशानी उत्पन्न हो गयी है। सभी संगठनों से बात कर हेमंत सरकार समाधान निकालने का प्रयास कर रही है। भाजपा द्वारा आंदोलन की अनदेखी किये जाने के आरोप पर इरफान अंसारी ने कहा कि आज हमारी सरकार में आरोप लगा रहे है। तो झारखंड में 18 वर्षो तक राज्य करने वाले भाजपा के लोगों ने उस समय ही इन लोगों की समास्या का समाधान क्यो नहीं कर दिया। इन्हें मझधार में क्यो छोड़ दिया, जो कि आज आंदोलन करने और सड़क पर उतरने को मजबूर है।

## रेनबो विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आगाज

# बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रेनबो विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव की शुरूआत हुई. जिसका शुभारंभ बतौर निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा की अगुवाई में मुख्य अतिथि एसडीपीओ नजीर अख्तर और विशिष्ट अतिथि इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार दुबे, सेवानिवृत शिक्षक तोखन प्रजापति ने मशाल जलाकर किया. उद्घाटन के मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चो के द्वारा पेश सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सतरंगी छटा ने उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया. अपने संबोधन में एसडीपीओ ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी जीवन के लिए नितांत आवश्यक है. यह मन, मस्तिष्क और स्वास्थ्य दोनों को तंदुरुस्त करता है. वही निदेशक ने बताया कि स्पोर्ट्स मानव शरीर के लिए विटामिन के समान है. जिसे हर कोई को लेना ही चाहिए. वार्षिक खेल महोत्सव के पहले दिन कक्षा पहली से नवम तक के विद्यार्थियों ने खो-खो, 100 मीटर की रेस, वॉलीबॉल, कबड्डी आदि खेल संपन्न हुए. प्रधानाचार्य पंचम पांडेय ने बताया कि सभी विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा. खेल के सफल आयोजन में प्राचार्य सहित शिक्षक गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, शिवानी कुमारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. मौके पर अख्तर अंसारी, मुशाहिर अंसारी, दिवाकर प्रसाद कुशवाहा, अरविंद कुमार भारती, नारायण प्रजापति, बंगाली राम सहित कई लोग उपस्थित थे.

### बिजली बिल जमा कराने के लिए शिविर

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में बकाया बिजली बिल जमा को लेकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने दी उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के दुर दराज से लोगों को बिजली बिल जमा करने के लिए ऑफिस आना पड़ता है। इसलिए प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया है।

### बरकट्ठा में मोबाइल दुकान का उद्घाटन

**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तुइयो अंतर्गत ग्राम लेवड़ा में आशीष मोबाइल सेल एंड सर्विस का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, मुखिया शंकर रविदास,बीससूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पंसस यूसुफ अंसारी, रामचंद्र साव, डालेश्वर पंडित, पंसस प्रतिनिधि संतोष शर्मा, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

## ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर कर लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत के मां पंच बहनी स्कूल में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मुखिया किरण यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक,अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव मुखिया किशोर कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद के द्वारा कहा गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पूरे झारखंड के हर पंचायत में केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में एलईडी वाहन से जानकारी देने के साथ जनता को इसका लाभ दिलाना कार्यक्रम के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना कि 2047 तक हमारा भारत विकसित भारत बने और हमारा देश परम वैभव के शिखर पर पहुंचे। इसी संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा किया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं के माध्यम से हमारा भारत देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है और भाजपा के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को पूरा किया जा रहा है और निश्चित किया जा रहा है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजना पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सेवक नरेश महतो, लालू महतो, सुरेंद्र करमाली आदि उपस्थित थे ।

### एक नजर

### सागर महाराज जी से चंद्र प्रकाश जैन ने लिया आशीर्वाद



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज से मंगल आशीर्वाद लिया। मंगल आशीर्वाद मधुबन में लिया गया है। श्री जैन ने श्रीफल भेंटकर कर हजारीबाग की पावन धरती पर आने का आग्रह किया। महाराज जी ने इस बात को स्वीकार किया। साथ ही श्री जैन ने अपने द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों को उनके समक्ष विस्तार से बताया, सर्दी के मौसम में गरीब असहाय लोगों के बीच निरंतर रूप से कंबल का वितरण किया जा रहा है। जैसे अनेकों सामाजिक कार्य उनके समक्ष विस्तार रूप से बताया। अंत में श्री जैन ने अपने अभिभावक स्वरूप ब्रज किशोर जायसवाल का उन्हें प्रणाम दिया।और उनके स्वास्थ्य लाभ की महाराज जी से मंगल कामना की। महाराज जी ने ब्रज किशोर जायसवाल को मंगल आशीर्वाद दिया। वही महाराज जी ने विस्तार रूप से श्री जैन से वातालर्प करते हुए हजारीबाग के कई लोगों के विषय में विस्तार रूप से जानकारी लिया। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की महाराज जी से मिलकर मन प्रसन्न एवं काफी प्रभावित हुआ। हजारीबाग की पावन ने धरती पर आने का आग्रह किया हूं। महाराज जी ने इसे स्वीकार किया है। साथ ही श्री जैन ने कहा कि अपने परिवार तथा हजारीबागवासियों की मंगल आशीर्वाद का कामना किया।

### रजरप्पा विस्थापित विकास मंच की बैठक

**रामगढ़ ।** सीसीएल रजरप्पा स्थित अपर्णा वाटिका में मंगलवार को रजरप्पा विस्थापित विकास मंच की बैठक आयोजित की गई । मां कामाख्या प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विस्थापितों को रोजगार देने की मांग को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कंपनी द्वारा किसी भी तरह से अब तक वार्ता नहीं करने को लेकर धरना एवं आंदोलन करने पर चर्चा की गई। इस दौरान रजरप्पा विस्थापित विकास मंच के अध्यक्ष नईम अंसारी, सचिव शिवचरण महतो आदि उपस्थित थे ।

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, ग्रामीणों ने बंद कराया काम

**हजारीबाग।** चौपारण प्रखंड में दर्जनों सड़कों का जीर्णोद्धार डीएमएफटी मद से किया जा रहा है. इसी मद से वर्षो बाद बारा चौक से झापा होते हुए ग्राम केंदुआ तक सड़क का जीर्णोद्धार हो रहा है. इसका विधिवत शिलान्यास बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने किया था. ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद संवेदक ने काम शुरू तो किया पर गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा. ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए काम को बंद करवा दिया. ग्रामीण इस्टीमेट के अनुरूप काम करने की मांग कर रहे हैं.

## अबुआ आवास के लिए कई पंचायतों में निरीक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड प्रशासन की ओर से पंचायत के विभिन्न क्षेत्र में अबुआ आवास को लेकर निरीक्षण प्रारंभ किया जा चुका है. इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी की ओर से निरीक्षण दल गठित किया जा चुके हैं. मंगलवार को कोनरा, कोल्हुआ कला रानीचुआ आदि पंचायतों में निरीक्षण कार्य किया गया. राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को योग्य लाभुकों तक उपलब्ध करवाने के लिए प्रखंड प्रशासन संकल्पित है. इस कार्य के लिए बीडीओ ने चार सदस्यीय कमिटी बनाई है. कमिटी के स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सेवक और प्रखंड के एक अधिकारी को शामिल किया गया है. जो सरकार आपके द्वार के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाभुक के घर जाकर स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे. साथ ही आवेदनकर्ता का घर के साथ फोटो लेकर उसे पोर्टल पर अपलोड भी करेंगे. इस कार्य में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया गया है. लापरवाही करने वालो के खिलाफ सख्त कारवाई किए जाने की बात कही गई है.

### हवाई अड्डे की मांग के लिए विधायक ने फिर उठाया सवाल

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र 2023 के दौरान हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने उड़ान योजनांतर्गत हजारीबाग में हवाई अड्डे निर्माण की स्वीकृति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन पटल पर सवाल उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की वर्ष 2022 में गैर सरकारी संकल्प के जवाब में सरकार द्वारा वर्णित हवाई अड्डा के निर्माण के लिए यथाशीघ्र भूमि अधिग्रहण करने की बात कही गई थी, परन्तु उक्त संबंध में सरकार के लापरवाही में अबतक भूमि अधिग्रहण से संबंधित कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हजारीबाग में हवाई सेवा शुरू होने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ हवाई सेवा हेतु अन्य हवाई अड्डे पर निर्भरता समाप्त होगी। विधायक मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से हजारीबाग के सर्वांगीण विकास के लिए यह अति महत्वपूर्ण मांग सरकार के समक्ष रखा ।

## जिला स्तरीय एकदिवसीय इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के पत्रांक 1623 के आदेश अनुसार मंगलवार को जिले के संत रॉबर्ट मध्य विद्यालय हजारीबाग में एक दिवसीय इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए ।इस निमित्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, सीआरपी ,बीआरपी व वार्डन उपस्थित हुए। प्रशिक्षण का प्रारंभ एडीपीओ हजारीबाग की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को फोल्डर ,इको क्लब मार्गदर्शीका, कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के प्रारंभ में प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में इको क्लब गठन करने की प्रक्रिया बताया। तत्पश्चात इको क्लब पर आधारित वीडियो दिखाकर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विषय वस्तु को समझाया। वहीं संधारणीय विकास लक्ष्य के 17 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निरंतर प्रशिक्षण को आगे बढ़ते हुए ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से संबंधित जानकारी दी गई ।इससे संबंधित विभिन्न समाचार पत्रों में छपे विभिन्न बिंदुओं को दिखाकर प्रतिभागियों के बीच विस्तृत रूप से चर्चा की गई. मध्याहन उपरांत प्रशिक्षकों ने इको क्लब की मुख्य जिम्मेवारी, इको क्लब की संभावित कार्य, पहचान चिन्ह व प्रतिज्ञा, पर्यावरणीय कैलेंडर प्रशिक्षण क्रियान्वयन की रणनीति एवं विद्यालयों का सहयोग ,इको क्लब की सदस्यता के लाभ यदि पर विस्तृत चर्चा की. मौके पर प्रशिक्षक के रूप में अभय कुमार, प्रभु साव उपस्थित रहे। वहीं प्रतिभागियों में सीआरपी बीआरपी में प्रविंद कुमार सिंह, अजय नारायण दास, रामकृष्ण पांडेय, अनुपम रानी, मीनाक्षी अम्बष्टा, संतोष कुमार गौतम, शिक्षकों में मनोज कुमार सिंह, रवि शंकर पाठक, जहांगीर अंसारी, मंजू कुमारी, नीलम कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिकों को बड़े पैमाने पर मिलेगा रोजगार : अशोक यादव

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना व श्रम सम्मान योजना के तहत, राज्य के प्रवासी श्रमिकों, पारंपरिक कारीगरों जैसे बढई, दर्जी, टोकरी बनाने वाले, सोनार, लोहार, कुम्हार, नाई ,मोची, हलवाई आदि को परोक्ष रूप से लाभ होगा । साथ ही कारीगरों एवं शिल्पकारों को निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही उनके कारोबार से संबंधित टूल किट भी निशुल्क दी जाएगी।उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना -2023 का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत 10 लाख तक की राशि आर्थिक सहायता के रूप में मुहैया कराया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि देश एवं प्रदेश में मजदूर और श्रमिकों की कोई कमी नहीं है बल्कि साधन न होने की वजह से मजदूर और श्रमिक अपने हुनर को विकसित नहीं कर पाते हैं।

### एसवीएम हाई स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, उठाया पिकनिक का लुत्फ



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत बेडोकला के बरसोती टांड़ स्थित एसवीएम हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को बोधगया स्थित मंदिर का भ्रमण कराया गया साथ ही बच्चों ने पिकनिक का आंनद लिया। विद्यालय निदेशक महेंद्र कुमार यादव उप निदेशक विनोद कुमार यादव प्रिंसिपल रमेश राणा ने मंदिर की विशेषता पर रौशनी डालते हुए बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं निदेशक महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण से मानसिक विकास होता है। साथ ही एक नई उर्जा का संचार होता है। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक सुरेश हजाम, जितेन्द्र यादव, वचन सिंह, प्रियंका कुमारी,टुका कुमारी,पुनम कुमारी, रंजीत यादव, लक्ष्मी कुमारी,आदिति कुमारी, मेहताब अंसारी, आशीष राणा समेत आदि लोग शामिल थे।

## वीमेंस कॉलेज में एसआरसी का इंट्रोडक्शन सेमिनार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के केबी महिला महाविद्यालय में एसआरसी द्वारा मंगलवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एसआरसी संबंधित सभी जानकारियां छात्राओं को उपलब्ध करवाई गई। मौके पर एसआरसी ऑपरेटर गुलाम अहमद रजा ने एसआरसी का परिचय करवाते हुए बताया कि खास रूप से छात्राओं को इसका फायदा पहुंचने वाला है। कहा, अब महिलाओं को कोई भी निजी जानकारी, मोबाइल नंबर या दस्तावेज देने के लिए सोचने की जरूरत नहीं है। यहां से किसी भी तरह कि छेड़ छाड़ नहीं हो सकती, सरकारी मान्यता प्राप्त ये एसआरसी हमेशा सीएससी विभाग की निगरानी में रहते हैं। वहीं मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में सीएससी विभाग से पहुंचे मो. निजामुद्दीन ने सीएससी द्वारा चलाए जा रहे कई शैक्षणिक योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जोर देते हुए बताया कि उड़ान योजना का लाभ विद्यार्थी जरूर लें। इस योजना के तहत सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले विद्यार्थी फिजिक्स वाला की कोचिंग मात्र दो-तीन सौ रुपए में ले सकते हैं।

## प्रांतीय कला संगम में सशिविमं के भैया-बहनों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय कला संगम 2023 का आयोजन राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर,धनबाद में हुआ। प्रांतीय कला संगम 2023 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के भैया- बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भैया आशीष कुमार ने मूर्ति कला प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम पुरस्कार जीता साथ ही विद्यालय को भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में बहन कुमकुम कुमारी एवं काजल कुमारी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। सामूहिक गीत के बाल वर्ग में विद्यालय की बहनों ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में बहन श्वेता ने तृतीय पुरस्कार जीता। ओवरऑल चैंपियन में विद्यालय को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। आज सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के सचिव,संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रभारी, प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किया।



### सूर्यकुंड मेले की डाक श्याम पांडेय ने 23 लाख 14 हजार रुपए में अपने नाम कर ली



**बरकट्ठा।** धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड में 14 जनवरी से 15 दिवसीय लगने वाला उत्तरी छोटानागपुर का विख्यात सूर्यकुंड मेले की नीलामी हुई। नीलामी अंचलाधिकारी कांत लाल मांझी की देखरेख में की गई। वहीं डाक में भाग लेने वालों में चंद्रकांत पांडेय, श्याम पांडेय, विजय कुमार नायक, सुरेश कुमार पांडेय, शिशिर पांडेय शामिल थे। मेले की सरकारी डाक 23 लाख 13 हजार 2सौ 25रुपए से शुरू की गई। जिसके बाद चंद्रकांत पांडेय ने 23 लाख 13 हजार 225 रुपए, श्याम पांडेय 23 लाख 13 हजार 425 रुपए, सुरेश पांडेय ने 23 लाख 13 हजार 525 रुपए, शिशिर पांडेय ने 23लाख 13 हजार 725 रुपए ने बोली लगाई। जिसके बाद श्याम पांडेय ने सबसे अधिक बोली 23 लाख 14 हजार लगा कर डाक पांच पांडव कमेटी के नाम कर लिया। विदित हो कि श्याम पांडेय पांच पांडव कमेटी से है। बताते चलें कि मकर संक्रांति के मौके पर प्रत्येक वर्ष 14 से 30 जनवरी तक सूर्यकुंड मेला का आयोजन किया जाता है।

### शून्यकाल में गूंजा इको सेंसेटिव जोन का मामला बरही विधायक ने किया दायरा घटाने की मांग




**बरही ।** शीतकालीन सत्र के शून्यकाल में मंगलवार को बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सदन के पटल पर हजारीबाग जिला अंतर्गत नेशनल पार्क क्षेत्र के सेंसिटिव जोन का मामला रखा. सदन को उन्होंने बताया कि ईको सेंसिटिव जोन घोषित हो जाने की वजह से स्थानीय निवासियों को कई व्यवसाय बंद करना पड़ा हैं. जिससे कई लोग बेरोजगार हो गए हैं. उन्होंने हजारीबाग वन्य जीव अभ्यारण के चारों ओर घोषित इको सेंसेटिव जोन की सीमा को पांच से घटाकर एक किलोमीटर तक सीमित करने का मांग किया है. उन्होंने बताया कि इको सेंसेटिव जोन क्षेत्र घोषित होने से इचाक, पदमा, बरही सहित आस-पास के इलाकों में काफी बुरा प्रभाव पड़ा है. छोटे मोटे उद्योग धंधा चलाने वालों को बेरोजगारी के कारण पलायन करना पड़ रहा है. स्थानीय लोग इसे लेकर चिंतित है. उन्होंने सदन से इसे तत्काल घटाने की मांग किया है, जिससे बेरोजगारों को पलायन होने से बचाया जा सके.

### मामला: सरकारी स्कूलों में आपूर्ति की गई स्कूल ड्रेस में घोटाले का

# विधायक ने सदन के बाहर दिया धरना

### हाथों में पोशाक और बैनर पर लिखा था पोशाक घोटाला, हजारीबाग शिक्षा विभाग शर्म करो




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** जिले में सरकारी स्कूलों में आपूर्ति की गई स्कूल ड्रेस में शिक्षा विभाग के कारनामे इन दिनों सुर्खियों में है। मंगलवार को यह मामला तब भयावह रूप ले लिया जब जब हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन इसे पोशाक घोटाले का नाम देकर सदन पटेल के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने यहां अपने सामने एक डिस्प्ले भी लगा रखा था जिसमें बच्चों को आपूर्ति किए गए स्कूल ड्रेस और घटिया क्वालिटी के ड्रेस संबंधित विभिन्न अखबारों में छपी खबरों की प्रति के साथ बड़े अक्षरों पर लिखा था ₹पोशाक घोटाला शिक्षा विभाग हजारीबाग शर्म करो।₹ इस मामले विधायक मनीष जायसवाल ना सिर्फ इस मामले को लेकर सदन पटेल के बाहर धरने पर बैठे बल्कि उन्होंने अल्प सूचित प्रश्न कल के दौरान भी इस मामले को पुरजोर तरीके से सदन पटल पर रखा । हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने मामले के संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री से पूछा की सरकार के निर्देश के बावजूद हजारीबाग सहित पूरे राज्य में लगभग 17 लाख सरकारी स्कूलों के बच्चों को पोशाक वितरण नहीं की गई जबकि झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशालय द्वारा राज्य के सभी स्कूलों में जुलाई 2023 में ही पोशाक मद की राशि उपलब्ध करा दी गई थी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग को पोशाक वितरण हेतु 12 करोड रुपए राशि का आवंटन दी गई है परंतु उक्त जिले के संबंधित पदाधिकारी द्वारा कल 1.72 लाख उक्त बच्चों को पोशाक की राशि खाते में न देकर मनमानी तरीके से लोहरदगा के प्रगति महिला उत्पादक समूह एवं हजारीबाग के चरही- चुरचू में संचालित मार्शल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति को उक्त पोशाक की आपूर्ति का जिम्मा बिना निविदा/विज्ञापन के आपूर्ति आदेश के दे दी गई जो जांच का विषय है। सरकार द्वारा वर्णित राशि को कक्षा एक एवं कक्षा दो के बच्चों को छोड़कर से सभी बच्चों को उक्त राशि का भुगतान खाते में करने का आदेश दी गई है जिसका संबंधित पदाधिकारी द्वारा उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा की सरकार हजारीबाग सहित राज्य के अन्य जिलों के बच्चों को पोशाक की राशि उनके खाते में देने पर विचार रखती है या नहीं।

## कुरडेग में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 2195 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरिय शिविर मंगलवार को कुरडेग प्रखण्ड के खिण्डा पंचायत में लगाया और लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभ आरंभ जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा, बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा सीओ किरण डांग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 3247 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2195 आवेदनो का निष्पादन मौके पर किया गया प्राप्त आवेदनों में अबुआ आवास के लिए 498 मनरेगा 379 राजस्व 96 पेंशन योजना 32 गुरुजी स्टुडेंट कार्ड 46 मुख्य मंत्री पशुधन 34 आयुष्मान कार्ड 43 के आवेदन आए शिविर में 176 कम्बल 385 धोती साड़ी 100 पौधा फुलो झानो के तहत 5 लाभुकों को 125000 रुपये का चेक एसएचजी क्रेडीट लिंकेज के तहत 600000 रुपये का चेक एवं 13 किसानों को बिरसा कूप की स्वीकृती दी गई। वहीं स्वास्थ विभाग के द्वारा लोगो की जांच एवं दवा का वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख अजय जयसवाल ,मुखिया जगेश्वर प्रधान पंचायत समिति सदस्य नीलीमा खाखा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## केरसई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**केरसई।** केरसई प्रखंड के टेंसेर पश्चिमी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज अंचल अधिकारी, बलिराम माझी सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ,मुखिया इमानुएल तिर्की, उपमुखिया खुश्बू देवी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मानकीलाल उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में विभिन्न



विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था, जहां प्रशासन के द्वारा निर्धारित विभिन्न विभागों के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। जहां फरियादी अपनी समस्या एवं जरूरत से संबंधित आवेदन देकर समाधान कर रहे थे ।

## अयोध्या में पूजित वितरण को लेकर विहिप ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

बानो। मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वावधान में बानो प्रखंड मुख्यालय शिव मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्य रूप से आगामी 1 जनवरी से 15 जनवरी तक प्रखंड के प्रत्येक सनातनी के घरों तक राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजीत अक्षत आमंत्रण पहुंचाने और 21 एवं 22 जनवरी को भव्य रूप से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने हेतु विचार विमर्श कर आगे की योजना बनाई गई।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय संयोजक मण्डल का गठन करते हुए पंचायत एवं ग्राम स्तर तक टोली के निर्माण का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने बैठक में आने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान करते हुए अपने सम्बोधन में कहा हमारे बलिदानी पूर्वजों ने श्रीराम मंदिर के लिए जो सौगंध खाई थी, जो सौगंध हमारी पीढ़ी ने उठाई थी वो आज पूर्ण हुआ और हम भाग्यशाली हैं हम जन्मभूमि में भव्य मंदिर के सपने को साकार होता देख रहे हैं और राम काज में हाथ बटा रहे है। निधि समर्पण अभियान में जिस प्रकार हम टोली बनाकर प्रत्येक हिन्दू के घरों में पहुंचे थे आज उसी तरह हमें अक्षत आमंत्रण लेकर हर हिन्दू के घर घर पहुंचना है, एक घर भी ना छूटे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह, सह मंत्री कमल सेनापति, बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल, अमर मिश्रा,अनूप साहु, अजीत तोपनो,विश्वनाथ बड़ाईक, नरेंद्र सिंह, संजय बड़ाइक रमेश सिंह सहित सभी पंचायत से आये कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### कोडरमा : अरविंद एकघरा बने विहिप के नगर अध्यक्ष

**कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद झुमरी तिलैया नगर की बैठक माहुरी भवन में हुई. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राजय वर्मा ने जबकि संचालन जिला सह मंत्री संजय तरवे ने किया. बैठक में मुख्य रूप से प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, प्रांत सामाजिक समरसता सह प्रमुख मनोज चंद्रवंशी, विभाग गौरक्षा प्रमुख अजय वर्मा उपस्थित थे. बैठक में नगर विस्तार और घर-घर पूजित अक्षत कैसे पहुंचाया जाएगा, इस पर विचार किया गया. मौके पर विभिन्न वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बांटे कंबल

**कोडरमा।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बढ़ती ठंड को देखते हुए एसएफसी चावल गोदाम के सैकड़ो मजदूरों के बीच कंबल का वितरण किया. मौके पर उन्होंने कहा कि जिले में जहां भी गरीब, असहाय और जरूरतमंदों को कंबल की आवश्यकता होगी तो उन्हें वे उपलब्ध करायेंगे. मौके पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दशरथ पासवान, जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, दिलीप राम समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद थे.

### कोडरमा : डीसी ने शिक्षा विभाग की बैठक में दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई. बैठक में स्थापना समिति, पुस्तक क्रय, खेल प्रतियोगिता आदि पर विचार विमर्श किया गया. उपायुक्त ने शिक्षकों के स्थानांतरण करने से संबंधित आवेदनों की जांच करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया. इसके साथ ही जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, मॉडल विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व झारखंड आवासीय विद्यालयों में पुस्तक क्रय करने को कहा. वहीं दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने की बात कही. बैठक में अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, निदेशक डीआरडीए गोरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार आदि मौजूद थे.

### बच्चों ने पेंटिंग बनाकर पर्यावरण संकट से सजग रहने का दिया संदेश

**झुमरीतिलैया।** आदर्श फाउंडेशन ने मंगलवार को उत्क्रमित प्राइमरी स्कूल बिरहोर कॉलोनी गझंडी में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कुल 29 छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान पाने वाले छात्रों ननकी अंबी पूर्ती, एतवारी, अंकित, हालू मुंडा और बलिया हंस को सीओ कमल किशोर सिंह, बीडीओ सुमन गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, मुखिया इंद्रा देवी, समाजसेवी सुदर्शन यादव ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिए छात्रों ने पर्यावरण संकट की तरफ आमजनों को ध्यानाकृष्ट कराते हुए इससे सजग रहने की अपील की।

## कोडरमाः शिविर में सखी मंडल को 12 लाख 50 हजार का दिया गया चेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले में कई जगहों पर शिविर लगाये गये. सतगावां प्रखंड के राजावर, डोमचांच प्रखण्ड के पारहो, कोडरमा प्रखण्ड के कौआवर गझंडी एवं जयनगर प्रखण्ड के तेतरोन पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. पंचायतों में आयोजित शिविर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए. वहीं शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण आये और अपनी अपनी समस्याओं से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही. साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें. शिविर में लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन दें. पंचायतों में आयोजित शिविर में बच्चियों को साइकिल वितरण योजना के लिए स्वीकृति पत्र वितरित किया गया. वहीं लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप योजना का प्रमाण पत्र दिया गया. जबकि जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूहों की सखी मंडल के बीच 12 लाख 50 हजार का चेक बांटे गये. इसके साथ-साथ ग्रामीणों को जॉब कार्ड, कंबल,धोती साड़ी समेत योजनाओं का भी लाभ दिया गया. कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये.

## सड़क हादसे में सात मजदूर घायल, दो रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत करूंगा गुड्डी के पास मंगलवार को दिन के 12:00 बजे किनकेल की ओर से सीमेंट खाली करके आ रही ट्रक एवं छत्तीसगढ़ की ओर जा रही चेचिस ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर सीमेंट खाली कर लौट रही ट्रक में सवार चालक सहित कुल सात मजदूर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया गया ,जिसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सिमडेगा भेजा। जहां पर इलाज के बाद दो घायल को राजधानी रांची रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा नीचे बाजार से सीमेंट लेकर ट्रक किनकेल के एक दुकान में खाली कर वापस लौट रही थी ,इसी दौरान छत्तीसगढ़ की ओर जा रही एक चेचिस ट्रक चालक नशे का सेवन कर तीव्र गति से ट्रक को टक्कर मार दिया, जिसके बाद सीमेंट खाली कर रही ट्रक के परखच्चे उड़ गए वही चालक विजन राम के अलावा मजदूर टुकुपानी निवासी अमित सोरेंग,अजय केरकेट्टा एवं कुरुशकेल निवासी जगदीश गोप,टुकुपानी निवासी समीर डूंगडुग,अनुज सोरेंग,एवं विजय केरकेट्टा घायल हो गया ।घायल में जगदीश एवं समीर को गहरी चोट लगे ,जिन्हें डॉक्टर के द्वारा राजधानी रांची रेफर कर दिया।

### लचरागढ़ में दो बाइक में सीधी भिड़ंत में चार घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के लचरागढ़ बरसलोया रोड चुटिया नाला के पास दो मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए ।घायलों की पहचान कोम्बाकेरा निवासी स्वीटा साहू ,अघनू साहू के रूप में हुई। वहीं दूसरी और से आ रहे घायल सिजांग के सिमरटोली गांव के युवक थे । बताया गया कि स्विटा और अघनु राशन लेकर अपने घर की ओर कोम्बाकेरा जा रहे थे ।इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक ने टक्कर मार दी ,टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों घायल हो गए।

## एक नजर

### सिमडेगा के सभी 10+2 स्कूलों में हो खड़िया भाषा की पढ़ाई : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने शीतकालीन सत्र में जिले के प्लस टू स्कूलों में खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि जिले में 13 प्लस टू स्कूल है। जहां खड़िया जनजातीय समुदाय के बच्चों की संख्या भी बहुत है। पर अब तक एक भी प्लस टू स्कूल में खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू नहीं हुई। साथ ही स्कूलों में खड़िया भाषा के शिक्षकों का पद का भी सृजन नहीं किया गया। इससे खड़िया समुदाय के बच्चे अपने ही भाषा से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि जल्द प्लस टू स्कूलों में खड़िया भाषा के लिए शिक्षकों का पद सृजित कर शिक्षक बहाली करे। साथ ही खड़िया भाषा की पढ़ाई जिले के सभी 10+2 स्कूलों में शुरू कराया जाय।गौरतलब हो इस सम्बंध में खड़िया समुदाय के लोगों ने उसे एक ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में 10+2 स्कूलों में क्षेत्रीय भाषा एवं जनजातीय भाषा खड़िया शिक्षकों का पद सृजन कराने की मांग की थी।

### अंचल प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था



**कुरडेग।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार जारी हाड़ कंपाने वाली ठंड व पछिया हवा से शुरू हुई जानलेवा कनकनी के मद्देनजर स्थानीय अंचलाधिकारी के निर्देश पर अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक संजय कुमार ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न नुक्कड़ों, चौक-चौराहों व महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शुरू की। इस बाबत सीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर लकड़ी का इंतजाम कर अलाव की व्यवस्था की गई है। बता दें कि लगातार जारी ठंड, अचानक तापमान में आई गिरावट के कारण जानलेवा बन गई है। इस कारण गरीब व कमजोर तबके के लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

### दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान, परिवहन विभाग हुआ सख्त



**सिमडेगा।** पर्व त्योहार को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंगलवार को डीटीओ ओमप्रकाश यादव के निर्देश पर परिवहन विभाग के द्वारा दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम के समीप में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर दर्जनों वाहनों से जुमार्ना वसूला गया वाहन चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई अधूरी कागजात पाए जाने पर वाहन चालकों पर जुमार्ना किया गया वाहन जांच के दौरान कुल 35 वाहनों से 124000 का जुमार्ना वसूला गया इस मौके पर सड़क सुरक्षा की टीम के द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया साथ ही सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अवश्य पानी की सलाह दी बताया गया कि यह चेकिंग अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा इस मौके पर परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा मैनेजर अजीत प्रकाश रवि,चंदन कुमार सिद्धार्थ राज एवं ट्रैफिक सार्जेंट रविशंकर सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे।

### भाकपा अंचल कमेटी की बैठक

**जयनगर।** प्रखंड स्थित संस्कृति भवन में मंगलवार को भाकपा अंचल कमेटी की बैठक पूर्व उप प्रमुख बीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनि मत से पारित किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों को ठगा जा रहा है। अबुआ आवास का हजारों आवेदन आ रहे हैं, जबकि सरकार टारगेट तय नहीं किया है। पशुधन योजना में 245 टारगेट है, जिसमें 235 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। इसके बावजूद भी हजारों आवेदन बकरी पालन, गाय पालन, सूअर पालन के आ रहे हैं, जो भी आवेदन दे रहे हैं, ठगी के शिकार होंगे। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी हेमंत सरकार के द्वारा चलाए गए योजनाओं को सरकार ने कितने आवेदन पर काम किया उसका जवाब दें। जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में रोजगार का कोई साधन नहीं है युवा दुसरे राज्यों में पलायन करने पर मजबूर हैं। ढीबरा चुनकर गुजर बसर करने वाले लोगों को कोडरमा पुलिस तंग कर रही है। भाकपा झारखंड सरकार से मांग करती है कि कोडरमा जिले में माइका को उद्योग का दर्जा देकर गरीब मजदूर को रोजगार बहाल किया जाय। बैठक को जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव,किशोर चौधरी, काली सिंह ने भी संबोधित किया।

## कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**डोमचांच।** प्रखंड के ढोढाकोला में भव्य कलश यात्रा के साथ मंगलवार से सात दिनी श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ सह भागवत पुराण कथा शुरू हो गयी। कलश यात्रा में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, जिप सदस्य शांति प्रिया, मुखिया सीता देवी मौजूद थीं। कलश यात्रा की शुरूआत मुख्य अतिथि ने किया। कलश यात्रा में 251 कन्याएं और महिलाएं शामिल हुईं। सुबह यज्ञ स्थल से माथे पर कलश लेते हुए जयकारे के साथ हरैया नदी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरी और पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि यज्ञ से पूरा गांव सहित आसपास का वातावरण शुद्ध होता है। जबकि आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। गांव द्वारा इस तरह से भव्य कलश यात्रा निकालकर कलश यात्रा में शामिल महिलाएं अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। उन्होंने यज्ञ समिति के सदस्यों की भी सराहना की। महायज्ञ के दूसरे दिन 20 दिसंबर को पंचांग पूजन, वेदी निर्माण, ध्वजारोहण,कथा आरंभ,21 दिसंबर को भागवत महात्म,22 दिसंबर को पृथ्वी उत्पत्ति कथा, 23दिसंबर को विन्ध्यवासिनी जन्म कथा, 24 दिसंबर को हरिश्चंद्र उपाख्यान, 25 दिसंबर राम विवाह महोत्सव, 26 दिसंबर को पूणार्हुति और प्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन हो जाएगा। महायज्ञ में टाटा नगर के व्यास पंचानंद पांडेय द्वारा कथा करवाया जाएगा। पं गोपाल पांडेय, पं रिंकू पांडेय, पं रंजीत कुमार पांडेय द्वारा यज्ञ करवाया जा रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने में सुबोध विश्वकर्मा, रमेश सिंह, जगदेव सिंह, दिनेश तुरई, हीरा कुमार, लक्ष्मण चंद्रवंशी, पिंटू साव, पप्पू कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार,मंजीत कुमार, छोटी तूरी सहित पूरे ग्रामीण लगे हुए है।

### कोडरमा : दो घरों से लाखों के जेवरात व सामानों की चोरी

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के चोपनाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बेलाडीह तारांटाड में चोरों ने दो घरों से लाखों के जेवरात समेत कई अन्य सामानों की चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित संतोष यादव व बाबूलाल यादव ने मंगलवार को मरकच्चो थाना मे आवेदन दिया है। आवेदक संतोष यादव ने बताया है की घटना शनिवार देर रात की है। चोरी की घटना के बाद उसकी चाची बेहोश हो गयी जिसे लेकर वे लोग आनन फानन मे अस्पताल चले गए आज अस्पताल से लौट कर वे लोग थाना को आवेदन दे रहे हैं। आवेदन में बताया है कि शनिवार की देर रात जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान उसके मिट्टी के मकान का ताला तोड़ कर चोर घर मे घुस गए और कमरे मे रखे बक्शे का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के कई जेवरात, पीतल के कई बर्तन व जमीन में कागजात की चोरी कर ली। चोर उसके बाद उसके चाचा कान्हाय यादव के भी कमरे मे घुस सोने, चांदी के जेवरात बर्तन आदि की चोरी कर ली। चोरी की घटना होने का पता उन्हें अगली सुबह में चला।

## कोडरमा : कनकनी से बढ़ी कंपकपी,घरों में दुबके लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में कनकनी ने ठंड बढा दी है। इससे लोग परेशान हैं। लोग ठंड से बचाव के लिए सुबह-शाम अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। चाय की चुस्की और घरों में अलाव सहारा बना हुआ है। इससे पारा लूढक गया है। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि दोपहर में थोडी देर धूप खिलने के कारण लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली। लेकिन अधिकतम समय आसमान बादलों से ढका रहा। पर शाम चार बजे के बाद सर्द हवाओं के साथ कनकनी बढ़ जाती है। रात आठ बजते-बजते अधिकत्तर दुकानों की शटर गिर जाती है और रोड पर सन्नाटा पसर जाता है। ठंड से सर्वाधिक परेशानी फुटपाथ पर सोने वाले लोग, ट्रेनों और बसों के यात्री को उठानी पड़ रही है। रात में ट्रेन पकड़ने वाले लोग भी ट्रेन के विलंब होने पर घंटों स्टेशनों में रात गुजारनी पड़ती है। इधर ठंड के कारण गर्म कपड़ों की भी बिक्री बढ़ी है। दुकानों के अलावा झंडा चौके के आसपास फुटपाथी दुकानों जैकेट, स्वेटर, टोपी आदि खरीदने भीड लगी रहती है।

### इलाज के दौरान रोजगार सेवक की मौत

**सतगावां।** थाना क्षेत्र में पदस्थापित रोजगार सेवक की रांची में रविवार की देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक मंजूर आलम, पिता- फूल मोहम्मद, ग्राम सिरसा, प्रखंड मेड्रॉ, जिला साहिबगंज के निवासी थे। पिछली रविवार को तीसरी थाना अंतर्गत ग्राम भुराई के समीप बाईक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उनहें गावां थाना से सतगावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए कोडरमा रेफर कर दिया। रांची में इलाज चल रहा था, जिनका रांची में इलाज के दौरान रविवार देर शाम मौत हो गई। इसके पूर्व में वह डोमचांच प्रखंड में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत थे, जहां स्थानांतरण के बाद अक्टूबर 2021 को सतगावां में पदस्थापित किया गया था।

**बच्चों में हर्ष** राज्य स्तरीय खेलकूद में डीएवी कोडरमा के छात्रों ने लहराया परचम

## प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर और राज्य स्तरीय विभिन्न खेलों में परचम लहराने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रों के साथ दीप जलाकर किया गया. प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह और मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल ने कलस्टर स्तर की रोलर स्केटिंग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी समृद्धि सिंह को सम्मानित किया. रोलर स्केटिंग में कुल मिलाकर डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा ने चार स्वर्ण पदक, चार रजत पदक और तीन कांस्य पदक झटके. ओवरऑल



विजेता डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा की लड़कियों को घोषित किया गया. उरीमारी में हुई खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी कोडरमा विजेता बना. वहीं बेस्ट रनर प्लेयर का अवार्ड कक्षा सातवीं के सचिन को मिला. ताइक्वांडो अंडर 14 में लड़कों ने तीन रजत, चार कांस्य पदक पर कब्जा जमाया. ताइक्वांडो में डीएवी कोडरमा ने 7 स्वर्ण पदक, 13 रजत पदक और 8 कांस्य पदक प्राप्त किया. ओवरऑल विजेता लड़कियों के वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा को घोषित किया गया. अब बात करे कुश्ती की तो कुश्ती अंडर 17 लड़कों में रितेश कुमार पंडित ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. कराटे अंडर 14 में आयुषी कश्यप ने रजत पदक, निलेश और श्रेयांश ने कांस्य पदक प्राप्त किये. कबड्डी में डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा उपविजेता रहा. योग प्रतियोगिता में प्रेरणा भूषण ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी घोषित किया गया.

## डुमरी में जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

# तीन घरों को तोड़ा और चट कर गए कई क्विंटल अनाज



**ग्रामीणों में दहशत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के छछंदो में सोमवार की देर राज जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. गांव के तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां रखे कई क्विंटल अनाज खा गए और कुछ को बर्बाद कर दिया. सूचना पाकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक श्रीवास्तव ने पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया. विभाग के पदाधिकारी से फोन पर बात कर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने और हाथियों को भगाने के लिए कारगर व्यवस्था करने की मांग की. हाथियों ने गांव की शांति देवी के घर में घुसकर 5 क्विंटल चावल और 3 क्विंटल अरहर चट कर गए. उनके खेत में लगी मटर व आलू की फसल को नष्ट कर दिया. वहीं, सुमित्रा देवी के घर में रखा 4 क्विंटल बाजरा और अरहर खा गए. फुलवा देवी के घर में रखा पांच क्विंटल आलू व 10 क्विंटल धान खा गए और उसके घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. जबकि डिसल सिंह के घर को क्षतिग्रस्त कर वहां रखे बाजरा, 5 क्विंटल धान और 7 क्विंटल आलू खा गए. इसी तरह गांव के ठाकुर सिंह के घर में रखा 6 क्विंटल आलू चट कर गए. बाबूचदं सिंह, कपिल सिंह रामेश्वर सिंह व कुंदन सिंह के खेत में रखा धान चट कर गए.

## टाटा स्टीलकर्मी के घर में लगी आग, सारा सामान जलकर खाक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत क्रिस्चन बस्ती निवासी अनूप राजन के आवास पर मंगलवार दोपहर आग लग गई. आग घर के पिछले हिस्से में बने किचन से होते हुए पूरे घर पर फैल गई. धुआं निकलता देख घर में मौजूद महिला और बच्चे बाहर की ओर भागे. इधर घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई. सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक और टाटा स्टील की दो दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. कमरों में धुआं भर जाने के कारण घर से सटे किताब दुकान का दरवाजा तोड़कर दमकल कर्मी अंदर घुसा और ऑक्सीजन मास्क लगाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया. डेढ़ घंटे को कड़ी मकक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. अनूप राज ने बताया कि उनके बड़े भाई टाटा स्टील कर्मी है. घर पर महिला और बच्चे ही मौजूद थे. घर के किचन में खाना बन रहा था. सिलेंडर में अचानक विस्फोट हुआ जिससे आग फैल गई. इसके बाद दूसरे सिलेंडर में धमाका हुआ.

## धनबाद में शराब फैक्ट्री का खुलासा

# 90 लीटर अंग्रेजी शराब, 70 लीटर स्प्रिट व उपकरण जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद ।** जिले के प्रेम नगर में उत्पाद विभाग की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है. उत्पाद विभाग की टीम ने मिनी शराब फैक्ट्री से छापेमारी कर 70 लीटर स्प्रिट और लगभग 90 लीटर तैयार शराब बरामद किया है. मिनी शराब फैक्ट्री में नकली मैकडॉवेल्स, ब्लेंडर, 8 पीएम, सिग्नेचर जैसे शराब बनाया जाता था. पुलिस का कहना है कि सुगियाडीह के निवासी सागर वर्नवाल के द्वारा एक घर को रेंट पर लेकर दो महीने से इस काम को अंजाम दे रहे था. विभाग के अधिकारी का कहना है कि जैसे ही उनको सूचना मिली छापेमारी के लिए पहुंच गए लेकिन अपराधी भागने में सफल रहे. मौके से उत्पाद विभाग को भारी संख्या में खाली बोतल व शराब से भरी बोतल हाथ लगी. पुलिस विभाग का कहना है कि यहां से स्प्रीट भी बरामद की गई है. जिसमें रंग मिलाकर शराब तैयार किया जाता था. अनुमान है कि लोकल की बाजारों में खपाने की तैयारी चल रही थी. मकान मालिक का कहना है कि इस काम के बारे में उन्हें कुछ भी मालूम नहीं है. उत्पाद विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है. अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है.

## सरकार आपके द्वार में 10 लाभुकों को मिला पेंशन की स्वीकृति

**बोकारो।** सूबे के हेमन्त सरकार जन आकांक्षाओ को पूरा करने के लिए आपकी योजना,आपके सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जरीडीह प्रखंड के जैना पंचायत सचिवालय के परिसर में सोमवार को आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख देवनारायण भगत, सीओ प्रणव ऋतुराज, बीडीओ जयपाल महतो, मुखिया आनन्द महतो, विधायक के निजी सचिव विनोद महतो, पंसस बॉबी देवी व सुमित्रा कुमारी, उपमुखिया सोनी कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी, झामुमो नेता आजाद अंसारी, प्रखंड पंचायती राजपदाधिकारी मोहनलाल ठाकुर आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित एवं विभिन्न विभाग का स्टॉल निरीक्षण किया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार के 10 पेंशन की तत्काल प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वही 16 स्कूली छात्राओ के बीच 45 सौ रुपये का चेक वितरण किया गया। आयोजित शिविर में ग्रामीणों 16 स्टॉलो में ग्रामीणो ने विभिन्न योजनाओ के लिए 3392 आवेदन प्राप्त किया गया।

## हृदय रोग का प्रकोप बढ़ा सावधानी बरतें : डॉ महेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी ने मारवाड़ी धर्मशाला, चट्टी बाजार, रामगढ़ कैंट में निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया. शिविर में राँची के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुशवाहा ने करीब 100 मरीजों का इलाज किया. सबसे पहले डॉक्टर महेश कुशवाहा क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल,सचिव दीपक अग्रवाल और कार्यक्रम संयोजक रूपेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. इसके बाद डॉक्टर ने सभी मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हृदय रोग की समस्या बहुत बढ़ती जा रही है. कम उम्र के लोग भी इसके शिकार होते जा रहे हैं उसी को जागरूक करने के लिए यह शिविर लगाया गया है ताकि समय रहते उचित इलाज हो सके . उसके बाद सभी मरीजों का निशुल्क बीपी, शुगर और ई.सी.जी की जांच की गई. अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए आगे भी शिविर लगता रहेगा अंत में कार्यक्रम संयोजक रूपेश गुप्ता ने डॉक्टर एवं उनकी टीम में आए रवि शर्मा ,सयांतन और अरविंद का आभार व्यक्त किया।

## धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में रांची जिला के प्रत्येक धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। विभागीय निर्देशानुसार रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला के सभी 18 प्रखंड के 31 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस संदर्भ में जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उपायुक्त द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर अधिप्राप्त किये गये धान का लेखा एवं अन्य सभी जिम्मेवारी प्रतिनियुक्त जनसेवक एवं कर्मी की होगी। विभागीय संकल्प अनुसार सभी चयनित राइस मिल में एक-एक दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों द्वारा धान के मिलिंग कार्य का अनुश्रवण किया जायेगा। साथ ही प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी आवश्यकता अनुरुप नियमानुसार मिलर को धान उपलब्ध कराने तथा तैयार सीएमआर को गोदाम में जमा कराने के लिए संबंधित पक्षों से नियमित समन्वय स्थापित करने का कार्य भी करेंगे।

# बीबीएमकेयू शिक्षक संघ चुनाव का प्रचार थमा, वोटिंग आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में लगभग छह वर्ष के बाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव में बुधवार को वोटिंग होगी. मंगलवार को चुनाव प्रचार थम गया. वोटिंग की प्रक्रिया लगभग औपचारिक ही रहेगी, क्योंकि चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव और सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है. केवल उपाध्यक्ष पद के लिए वोटिंग होनी है. उपाध्यक्ष पद की पांच सीटों के लिए 6 उम्मीदवार मैदान में हैं. इनमें से केवल एक उम्मीदवार को ही मायूसी झेलनी पड़ेगी. इन उम्मीदवारों में सिंदरी कॉलेज की डॉ शर्मिष्ठा आचार्य, चास कॉलेज के रामप्रवेश कुमार, आरएसपी कॉलेज झरिया की अनामिका कुजूर, केबी कॉलेज बेरमो के मनोहर मांझी, आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर के अविनाश कुमार और पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद की किरोन रश्मि टोपनो शामिल हैं. कुल 173 शिक्षक वोटिंग में भाग लेंगे. मतदान के बाद दोपहर 2 से 3 बजे के बीच वोटों की गिनती होगी. बीबीएमकेयू शिक्षक संघ में पीजी डिपार्टमेंट केमिस्ट्री विभाग के डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष, पीजी डिपार्टमेंट के डॉ अमूल्य सुमन बेक महासचिव और पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के अजीत नारायण दास कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जा चुके हैं. जबकि पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के आशुतोष राहुल तिर्की, बीएसके कॉलेज मैथन की प्रियंजना हांसदा, चास कॉलेज चास के डेविड मुर्मू, केबी कॉलेज बेरमो की अलीशा वंदना लकड़ा और एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की विनीता सोरेन निर्विरोध सचिव बनी हैं.

### एक नजर

## देवरी थाना के हवलदार की हार्ट अटैक से मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के देवरी थाना में पदस्थापित हवलदार सीतानाथ महतो (48 वर्ष) की मंगलवार को ड्यूटी के दौरान अचानक मौत हो गई. मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है. सीतानाथ महतो रांची जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के सिमराटांड़ के रहने वाले थे. वह बीते डेढ़ वर्ष से देवरी थाना में पदस्थापित थे. जानकारी के अनुसार, सीतानाथ महतो की सोमवार की रात से तबीयत थोड़ी खराब थी. वह मंगलवार की सुबह देवरी थाना के नए भवन के पास कुर्सी लगाकर धूप में बैठे हुए थे. इसी दौरान अचानक कुर्सी से गिर गए. थाना के अन्य जवान उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. हवलदार सीतानाथ महतो के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया है. वहीं, घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है.

## हजारीबाग में लंदन बेरी का शो रूम खुला एसपी ने किया उद्घाटन



**हजारीबाग।** शहर के वंशीलाल चौक स्थित सिटी सेंटर में कपड़ों के चर्चित ब्रांड लंदन बेरी के शो रूम का शुभारंभ हुआ. मंगलवार को एसपी मनोज रतन चौथे ने इसका विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुकान में फैंसी और ब्रांडेड ड्रेसेस उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा. इससे शहर वासियों को सुविधा होगी. साथ ही हजारीबाग के लोगों को भी ब्रांडेड कपड़ा उपलब्ध हो पायेगा. प्रोपराइटर अमित कुमार ने बताया कि लंदन बेरी देश का जाना माना ब्रांड है. दुकान में कंपनी की जींस, शर्ट, परफ्यूम, बेल्ट इत्यादि जैसे उपलब्ध हैं. ठंड के मौसम के लिए जैकेट, बंडी, स्वेट शर्ट, ब्लेजर, स्वेटर भी उपलब्ध हैं. ग्राहकों को ज्यादा लाभ देने के उद्देश्य से कंपनी ने 70 प्रतिशत तक छूट दे रखी है. अमित कुमार ने बताया कि जल्द ही ई-कॉमर्स के माध्यम से भी कपड़े ऑनलाइन ऑर्डर कर के घर मंगा सकते हैं. इसके लिए भी जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं.

## धनबाद : आखिरकार कुमारधुबी के पूर्व ओपी प्रभारी को क्वार्टर खाली करना पड़ा

**धनबाद।** धनबाद जिले की कुमारधुबी ओपी पुलिस ने आखिरकार रिटायर्ड ओपी प्रभारी ललन प्रसाद सिंह के कब्जे से क्वार्टर को खाली करा दिया. पुलिसिया दवाब में मंगलवार की सुबह ललन सिंह को क्वार्टर खाली करना पड़ा. ज्ञात हो कि दो दिनों से कुमारधुबी पुलिस ने क्वार्टर के आंगन में डेरा जमा रखा था. इस दौरान वर्तमान ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव ने ललन सिंह से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने दरवाजा नहीं खोला. वह अपनी बीमार पत्नी के साथ क्वार्टर में डेरा जमाए थे. इसी बीच सोमवार की देर रात महिला पुलिस ने क्वार्टर में जबरन प्रवेश कर अपना कब्जा जमा लिया.अब रिटायर्ड ओपी प्रभारी के पास क्वार्टर खाली करने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं था. सो, सुबह होते ही उन्होंने क्वार्टर खाली कर दिया. उल्लेखनीय है कि क्वार्टर को लेकर कुमारधुबी ओपी के पूर्व व वर्तमान प्रभारी के बीच ठन गई थी.दोनों ने एक-दूसरे को देख लेने की धमकी तक दी थी.

## संदिग्ध आतंकी शहबाज को कोर्ट में पेश करने के बाद रांची ले गई एनआईए

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई में सोमवार को एनआईए की टीम ने छापेमारी कर संदिग्ध आतंकी आफताब पठान और शहबाज उर्फ गुड्डू को हिरासत में लिया था. हालांकि 12 घंटे की पूछताछ के बाद आफताब की संलिप्तता नहीं होने पर उसे छोड़ दिया गया था और शहबाज से पूछताछ जारी रखी. शहबाज के पास से पुलिस ने एक लैपटॉप और टैब के अलावा मोबाइल बरामद किया है. उसकी जांच एनआईए की टीम ने की है. सूत्रों की मानें तो टीम को यह जानकारी हाथ लगी है कि शहबाज आतंकवादी संगठन के लिए फंड जुटाने का काम करता था. इसके अलावा वह संगठन में नए-नए लोगों को भी जोड़ने का काम करता था. शहबाज सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को संगठन में जोड़ने का काम करता था. उसे सोशल मीडिया में कई ऐसे दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं. इधर, मंगलवार को एनआईए की टीम ने एमजीएम अस्पताल में मेडिकल करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया. वहां से टीम ने ट्रांजिट रिमांड पर उसे अपने साथ रांची ले गई. बता दें कि सोमवार तड़के 3 बजे एनआईए की टीम ने शहबाज के घर छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया. इसके साथ ही टीम ने आफताब पठान के घर भी छापेमारी की.

## बंटी ,गोडविन समेत 14 कुख्यात बंदियों को दूसरे जेल भेजने की कोर्ट ने दी इजाजत

**धनबाद।** धनबाद मंडल कारा में यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या के बाद तनाव को देखते हुए अदालत ने जेल प्रशासन को धनबाद जेल में बंद कुख्यात बंदियों को दूसरे जेल में तीन माह के लिए भेजने की सशर्त अनुमति दी है. धनबाद जेल प्रशासन ने जेल आईजी के निर्देश के आलोक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू की अदालत से 14 बंदियों को सुरक्षा एवं जेल के अंदर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से दूसरे जेलों में भेजने की इजाजत मांगी थी. इस पर अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि धनबाद जेल के अंदर की स्थिति जेल प्रशासन के काबू में नहीं दिख रही. कैदियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है. अदालत ने यह भी कहा है कि जेल आईजी ने अदालत को आश्वस्त किया है कि सभी बंदियों को निर्धारित तिथि को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश कराएंगे.

### एक नजर

## कांग्रेस नेताओं को दी गयी जिम्मेवारी

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पाण्डे के अनुमोदन पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठन सशक्तिकरण अभियान को गति देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिवों को विभिन्न अग्रणी संगठनों, विभागों/प्रकोष्ठों एवं कार्य विशेष की जिम्मेवारी दी है। प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो को संगठन, आदिवासी कांग्रेस, एससी विभाग, राकेश सिन्हा को मीडिया विभाग, मदन मोहन शर्मा को प्रोटोकॉल एवं जवाहर बाल मंच, मानस सिन्हा को युवा कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, टेजनिंग लोकसभा चुनाव समन्वय नियंत्रण कक्ष, संजय पांडे को प्रदेश इंटक, एनएसयूआई, सेवादल, असंगठित कामगार कांग्रेस और पुष्पा कुल्लू को प्रदेश महिला कांग्रेस की जिम्मेवारी दी गयी है। उक्त विभागों के अलावा अमूल्य नीरज खलखो को अन्य विभाग/प्रकोष्ठ का कार्यभार सौंपा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रभारी प्रदेश महासचिवों को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे प्रदेश में संगठन सशक्तिकरण को गति प्रदान करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया है।

## मोटिवेशनल स्पीकर ने नर्सों को किया मोटिवेट

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया के स्टडी सेंटर और अंजुमन इस्लामिया अस्पताल में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर सह राब्ता फाउंडेशन पुणे के अध्यक्ष सईद अहमद ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिसमें उन्होने अस्पताल के स्टाफ, नर्स से कहा कि मरीजों की तरफ मुस्कुरा कर देखने से ही मरीज का आधी बीमारी दूर हो जाती है। उन्हे ऐसा लगता है कि डॉक्टर या नर्स हमारी अच्छी देखभाल कर रहा है। हमें यहीं बनना है के मरीज को लगे कि यहां के डॉक्टर यहां के नर्स बहुत अच्छे है। आपकी एक मुस्कुराहट से मरीज ठीक हो जाते है।

## राज्य शिक्षा परियोजना परिषद एवं यूनिसेफ का दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला

# बच्चियों ने लिंग भेद, जीवन कौशल विषय पर नाटक कर किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला संपन्न हो गया। कार्यशाला का विषय था जीवन कौशल, अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं बच्चो में आत्मविश्वास है। इस राज्यस्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर अपने अनुभव सांझा किये। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालयों की बच्चियों द्वारा लिंग भेद, जीवन कौशल समेत अन्य विषयों पर नाटक पेश किया गया। बच्चियों ने अपने प्रस्तुतियों में बताया कि पितृसत्तात्मक समाज में अपने आत्मसम्मान के साथ-साथ एक सकारात्मक शारीरिक आत्मविश्वास का निर्माण कैसे किया जाए। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने शारीरिक बनावट से संबंधित रूढ़िवादिता को चुनौती देने और किशोरों को सक्षम बनाने के लिए इस तरह की कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर जोर दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी कनीनिका मित्रा, लक्ष्मी रंजन, श्रीमती पारुल शर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार, संजीव कुमार और पल्लवी आदि शामिल थे।

# विधिक जागरूकता शिविर में दी कानूनी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के आदेशानुसार मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर जागरूकता कैंप के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी के तहत, उन्हें प्रथम सूचना रिपोर्ट, बाल विवाह कानून, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 ,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से संबंधित कानून ,बंधवा मजदूरी एवं ठेका श्रम से संबंधित कानून, उपभोक्ता संरक्षण कानून ,लोकायुक्त, हमारा कानून हमारा कर्तव्य, निःशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाएं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सरकारी योजना का लाभ दिलवाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ किस तरह गरीबों की मदद करती है इसकी भी जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गई । इस विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू के मदस्सर नजर मंसूरी ( सी.ओ) सुरेश वर्णवाल (सी.आई) , पीएलवी अरविंद राम , चंदन कुमार तथा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### मिला सम्मान

## चाकुलिया डाइट में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# बीपीएम प्लस टू के छात्रों को प्रथम पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया डाइट में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इसमें जमशेदपुर के बमामाईंस स्थित बीपीएम प्लस टू हाई स्कूल की डॉ अंजू के मार्गदर्शन में नौवीं कक्षा की छात्रा ऋषिका कुमारी एवं फरीन खातून ने गैस लीकेज एंड स्मोक डिटेक्टर मॉडल प्रस्तुत किया. इसकी उपयोगिता को बताता हुए उन्होंने कहा कि इसकी मदद से एलपीजी गैस यदि लीक होगा तो उसे डिटेक्ट कर बजल बजेगा. इससे हम सावधान हो जाएंगे. यह स्मोक भी डिटेक्ट करेगा. स्मोकिंग से बहुत लोगों की मृत्यु हो जाती है, जो व्यक्ति स्मोकिंग करता है वह सिर्फ 20 प्रतिशत स्मोक ही के अंदर लेता है और 80 प्रतिशत बाहर छोड़ता है, जो आम लोगों की सांसों के द्वारा फेफड़ों तक धुआं पहुंच जाता है और लंग्स कैंसर का कारण बनता है. इस मॉडल के लिए इन दोनों छात्राओं को प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया. दूसरी ओर प्रदर्शनी में स्कूल की 11वीं कक्षा विज्ञान के छात्र अनीश कुमार, आशुतोष कुमार एवं सनी कुमार ने मिलकर ट्रेन एक्सीडेंट अलर्ट सिस्टम का मॉडल प्रस्तुत किया. जिसमें इन्हें भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. मंगलवार को स्कूल परिसर में प्रधानाध्यापिका रंजीता गांधी ने इन छात्र-छात्राओं का स्वागत किया. साथ ही उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी. इस दौरान रविंद्र कुमार, निरंजन कुमार, जितेंद्र, आलम, सुदीप्ति, अनीता, सबीना, अर्चना, करनदीप सिंह समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे.

# सार्थक बहस हो..

***झारखंड*** विधानसभा का शीतकालीन सत्र भारी हंगामे के बाद स्थगित करना पड़ा। बाद में अनुपूरक बजट पेश किया गया। दुर्भाग्य अधिकतर सत्र हंगामें की भेंट चढ़ते हैं। जिस कारण कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो पाते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। कारण संवैधानिक दृष्टिकोण से विधानसभा बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। जहां लोक कल्याण के नियम बनते हैं। ऐसे में आम आदमी की आकांक्षा यहां से ज्यादा जुड़ी रहती है। एक बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि अगर किसी पार्टी को किसी बात पर सहमति नहीं है तो अपनी बात को संवैधानिक तरीके से रखने की परंपरा को बनाये रखनी चाहिए। विरोधी दल जिस प्रकार भ्रष्टाचार, रोजगार और अपराध को लेकर सरकार की खिंचाई किये। यह उनका हक और अधिकार भी है। लेकिन जिस प्रकार निजी हमले किये गये वह कहीं से जायज नहीं माना जा सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि विरोध के लिए विरोध सही नहीं है। विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहीं से नीति का निर्धारण होता है। जनता की भावनाओं का सबको सम्मान करना चाहिए। सवाल करना गलत कतई नहीं है। लेकिन सवालों के जंगल में उत्तर का गायब होना सही नहीं है। सत्र की मर्यादा का ख्याल रखना जहां सत्ता पक्ष को जरूरी है। वहीं विपक्ष भी अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकता है। कहने का अभिप्राय यह कि विधानसभा एक ऐसी जगह है जहां से राज्य की दिशा और दशा का संचालन होता है। यह सही है कि अपराध और भ्रष्टाचार समाज को कमजोर कर रहे हैं। इसके लिए कठोर नियम बनाने की जरूरत है। ताकि कोई भी अपराध करने से डरे। बहरहाल सत्र स्थगित हो गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि सत्र के शुरू होते ही जिस प्रकार शोरगुल और हंगामा का दौर चलता रहा,वह कतई सही नहीं माना जा सकता है। आरोप-प्रत्यारोप के आकाश में तर्क संगत विरोध गलत नहीं है। लेकिन जिस प्रकार का वातावरण बनाया जाता है वह सही नहीं है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू का मामला हो या कोई भ्रष्ट आचरण का विरोध होना चाहिए। दूसरी तरफ इडी के समन के बाद भी मुख्यमंत्री का पेश नहीं होना यह बताता है कि हमारे आंगन की धूप इस ठंड में भी अच्छी नहीं लग रही है। जब कि ठंड अपने मुकाम पर है। एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि आमजन की समस्याओं का निपटारा करना सरकार का दायित्व है। सरकार सकारात्मक सोच के साथ इस दिशा में आगे बढ़े। विपक्ष का काम ही होता है कि उनकी कमियों को उजागर करना। इससे विचलित होने की जरूरत नहीं है। बहरहाल नारेबाजी के बीच शीतकालीन सत्र में विस में 8111 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हो गया है। अब इसके मायने की तलाश जारी है।

**विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहीं से नीति का निर्धारण होता है। जनता की भावनाओं का सबको सम्मान करना चाहिए। सवाल करना गलत कतई नहीं है। लेकिन सवालों के जंगल में उत्तर का गायब होना सही नहीं है। सत्र की मर्यादा का ख्याल रखना जहां सत्ता पक्ष को जरूरी है। वहीं विपक्ष भी अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकता है। कहने का अभिप्राय यह कि विधानसभा एक ऐसी जगह है जहां से राज्य की दिशा और दशा का संचालन होता है। यह सही है कि अपराध और भ्रष्टाचार समाज को कमजोर कर रहे हैं। इसके लिए कठोर नियम बनाने की जरूरत है।**

# भारत ही दुनिया में मानव-एकता को बल देने में सक्षम

**इन दिनों**


ललित गर्ग



***विविधता*** में एकता दर्शाने, मानवीय मूल्यों को बल देने, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नये रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है। 2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 'संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।' अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा।

**संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है। 2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं।**

## आप की बात



### अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा शाहपुर किला

***कोयल*** नदी के सुरम्य तट पर अवस्थित शाहपुर किला पलामू इतिहास के सैकड़ों वर्ष की गाथाओं को समेटे अविचल रूप से खड़ा है। यह इतिहास के 250 वर्षो के कालखंडों का मूक साक्षी बन चेरो साम्राज्य के वैभवशाली इतिहास का स्मरण दिलाता है। इतिहास के पन्नों में किला निर्माण के समय का स्पष्ट विवरण नहीं मिलता। बताया जाता है कि 1765-70 के आसपास किले का निर्माण चेरोवंशीय राजा गोपाल राय ने करवाया था। चेरो सत्ता के अवसान काल में पलामू का साम्राज्य यहीं से संचालित होने की बात इतिहासकारों ने कही है। 21 मार्च 1771 को पलामू किला अंग्रेजों के नियंत्रनाधीन हो जाने के बाद वर्षो तक शाहपुर किला में ही राजा का निवास था। बताया जाता है कि पलामू किला से शाहपुर किला तक सुरंग बना हुआ था। किले से कोयल नदी, मेदिनीनगर शहर समेत मनोहारी प्राकृतिक दृश्य दृष्टिगोचर होता है। फिलहाल शाहपुर का यह बदहाल चलानी किला अपनी दुर्दशा पर आठ आठ आंसू रोता नजर आता है। दरकती दीवारें, गिरते छत व भग्न होती इमारत चेरोवंश राजाओं के सुशासन की मूक दास्तां बयां कर रहा है। एक-डेढ वर्ष पूर्व किले को पुरातात्विक घोषित किये जाने की खबरें भी आई। बावजूद स्थिति यथावत है।

**- अजय तिवारी**
**डालटनगंज**

**राजनीति**

# वाराणसी की टूटी उदासी, गोवा से ज्यादा पर्यटक पहुंचने लगे काशी



आर.के.सिन्हा

***अगर*** कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टूरिस्ट समुद्र किनारे तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में 7.02 करोड़ टूरिस्ट वाराणसी पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट। यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ( अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजा-विधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनीतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था। संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी। लेकिन, गंगा की ''ब्रांडिंग'' तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टूरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे।

**गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था।**



**बोधि वृक्ष**

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**गीता** अध्याय 4 श्लोक 32 में कहा गया है की सच्चिदानंदघन ब्रह्म ने अपने अमृत भाषण (वाणी) में 'यज्ञों का ज्ञान अर्थात धार्मिक अनुष्ठानों का विस्तार से वर्णन किया है। वही सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान है। जिसे जानकर साधक को समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है। सच्चिदानंदघन ब्रह्म वाणी अर्थात सूक्ष्म वेद (पांचवा वेद) में कहा गया है कि : **औरों पंथ बता वहीं, आप न जाने राह। मोती मुक्ता दर्शत नाहीं, यह जग है सब अन्ध रे, दिखत के तो नैन चिसम हैं, फिरा मोतिया बिंद रे वेद पढ़ें पर भेद ना जानें, बांचे पुराण अठारा पत्थर की पूजा करें, भूले सिरजनहारा।** पहले समय में साधु, ऋषि, महर्षि, संत, आचार्य, शंकराचार्य पूजा की विधि बताते थे लेकिन वे स्वयं सतभक्ति मार्ग से अनभिज्ञ थे। वे बुद्धिमान प्रतीत होते थे क्योंकि वे संस्कृत भाषा के अच्छे जानकार थे लेकिन उनका आध्यात्मिक ज्ञान शून्य था। सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान (तत्वज्ञान) की कमी के कारण पूरी दुनिया पूजा के सतमार्ग से अनजान है। वे पवित्र ग्रंथ पढ़ते जरूर हैं, वेदों को कंठस्थ भी कर लेते हैं लेकिन उनमें छिपे हुए आध्यात्मिक तथ्यों से अनभिज्ञ रहते हैं। सभी शास्त्रों के विरुद्ध पूजा करते हैं। वेद में मूर्ति पूजा का कहीं उल्लेख नहीं है। सृष्टि के पालन-पोषण करने वाले असली परमपिता सृष्टि के रचयिता की उपासना को सब भूल गये हैं, जिसकी उपासना का प्रमाण वेद तथा सभी ग्रंथ देते हैं। गीता अध्याय 4 श्लोक 34 में कहा गया है कि, 'उस तत्वदर्शी संत से उस सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान को समझ, उन्हें प्रणाम करने और विनम्रतापूर्वक प्रश्न करने से वह तत्वदर्शी संत तुम्हें संपूर्ण आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे। उस आध्यात्मिक ज्ञान से वंचित सभी साधक जन्म और पुर्नजन्म के चक्र में फंसे रहते हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का जरिया

***प्रधानमंत्री*** नरेंद्र मोदी ने समाज के अतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं से किस तरह से गरीबों की जिंदगी में बदलाव आ रहा है ये जानने और अब तक जिन लोगों ने इसका फायदा नहीं उठाया है उन्हें प्रेरित और जागरुक करने के मकसद से भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी से उनकी जयंती पर प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह कार्यक्रम महज एक यात्रा नहीं है बल्कि लोगों में 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा करने का एक जरिया भी बन रहा है। खास बात यह है कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये देश भर के सभी पंचायतों में विशेष जागरुकता वैन पहुंच रही हैं और वहां विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कैंप और स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर भी लगाये जा रहे हैं ताकि वंचितों को भी जोड़ा जा सके और उन्हें योजनाओं का फायदा मिले। जगह जगह पंचायतों में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर का भी वितरण किया गया है। लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड भी बांटे जा जा रहे हैं। इस यात्रा के जरिये यह लक्ष्य रखा गया है कि सभी वंचितों को केंद्र की इन कल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित भी किया जा सके। शिविरों यानि कैंपों में सबसे अच्छी बात यह नजर आ रही है कि लाभुक भी मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं से जिंदगी में आये बदलाव की कहानी साझा कर दूसरे ग्रामीणों को जागरुक करने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन जन तक पहुंचने का एक बेहतरीन मॉडल दिखता है क्योंकि गांव के ही एक लाभुक दूसरे के लिए रोल मॉडल बन रहे हैं और वो केंद्र की विभिन्न योजनाओं के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका इस कैंप में निभाते नजर आ रहे हैं। इस उक्ति को अगर हम इस यात्रा के साथ जोड़कर देखते हैं तो यह साफ हो जाता है कि जिस तरीके से मेरी कहानी मेरी जुबानी इन मंचों पर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है वो सफलता की एक नई कहानी गढ़ने को तैयार है।

**'विनय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार'**

**शिविरों यानि कैंपों में सबसे अच्छी बात यह नजर आ रही है कि लाभुक भी मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं से जिंदगी में आये बदलाव की कहानी साझा कर दूसरे ग्रामीणों को जागरुक कर रहे हैं।**

**टेक वर्ल्ड**

## इन तरीकों से जान सकते है प्रदूषण का लेवल

***दिल्ली*** में प्रदूषण का लेवल खरतनाक रूप ले चुका है। दिल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी लगातार खराब होती जा रही है। पिछले दो दिनों से दिल्ली-एनसीआर में धूंध छाई हुई है। कई जगहों पर अदक का स्तर 700 से पार पहुंच गया है। ऐसे में घरों से निकलना तो दूभर हो ही गया है। दिल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी लगातार खराब होती जा रही है। अब आप भी अपने घर और क्षेत्र का अदक आसानी से पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको अपने फोन का इस्तेमाल करना है। आप चाहें तो गूगल पर अपने पूरे इलाके का अदक सर्च करके चेक कर सकते हैं या फिर किसी अदकचेकर ऐप्स की मदद ले सकते हैं, लेकिन इनकी मदद से आप अपने घर का अदक पता नहीं लगा सकते हैं। अपने घर या कमरे का अदक चेक करने के लिए आपको दूसरे प्रोडक्ट्स का सहारा लेना होगा। वो भी आप इसके लिए दो तरीके आजमा सकती हैं। पहले तो आप अदकचेक करने वाला कोई डिवाइस खरीद लें, या फिर दूसरा तरीका ये कि आप एयर प्यूरीफायर से इसका पता लगा सकते हैं।




**अदकचेक करने के लिए कोई डिवाइस :** अगर आप अदकचेक करने के लिए कोई डिवाइस लेते हैं तो उसके लिए आपको कम से कम 5 से 6 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ेंगे। इस पर आपको PM2.5 पार्टिकल्स के साथ टेम्परेचर और ह्यूमिडिटी की जानकारी मिलती है। इन डिवाइस को आपको अपने फोन में कनेक्ट करके कमरे में रखना होगा। फिर ये डिवाइस ऐप के जरिए आपको कई जानकारियां देगा। इनका इस्तेमाल आप अपने घर और वर्क प्लेस दोनों जगहों पर कर सकते हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### दूरसंचार विधेयक को संसद में किया गया पेश

नई दिल्ली। यदि टेलीकॉम कंपनियां पट्टे की अवधि से पहले अपना स्पेक्ट्रम सरेंडर करती हैं तो वे किसी भी रिफंड के लिए पात्र नहीं होंगे। विधेयक का उद्देश्य अप्रिय कॉलों और अन्य मुद्दों के खिलाफ शिकायतों को संभालने के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र और ऑनलाइन विवाद समाधान प्रदान करना है। लोकसभा में पेश किया गया दूरसंचार विधेयक, 2023 का मसौदा सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में किसी भी या सभी दूरसंचार सेवाओं या नेटवर्क को संभालने, प्रबंधित करने या निलंबित करने की अनुमति देता है।

### विहिप ने आडवाणी और जोशी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने राम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमिका निभाने वाले भाजपा के दो पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया है। विहिप ने निमंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार की तरफ से बयान जारी कर कहा, ₹राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा लाल कृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

### ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर फिर लैंडस्लाइड, बाधित रहा यातायात

**चमोली।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर एक बार फिर लैंडस्लाइड की घटना हुई। मंगलवार को चमोली जिले के बाजपुर नेशनल हाईवे पर पहाड़ी से चट्टान आकर गिरा, जिससे रास्ता बाधित हो गया। जिस वक्त हादसा हुआ उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। कड़ी मेहनत के बाद सड़क से मलबा हटाया गया। चमोली थाना अध्यक्ष कुलदीप रावत ने बताया कि नेशनल हाईवे पर चट्टान का मलबा आने की सूचना मिली तो तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस तरह से सड़क पर मलबा आने से कई बार लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राहगीरों की कोठियाल नंदप्रयाग सड़क से आवाजाही करवाई गई।

### सदन से हटाई गई जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर, गुस्से में कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंबेडकर की तस्वीर स्थापित करना एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन नेहरू की तस्वीर को हटाना इतिहास बदलने की भाजपा की साजिश है। 16वीं मध्य प्रदेश विधानसभा के पहले सत्र में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के स्थान पर डॉ. बीआर अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने को लेकर विवाद हुआ। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंबेडकर की तस्वीर स्थापित करना एक स्वागत योग्य कदम है।

### पहाड़ों पर बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में होगी बारिश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऊंचे इलाकों में जमकर बर्फबारी हो रही है। वहीं, कई जिलों में माइनस में पारा रिकॉर्ड किया गया है। ऐसे में हिमाचल में इस बार व्हाइट क्रिसमस की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में 22 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई गई है। ऐसे में शिमला सहित प्रदेश के अन्य उच्च क्षेत्र में व्हाइट क्रिसमस की संभावना जताई जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ का असर 26 दिसंबर तक रहने की संभावना जताई गई है। सोमवार को प्रदेश में धूप के खेलने से ठंड से कुछ राहत अवश्य मिली है, हालांकि न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया जा रहा है।

---

33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान रखेंगे विचार

# बोधगया में पहला अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम 20 से 23 दिसम्बर तक, दलाई लामा करेंगे उद्घाटन



**एजेंसी। गया (बिहार)**
बौद्ध धर्म गुरु सह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और बौद्ध केंद्र के सहयोग से 20 से 23 दिसम्बर के मध्य प्रथम अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम (आईएसएफ) का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम बिहार के बोधगया में आयोजित होगा, जिसमें 33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान विचार रखेंगे। इसका उद्घाटन दलाई लामा करेंगे। आईएसएफ ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि दलाई लामा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बौद्ध नेताओं की मौजूदगी में एक सभा होगी। यह आयोजन भारत, थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, बांग्लादेश और इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व और दक्षिण एशियाई देशों के पाली परंपराओं के कलाकारों के साथ-साथ तिब्बत से संस्कृत परंपरा के कलाकारों के एक साथ आने का भी गवाह बनेगा। इसके अलावा भूटान, नेपाल, वियतनाम, चीन, ताइवान, जापान, कोरिया, रूस, मंगोलिया और दुनिया के अन्य हिस्सों से भी कलाकार शामिल होंगे। कहा गया है कि आईएसएफ का लक्ष्य विनय नियमों के जटिल पहलुओं पर बातचीत को बढ़ावा देना और 21वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका का पता लगाना है। कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में भिक्षुओं, ननों और भिक्षु विद्वानों के बीच चर्चा होगी। इसमें बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी। चचाओं के बाद मंच के समापन के अंतिम दिन बोधगया के प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा होगी।
उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिसंबर में भारत सहित दुनिया भर से लगभग 5,000 भिक्षु और नन दो से 12 दिसंबर तक 18वें अंतरराष्ट्रीय टिपिटका जप कार्यक्रम के लिए बोधगया में एकत्र हुए थे। संगठन अंतरराष्ट्रीय भिक्षुओं को लाकर और उनकी शिक्षाओं को उनके मूल रूप में सुनाकर भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थानों के पुनरुद्धार की दिशा में काम करता है। यह संघ को एक साथ लाने और प्रतिष्ठित बौद्धों द्वारा धम्म वार्ता आयोजित करने का भी एक प्रयास है।

### पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह बने विधानसभा स्पीकर, सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रमन सिंह को स्पीकर चुने जाने का प्रस्ताव रखा। जिसका डिप्टी सीएम अरुण साव ने समर्थन किया। विपक्ष के नेता चरणदास महंत ने भी रमन सिंह को स्पीकर चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने समर्थन किया।रमन सिंह के पक्ष में बीजेपी सदस्यों की ओर से तीन और प्रस्ताव रखे गए। रमन सिंह ने रविवार को स्पीकर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था।

## 60 लाख की जालसाजी में पूर्व छात्र नेता गिरफ्तार



**एजेंसी। गोरखपुर**
सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य जेके लाल से 60 लाख रुपये लेकर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने के मामले में पूर्व छात्रनेता सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में पांच अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। रुद्रापुर के रहने वाले राधेश्याम ने एम्स थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सेडिका के पूर्व प्राचार्य प्रो. जेके लाल सहित दो लोगों ने फर्जी तरीके से उनकी जमीन बैनामा करा ली है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि ठगी राधेश्याम के साथ नहीं बल्कि पूर्व प्राचार्य के साथ ही हुई है। इस जालसाजी के पीछे उनके करीबी पूर्व छात्रनेता जितेंद्र सिंह का नाम सामने आया। जितेंद्र ने ही अपने दोस्तों की मदद से प्रो. जेके लाल को फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा दिया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सोमवार को बताया कि पकड़ा गया आरोपी पूर्व छात्रनेता जितेंद्र सिंह बलिया के नगरा स्थित खनवर का रहने वाला है।

# छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़



**एजेंसी। बीजापुर**
छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से नक्सल घटनाएं बढ़ गई है। बीजापुर में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। चिन्नागेलुर के जंगलों में ये मुठभेड़ हुई। एरिया डॉमिनेशन पर निकले जवानों पर हमलाः बीजापुर में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम चिन्नागेलुर की तरफ एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली हुई ती। इसी दौरान चिन्नागेलुर के जंगल में छिपे बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनड लॉचर) से जवानों पर हमला किया। जवानों ने भी नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की। जिसके बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर जंगल में भाग गए। जवान पूरे क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चला रहे हैं।
**छत्तीसगढ़ में बढ़ी नक्सली घटनाएंः** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली घटनाएं हो रही है। नई सरकार बनने के बाद सीएम के शपथ ग्रहण के दिन भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया जिसमें नारायणपुर में एक जवान शहीद हो गया। इसके दूसरे दिन कांकेर में बीएसएफ का जवान शहीद हो गया। जवानों के शहीद होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम ने नक्सलियों पर बड़ी कार्रवाई करने को लेकर निर्देश दिए।
**नक्सलियों पर लिया जाएगा बड़ा एक्शनः** सीएम विष्णुदेव साय ने नक्सलियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि₹ छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। बसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। नक्सलियों की बौखलाहट बढ़ गई है। जिसके चलते माओवादी कायराना हरकत कर रहे हैं। जैसे पहले 15 वर्षों में हम नक्सलियों से लड़ाई लड़ी है। इस बार डबल इंजन की सरकार है। उससे भी ज्यादा मजबूती के साथ आने वाले समय में नक्सलियों से लड़ाई लड़ेंगे।

**नई सरकार बनने के बाद सीएम के शपथ ग्रहण के दिन भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया**

1,039 बच्चों सहित 7,434 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया

# तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़ने, सेना ने संभाला मोर्चा



**एजेंसी। चेन्नई**
तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। पिछले 24 घंटे में हुई तेज बारिश ने दक्षिणी जिलों थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी में भारी तबाही मचाई है। भारतीय तट रक्षक बल और वायु सेना ने मदद कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं।
भारतीय तट रक्षक बल ने दक्षिणी तमिलनाडु में बाढ़ राहत के लिए मदुरै में पहले से ही परिचालन में मौजूद डोर्नियर और एएलएच का समर्थन करने के लिए एक अतिरिक्त उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) तैनात किया है। पिछले 24 घंटों में अभूतपूर्व बारिश होने से तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई। वायु सेना स्टेशन सुलूर को राहत एवं बचाव कार्यों का ऑपरेशन सौंपा गया है। मौजूदा समय में वायु सेना के एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर से बाढ़ पीड़ितों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी जिलों में बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाखों लोग घरों में फंसे हैं। सुरक्षाबलों की मदद से बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया है। इन चार जिलों का संपर्क तमिलनाडु के बाकी हिस्सों से कट गया है। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार सुबह तक 1,039 बच्चों सहित 7,434 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। कई जगह बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी है। कुछ स्थानों पर मोबाइल टावर ध्वस्त हो जाने से नेटवर्क में बाधा आ गई है। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात तक जनहानि के आंकड़े जारी नहीं किए। हालांकि, चार जिलों में हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। सैकड़ों वाहन बह गए हैं। थमीराबरन नदी उफान पर है।


पटना में खेल-खेल में कार में लॉक हो गए भाई-बहन

## अचानक लगी आग में जलकर दोनों की मौत

**एजेंसी। पटना**
दर्दनाक खबर राजधानी पटना से आ रही है, जहां खेल-खेल में एक भाई-बहन की जान चली गई। दोनों बच्चे कार की पिछली सीट पर बैठकर खेल रहे थे, इसी दौरान कार किसी तरह से लॉक हो गई और उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग में झुलसकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। घटना गौरीचक थाना क्षेत्र के सोहगी रामपुर इलाके में सोमवार की रात हुई। दरअसल, सोहगी रामपुर निवासी संजीत राम ने तीन महीने पहले ही एक सेकंड हैंड कार खरीदी थी। संजीत कार से घूमकर कहीं से वापस घर पहुंचा था और कार को घर के बाहर खड़ा कर दिया था। इसी दौरान संजीत राम का सात साल का बेटा राजपाल और उनके चचेरे भाई सुक्कन की 6 साल की बेटी सृष्टि कार में घुस गए। दोनों कार की पिछली सीट पर बैठकर खेल रहे थे, तभी कार भीतर से लॉक हो गई और उसमें आग लग गई। कार में आग लगने की घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंकर हंगामा करने लगे। घर के पास हंगामा सुनकर परिवार के लोग बाहर निकले तो कार में आग देखकर उनके होश उड़ गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने कार में लगी आग को बुझाने की कोशिश की लेकर आग की लपटें काफी तेज थी। जबतक दोनों बच्चों को कार से बाहर निकाला गया वे बुरी तरह से झुलस चुके थे। आनन-फानन में दोनों को परिजन बच्चों को संपतचक स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को फिर बड़ा झटका

# एचसी ने दी 1991 के मुकदमे को ट्रायल की मंजूरी



**एजेंसी। प्रयागराज**
वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश दिया है। ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1991 के मुकदमे को ट्रायल की मंजूरी दे दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पांच याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जज जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने मालिकाना हक विवाद के मुकदमों को चुनौती देने वाली सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मुकदमा देश के दो प्रमुख समुदायों को प्रभावित करता है। हाईकोर्ट ने कहा कि हम वाराणसी जिला ट्रायल कोर्ट को छह महीने में मुकदमे का फैसला करने का निर्देश देते हैं। काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी केस में 1991 में वाराणसी कोर्ट में पहला मुकदमा दाखिल हुआ था। याचिका में ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गई। प्राचीन मूर्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर की ओर से सोमनाथ व्यास, रामरंग शर्मा और हरिहर पांडेय बतौर वादी इसमें शामिल हैं। मुकदमा दाखिल होने के कुछ महीने बाद सितंबर 1991 में केंद्र सरकार ने पूजा स्थल कानून बना दिया। ये कानून कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे एक से तीन साल तक की जेल और जुमार्ना हो सकता है।

### भारत विश्व गुरु था, आगे भी रहेगा : महाराज

**वाराणसी।** संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज ने कहा कि आज का यह क्षण ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों स्ववेंद महामंदिर के प्रथम चरण का लोकार्पण हुआ। साथ ही द्वितीय चरण के कार्यों की शुरूआत हुई। उत्तर प्रदेश के ऊजार्वान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हैं, जो उत्तर प्रदेश को हर दृष्टि से विकसित करने के लिए निरंतर संकल्प-सेवारत हैं। योगी ही उपयोगी हैं। विहंगम योग के मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत प्रवर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके अंदर इच्छा और संकल्प की अद्भुत शक्ति है। पीएम भारत मां के ही सपूत हैं, राष्ट्र-सेवा में न्योछावर हैं। समर्पित हैं। सद्गुरु आचार्य स्वतंत्रदेव महाराज ने कहा, आज विहंगम योग के 100वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर आयोजित इस शताब्दी समारंभ महोत्सव के मंच पर विश्व के सबसे अधिक लोकप्रिय नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत अभिनंदन करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है।

### सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) में आग लगने 100 लोग थे फंसे




**लखनऊ ।** लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में इंडोक्राइन सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) में आग लग गई। इससे इंडोक्राइन सर्जरी के साथ ही बगल की ओटी में धुआं भर गया। इसे देखकर सर्जरी करा रही पीलीभीत की महिला व गाजीपुर के नवजात बच्चे को शिफ्ट किया जा रहा था कि दोनों ने दम तोड़ दिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले के जांच के आदेश दिए हैं। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड व पुलिस ने कर्मचारी की मदद से कॉम्प्लेक्स में फंसे करीब 100 लोगों को मुख्य द्वार और खिड़की तोड़कर बाहर निकाला। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद हालत सामान्य हुए।
**07 गाड़ियां, 55 दमकल कर्मी ने किया सहयोग :** आग लगने की सूचना दोपहर 12:58 बजे फायर कंट्रोल रूम को मिली। चंद मिनट में सबसे पहले पीजीआई फायर स्टेशन से गाड़ी पहुंची। इसके बाद सरोजनीनगर, गोमतीनगर और हजरतगंज से एक के बाद एक सात गाड़ियां पहुंचीं। करीब 55 दमकलकर्मी करीब दो घंटे में आग पर काबू पा सके। धुआं इतना ज्यादा था कि उसमें दम घुट रहा था। कुछ दिखाई भी नहीं दे रहा था। ऑक्सीजन लगाकर दमकलकर्मियों ने पूरा रेस्क्यू ऑपरेशन किया।

### डायरिया का कहर, 50 से ज्यादा मरीज मिले

**भिलाई।** खुसीर्पार के गौतम नगर में डायरिया (उल्टी-दस्त) फैलने से लोगों में हड़कंप मच गया है। यहां डायरिया के 34 मरीज मिले हैं। 4 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरे दुर्ग भिलाई में डायरिया से अब तक 50 से ज्यादा मरीज मिले हैं। अकेले गौतम नगर में अब तक 50 से ज्यादा लोग डायरिया से संक्रमित हो चुके हैं। भिलाई में डायरिया मरीजों का आंकड़ा 50 के पार : रविवार को वार्ड 42 गौतम नगर खुसीपार में अचानक कई लोग बीमार पड़ गए। एक साथ कई लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। 3 मरीज गुलाबो देवी (60 वर्ष), सुमन चौहान (36 वर्ष) और सीमा जायसवाल तीनों गौतम नगर खुसीपार को सिविल अस्पताल सुपेला और 1 मरीज को सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। खुसीर्पार पीएसस्सी इंचार्ज डॉ. करण पंसारी, यूबीएमओ डॉ पीएम सिंह, बीईई टीओ हितेंद्र कोसरे और विजय कुमार सैजुले ने पूरे क्षेत्र का सर्वे किया।

क्रिसमस-न्यू ईयर रहेगा खास, जगह जगह लगेंगे स्टॉल

# शिमला की हसीन वादियों में होगा विंटर कार्निवाल



**स्कूली बच्चे पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

विंटर कार्निवाल में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से सांस्कृतिक गतिविधियां भी पेश की जाएगी। बालिका आश्रम टूटीकंडी की बालिकाओं की ओर से भी प्रस्तुतियां पेश की जाएगी। विंटर कार्निवाल के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम दोनो ही तैयारियों में जुटे गए है। अधिकारियों का कहना है कि शिमला के अंतराष्ट्रीय समर फेस्टिवल की तरह ही शहर में गतिविधियां आयोजित होगी।

**एजेंसी। शिमला**
राजधानी शिमला में 25 दिसंबर से शुरू हो रहे विंटर कार्निवाल के दौरान शहर में देर रात तक लोगों को आने जाने की सुविधा मिलेगी। शहर में ऌफ्ळ्उ की बसें व टैक्सी सेवा देर रात तक जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने एचआरटीसी प्रबंधन को इस बारे में पत्र लिखा है।
**शिमला में देर रात तक चलेंगी बसें :** पत्र के माध्यम से शहर के अलग अलग क्षेत्रों में टैक्सी व बसों का संचालन करने को कहा है, ताकि लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। शहर के कई क्षेत्रों में शाम 9 बजे के बाद बस सेवा बंद हो जाती है। ऐसे में विंटर कार्निवाल के दौरान लोगों को आने जाने में दिक्कतें पेश आ सकती है।
**एचआरटीसी चलाएगा अतिरिक्त बसें-टैक्सियां :** इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एचआरटीसी की अतिरिक्त बसें व टैक्सियां चलाने को कहा है। वहीं मंगलवार को शिमला विंटर कार्निवाल को लेकर शिमला जिला उपायुक्त आदित्य नेगी विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इस दौरान एचआरटीसी व परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी बैठक में मौजूद रहने को कहा गया है। शिमला में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विंटर कार्निवाल चलेगा। इस दौरान शहर में काफी संख्या में लोगों के मौजूद रहने की उम्मीद जताई जा रही है। शिमला में विंटर कार्निवाल के दौरान जगह जगह स्टॉल लगेंगे। इस दौरान रोटरी टाऊन हॉल और रानी झांसी पार्क में विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। शहर में जगह जगह पर लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।
**झूले झूलेंगे बच्चे :** रानी झांसी पार्क में विंटर कार्निवाल के दौरान बच्चे झूले का आंनद भी उठा सकेंगे। इसके अलावा हिमाचल के हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी भी शहर में लगाई जाएगी, ताकि प्रदेश के कारीगरों को अपने उत्पाद देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों तक पहुंचाने का मौका मिल सके।

### बाबा महाकाल की शरण में पहुंचे सांसद रवि किशन

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर क्षेत्र के सांसद रवि किशन आज बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे थे। जहां उन्होंने नंदी हॉल से बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए और पूजन अर्चन भी किया। बाबा महाकाल की पूजा अर्चना के बाद सांसद रवि किशन ने अमर उजाला को बताया कि मैं बाबा महाकाल का सेवक हूं और उन्हीं के चरणों का दास हूं। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति और यहां सेवा कार्यों में लगे लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं, बाबा महाकाल के दर्शन करने का मेरा अनुभव अच्छा रहा है। अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंदिर में की गई व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की और कहां की मैं उन्हें प्रणाम करता हूं। वहीं, मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर में कई कार्य किए गए हैं।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 58.850

चांदी (किलो) 75.500

## एक नजर

### आईपीएल नीलामी में बैठेंगे ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की नीलामी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। पिछले साल एक घातक कार दुर्घटना के बाद पंत एक साल के लिए एक्शन से बाहर हो गए हैं और उनके आईपीएल 2024 में फिर से खेलने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए नीलामी टेबल पर बैठने को लेकर पंत उत्साहित महसूस कर रहे हैं। पंत ने कहा, मैं सोचता था कि एक दिन मैं टेबल पर बैठ पाऊंगा, किसी तरह टीम की मदद कर सकूंगा या ऐसा ही कुछ। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कर पाऊंगा लेकिन किसी तरह चीजें ठीक हो गईं और मैं यह करने में सक्षम हूं।

### भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साई सुदर्शन

**जोहान्सबर्ग।** आईपीएल 2023 और इमर्जिंग मेन्स एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के दम पर साईं सुदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। इस बांए हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 55 रन बनाकर नाबाद रहे। बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में साई सुदर्शन ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर किसी का सपना है। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया। 117 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, साईं सुदर्शन ने एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी और अपने पहले वनडे मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला।

### मुंबई में रोहित का कद सीएसके में धोनी के समान है : इरफान

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की विरासत की सराहना की है और इसकी तुलना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में एमएस धोनी के कद से की है। जैसे ही मुंबई इंडियंस के साथ रोहित की कप्तानी के युग का अंत हुआ, एक नए अध्याय की शुरूआत हुई। 15 दिसंबर को फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पांड्या को रोहित का उत्तराधिकारी घोषित किया। यह परिवर्तन न केवल नेतृत्व में बदलाव का प्रतीक है बल्कि एक ऐसे युग का अंत भी है, जहां रोहित ने टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के कद और महान एम.एस. के बीच समानताएं बताईं। 2013 सीजन के बीच में कप्तानी संभालने वाले रोहित ने मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक फाइनल में सीएसके के खिलाफ अपनी पहली चैंपियनशिप जीत दिलाई। 2015, 2017, 2019 और 2020 के बाद के वर्षों में रोहित की कप्तानी की क्षमता देखी गई, जिसने मुंबई इंडियंस को आगे की जीत के लिए प्रेरित किया।

## आईपीएल अनसोल्ड खिलाड़ी

# स्टीव स्मिथ, मनीष पांडे व करुण नायर को नहीं मिला कोई खरीदार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे को भी किसी ने अपनी टीम में नहीं लिया। मनीष का बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। आईपीएल के 170 मैचों में उन्होंने 29.07 की औसत से 3808 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 120.97 का है। आईपीएल के आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में हो रही है। 333 खिलाड़ी नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। सभी टीमों के पास कुल 77 स्थान ही बाकी हैं। ऐसे में अधिकतम खिलाड़ी अनसोल्ड हो जाएंगे। इस लिस्ट में कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम जुड़ते जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को किसी ने नहीं खरीदा। हालांकि, पहले राउंड में जिन खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगी है उनके नाम नीलामी के अंत में फिर से लिए जा सकते हैं। स्मिथ आईपीएल में पुणे सुपर जाएंट्स और राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर चुके हैं। स्मिथ का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। वह दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोच्चि टस्कर्स केरला और पुणे वॉरियर्स इंडिया की टीम का भी हिस्सा रहे हैं। स्मिथ ने आईपीएल के 103 मैचों में 34.51 की औसत से 2485 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 128.09 का रहा है।

**मनीष पांडे के पास 170 आईपीएल मैचों का अनुभव :** भारत के अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे को भी किसी ने अपनी टीम में नहीं लिया। मनीष का बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। आईपीएल के 170 मैचों में उन्होंने 29.07 की औसत से 3808 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 120.97 का है। पांडे आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पुणे वॉरियर्स इंडिया, कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

**करुण नायर को भी नहीं मिला खरीदार:** भारत के बल्लेबाज करुण नायर भी नहीं बिक पाए। नायर का बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। वह आईपीएल में 76 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 23.75 की औसत से 1496 रन बनाए हैं। नायर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइटराइजर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम का हिस्सा रहे हैं।

**रिले रूसो भी रहे अनसोल्ड :** दक्षिण अफ्रीका के रिले रूसो को भी किसी ने नहीं खरीदा। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। रूसो आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा रहे हैं। रूसो ने 14 मैच खेले हैं।




### ये खिलाड़ी भी नहीं बिके

**इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिलिप सॉल्ट, ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश, श्रीलंका के विकेटकीपर कुसल मेंडिस, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान, दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी, न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी, वेस्टइंडीज के अकील हुसैन, इंग्लैंड के आदिल रशीद, अफगानिस्तान के वकार सलामखिल और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेडलवुड को भी किसी ने नहीं खरीदा।**

# भोपाल बनी कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल क्रिकेट चैंपियन

**एजेंसी। रांची**




कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल क्रिकेट टूनार्मेंट के दसवें संस्करण के फाइनल मैच में भोपाल टाइगर्स ने सी ए आइकॉन इंदौर की टीम को 34 रनो से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली । टोरियन स्कूल के मैदान में खेले गए फाइनल मैच में टॉस जीतकर इंदौर की टीम ने गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल की टीम ने 20 ओवर्स में 8 विकेट खोकर 166 रन बनाय। भोपाल के शिवम् द्विवेदी ने सर्वाधिक 31 रन बनाये क जवाब में इंदौर की टीम 20 ओवर्स में 132 रन ही बना पायी । इंदौर के भुमित के 36 एवं राहुल की 33 रन की पारी भी इंदौर को जीत नहीं दिला पायी । फाइनल मैच में भोपाल के ऋषि लोया ने 24 रन बनाये और 1 विकेट भी लिया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया । इस से पहले खेले गए सेमीफइनल में इंदौर ने उदयपुर एवं भोपाल ने जयपुर को हराकर फाइनल में जगह बनायीं ।

## झारखंड के अनित उरांव को 80 मीटर हार्डल में गोल्ड

**एजेंसी। रांची**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा लखनऊ में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के अंडर 14 ऐथलेटिक्स के 80 मीटर हार्डल में राज्य के अनीत उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अनित उरांव का चयन खेलो झारखण्ड अंतर्गत राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वारा राज्य टीम में किया गया था। गुमला जिला के लूथरें स्कूल का छात्र अनीत ने 11.31 सेकेंड का टाइम निकलते हुए स्वर्ण पदक जीता है। अनित ने इससे पहले इसी प्रतियोगिता 100 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।



## ऑस्ट्रेलिया ने जॉनसन के खिलाफ लिया एक्शन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने अपने कॉलम के जरिए डेविड वार्नर पर हमला बोला था। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए जॉनसन को ऑप्टस स्टेडियम में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं करने का फैसला लिया। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में मिचेल जॉनसन को ऑप्टस स्टेडियम में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं होने दिया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने फैसला किया कि वह पर्थ टेस्ट के दौरान जॉनसन को गेस्ट के रूप में शामिल करने की अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान नहीं कर सकता।

# इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**एजेंसी। त्रिनिदाद**

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले अंतिम दो टी-20 मैचों के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और अनुभवी शिमरॉन हेटमायर को 15 खिलाड़ियों के समूह से बाहर कर दिया गया है। कैरेबियाई टीम वर्तमान में पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है और मंगलवार को त्रिनिदाद में चौथे मैच में जीत या गुरुवार को उसी स्थान पर अंतिम मुकाबले में जीत के साथ श्रृंखला जीत सकती है। जहां वेस्टइंडीज एडिलेड और ब्रिस्बेन में मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेताओं के खिलाफ दो टेस्ट खेलेगा और कुल छह सफेद गेंद तीन वनडे और तीन टी20 खेले जाने हैं। जोसेफ तीनों प्रारूपों में वेस्टइंडीज की तेज गेंदबाजी इकाई के एक प्रमुख सदस्य हैं और वर्तमान में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान छह विकेट के साथ समान रूप से अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



### वेस्टइंडीज टीम

**रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, काइले मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड और ओशेन थॉमस।**

## एसए20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है : ग्रीम

**नई दिल्ली।** एसए20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की। स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं। एसए20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें।

# पुरुष-महिला सीएम आमंत्रण फुटबॉल में रांची ने पलामू को 9-0 से हराया

**एजेंसी। रांची**

पर्यटन ,कला ,संस्कृति ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन का मैच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी एवं मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला गया। दूसरे दिन का मैच के शुरूआत में जिला खेल पदाधिकारी, रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।



**दूसरे दिन के सभी मैचों का परिणाम इस प्रकार है :** महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता टीम ने पलामू जिला उपविजेता टीम को आसानी पूर्वक 9-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में रांची विजेता टीम ने पलामू विजेता टीम को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## व्यापार

# 2023 में 125 बिलियन डॉलर के प्रवाह के साथ भारत वैश्विक प्रेषण सूची में शीर्ष पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भारत में आवक प्रेषण 12.3 प्रतिशत बढ़कर 125 बिलियन डॉलर हो गया, जो 2022 में 111.22 बिलियन डॉलर था। भारत का आवक प्रेषण अब देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है। सोमवार को जारी विश्व बैंक की माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ्र में कहा गया है कि भारत विश्व स्तर पर प्रेषण का सबसे अधिक प्राप्तकर्ता बना हुआ है, इसके बाद मेक्सिको (67 बिलियन डॉलर) और चीन (50 बिलियन डॉलर) हैं। वर्तमान में दक्षिण एशिया में भेजे जाने वाले कुल प्रेषण में भारत की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत है, जो 2022 में 63 प्रतिशत से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, प्रेषण की वृद्धि दर लैटिन अमेरिका और कैरेबियन (8 प्रतिशत) में सबसे अधिक है, इसके बाद दक्षिण एशिया (7.2 प्रतिशत) और पूर्वी एशिया और प्रशांत (3 प्रतिशत) का स्थान है। भारत में बढ़ते प्रेषण के पीछे मुख्य कारक मुद्रास्फीति में गिरावट और उच्च आय वाले देशों में मजबूत श्रम बाजार हैं, जिसने अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में कुशल भारतीयों से प्रेषण को बढ़ावा दिया। भारत में कुल प्रेषण प्रवाह में इन तीन देशों का हिस्सा 36 प्रतिशत है। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) से उच्च प्रवाह ने भी वृद्धि में योगदान दिया, विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से, जो भारत के कुल प्रेषण का 18 प्रतिशत हिस्सा है, जो अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में प्रेषण प्रवाह को सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने और भुगतान और मैसेजिंग सिस्टम को इंटरलिंक करने के लिए सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ फरवरी 2023 के समझौते से विशेष रूप से लाभ हुआ।सीमा पार लेनदेन में दिरहम और रुपये का उपयोग औपचारिक चैनलों के माध्यम से अधिक प्रेषण को प्रसारित करने में सहायक होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक दक्षिण एशिया में कम प्रेषण लागत है। 4.3 प्रतिशत पर, दक्षिण एशिया में 200 डॉलर भेजने की लागत 2023 की दूसरी तिमाही में वैश्विक औसत 6.2 प्रतिशत से 30 प्रतिशत कम है।




## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शहीद चौक पर खोली नई शाखा


**रांची।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एसएफबी) ने रांची में शहीद चौक पर अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। बैंक का लक्ष्य डिजिटल बैंकिंग को प्राथमिकता देकर और राजस्व धाराओं में विविधता लाकर एक विविध और स्थिर ग्राहक आधार बनाना है। उज्जीवन एसएफबी अपनी 20 शाखाओं के माध्यम से झारखंड में 2 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इतिरा डेविस ने कहा कि हमें रांची में अपनी नई शाखा के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बचत और जमा पर प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों सहित वैयक्तिकृत बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की हमारी विस्तृत



# उधार लेने वाले 18% ही डेटा गोपनीयता के बारे समझते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2023 में उधार लेने के लिए कंज्यूमर ड्यूरेबल और बिजनेस की जरूरतें अब भी मुख्य कारण बनी हुई हैं। फाइनैंशियल सर्विसेस के डिजिटलाइजेशन की बढ़ती स्वीकृति की वजह से उधार लेने वालों में से 29% लोग ऑनलाइन लोन का विकल्प चुनते हैं। 51% अपने अगले लोन के लिए ऑनलाइन चैनलों पर जाना चाहते हैं। उधार लेने वालों में सिर्फ 18% डेटा गोपनीयता के नियमों के बारे में समझते हैं, उनमें से ज्यादातर (88%) इस मामले में सिर्फ ऊपरी समझ रखते हैं। लोन लेने के लिए ईएमआई कार्ड अब भी सबसे पसंदीदा माध्यम बने हुए हैं, जिन्हें उधार लेने वालों में से 49% लोग स्वीकार करते हैं। रांची में जवाब देने वालों में 21% लोग लोन कंपनियों की ओर से अपने व्यक्तिगत डेटा के इस्तेमाल के बारे में समझते हैं रांची में, ज्यादा डिजिटल उधार देने वाली कंपनियों के आने की वजह से फिनटेक में बढ़ोतरी के बारे में 81% आशावादी हैं; 77% ऑफलाइन चैनलों की तुलना में ऑनलाइन लोन को ज्यादा सुविधाजनक मानते हैं रांची, 2023ः अग्रणी ग्लोबल कंज्यूमर फाइनैंस प्रोवाइडर की स्थानीय शाखा, होम क्रेडिट इंडिया ने मंगलवार को अपना वार्षिक कार्यक्रम हाउ इंडिया बॉरोज-सर्वेक्षण 2023 लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य लगातार विकसित हो रहे कंज्यूमर के उधार लेने से जुड़े व्यवहार को समझना है। 2021 के बाद से, उधार लेने का चलन घर चलाने से लेकर स्मार्टफोन और घरेलू उपकरणों (2023 में 44%) जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल खरीदने में बदल गया था।



## जेजेयू प्रोफेसर की पुस्तक विमोचन में बोले विदेशमंत्री

# पीछे मुड़कर देखना, खुद को सही करना जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा आजादी के 75 साल बाद विदेश नीति के बारे में अधिक आत्मनिरीक्षण करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि अक्सर हम सोचते हैं कि जो निर्णय लिए गए, वे ही एकमात्र निर्णय थे जो लिए जा सकते थे, जो शायद पूरी तरह सच नहीं हो। तो, मुझे लगता है कि काल्पनिक होने की आवश्यकता नहीं है। पीछे मुड़कर देखना, तरोताजा रहना, खुद को सही करना महत्वपूर्ण है। विदेश नीति को सही करने के लिए पीछे मुड़कर देखना महत्वपूर्ण है, पीछे मुड़कर देखते रहें, तरोताजा होते रहें और खुद को सही करते रहें।"विदेश मंत्री जयशंकर ओ. पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल इनिशिएटिव्स के डीन पूर्व भारतीय राजनयिक, प्रो. मोहन कुमार की पुस्तक, इंडियाज मोमेंटः चेंजिंग पावर इक्वेशन अराउंड द वर्ल्ड के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। पुस्तक का प्रकाशन हार्पर कॉलिन्स द्वारा किया गया है। जयशंकर ने कहा, विदेश नीति के संदर्भ में हम सभी वातार्कार हैं। निश्चित रूप से जब कूटनीति की बात आती है। आज जब हम प्रौद्योगिकी मुद्दों या सुरक्षा मुद्दों को देख रहे हैं, या रणनीतिक स्वायत्तता पर बहस कर रहे हैं, तो छह कारक हैं, जिन्हें डॉ. मोहन कुमार ने अपनी पुस्तक में एकीकृत ढांचे के रूप में संदर्भित किया है। इसमें से पहला वह गांधी लिटमस टेस्ट कहते हैं, गरीबी वीटो। दूसरा एक नीतिगत स्थान है और अन्य में घरेलू राजनीति, भूराजनीतिक अनिवार्यताएं, बहुपक्षवाद और अंत में भौतिक लाभ शामिल हैं, क्योंकि अंत में यह सबके अच्छे के लिए है। मंत्री ने विस्तार से कहा, जैसा कि भारत 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के करीब पहुंच रहा है, हमारे हितों की सीमा, हमारे विकास की सीमा को देखते हुए, शायद हम निर्णय लेने में दो अन्य कारकों पर भी विचार कर सकते हैं। एक वास्तव में व्यापक राष्ट्रीय शक्ति है, क्योंकि यह हमेशा वह नहीं है, जिसका आप बचाव कर रहे हैं, यह वह भी है, जो आप प्राप्त कर रहे हैं। डब्ल्यूटीओ शब्दावली में आक्रामक हित भी एक ऐसी चीज है, जिसे हमें ध्यान में रखना होगा और दूसरा यह है कि जैसे-जैसे हम बढ़े हैं, यह विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में है, मुझे लगता है कि इस पर जोर देना अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है। किसी भी समझ के हिस्से के रूप में इसका कितना हिस्सा इसे भारत में बनाया जाएगा और भारत में नियोजित किया जाएगा। अगर मुझे अमृत काल और विकसित भारत की ओर यात्रा को देखना हो, तो मैं निश्चित रूप से आज यह तर्क दूंगा कि अगर मुझे एक बनाना होता निर्णय के अनुसार, मैं निश्चित रूप से उन निर्णयों पर गौर करूंगा, जो व्यापक राष्ट्रीय शक्ति में जोड़ या घटाव करेंगे और यह वास्तव में भारत के भीतर गहरी ताकत बनाने में योगदान देगा।




## टॉप-10 स्टील कंपनियों की सूची में शामिल होगा सेल : अमरेन्दु प्रकाश

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के देश के प्रतिष्ठित उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को दुनिया के टॉप 10 स्टील कंपनियों की सूची में शामिल कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। वर्तमान में सेल स्टील उत्पादक कंपनियों की विश्वस्तरीय सूची में 21वें स्थान पर है। सेल के अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने दिल्ली स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में खास बातचीत में कहा कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में स्टील की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेल न केवल अपने उत्पादों की गुणवता को बेहतर बनाएगा बल्कि उत्पादन को बढ़ाने के लिए आधुनिक तरीकों को अपनाएगा और इस दिशा में नए-नए अन्वेषण पर भी जोर देगा।



# देश को वैश्विक विकास का स्टार परफॉर्मर बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक सुदृढ़ता और विकास की सराहना की है। कोष ने अपनी वार्षिक आर्टिकल क्ष परामर्श रिपोर्ट में कहा है कि भारत एक ह्यस्टार परफॉर्मरह्व के रूप में उभरा है। कोष ने अनुमान जताया है कि भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों की सहायता से भारत इस साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए ठोस आधार प्रदान करने के क्रम में सरकार द्वारा अवसंरचना में निवेश करने और आवश्यक लॉजिस्टिक्स विकसित करने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। इसमें कहा गया है, ह्लसरकार ने कई संरचनात्मक सुधार किए हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रमुख सुधार डिजिटलीकरण है, जो कई वर्षों से विकसित हो रहा है और इसने भारत को भविष्य में बेहतर उत्पादकता और विकास के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान किया है।ह्व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। आईएमएफ का कहना है, यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं, तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है।



**चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया**

## आईएमएओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

**कोलकाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने अपने सदस्यों के बीच व्यावसायिकता और विशेषज्ञता बढ़ाने के प्रयासों के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (आईएमएओ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बैंगलुरू में आयोजित आईसीएसआई-सीआईआरसी के कॉरपोरेट सीएस पर दूसरे क्षेत्रीय सम्मेलन में आईसीएसआई और आईएमएओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस मनीष गुप्ता ने बताया, 'हितधारकों की बढ़ती जरूरतों और अपेक्षाओं को समझना और पेशेवर ज्ञान और कौशल में लगातार सुधार करना जरूरी है। आईएमए के साथ सहयोग इसमें मददगार साबित होगा। इससे दक्षता बढ़ेगी और कामकाजी पेशेवरों की विभिन्न चुनौतियों के लिए नए मौके मिलेंगे।

## एक नजर

### पाटन प्रखंड के बूथों का डीसी ने किया निरीक्षण

**पलामू ।** पाटन प्रखंड के बूथ संख्या 204205 और 235 का उपायुक्त शशि रंजन ने सुपर चेकिंग अभियान के तहत बूथों का भ्रमण किया. केलहार 205, सगुना 204, 235 किशनपुर मतदान केंद्र पर जाकर डीसी ने पूरी जानकारी ली. मौके पर पाटन के प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन अमित कुमार झा, अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा और उतम कुमार मौजूद थे।

### 92 सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्याः शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने लोकसभा की सुरक्षा में गंभीर चूक पर विरोध जता रहे विपक्षी पार्टी के भारी संख्या में सांसदों के निलंबन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा के लिये आवाज उठाने वाले जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों का निलंबन लोकतंत्र की जघन्य हत्या है। एक तरफ तो सरकार तानाशाही का प्रदर्शन करते हुये सांसदों का निलंबन कर रही है। दूसरी तरफ विपक्ष विहीन संसद में बगैर समुचित बहस के ही धड़ाधड़ विधेयकों को पास किया जा रहा है। यह संसदीय परंपरा के खिलाफ है।

### युवक की मौत की जिम्मेवार प्रशासन : रूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने होमगार्ड बहाली में दौड़ के दौरान रेड़मा निवासी अभ्यर्थी विकास तिवारी पिता मनोज तिवारी की मौत के लिये प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा व्यापक बेरोजगारी के कारण होमगार्ड में भर्ती के लिये अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूसरी तरफ जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में प्रशासन द्वारा बगैर स्वास्थ्य जांच के ही दौड़ करवाना जानलेवा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवक काफी मेहनतकश तथा घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उन्होंने उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर मृतक के परिजनों एवं आश्रितों को मुआवजा की मांग की है।

### बाइक दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाने के समीप अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से उस सवार तीन लोग घायल हो गये। जिसमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस टीम ने घायलों को पुलिस जीप में बैठाकर इलाज के लिए सीएचसी केंद्र ले जाया गया। जहां आन ड्यूटी डा. अरुण कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल गोलू कुमार यादव को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन सुविधा के अनुसार औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर चले गये। डा. अरुण कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल गोलू सहित सूरज यादव एवं कुंदन यादव बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला के बैजनाथ बिगहा गांव के रहने वाले हैं।

# पलामू में मनरेगा की योजनाओं में भारी गड़बड़ी, हुई फर्जी निकासी

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

जिले के हुसैनाबाद प्रखंड का जंगलों पहाड़ों से घिरा ग्राम पंचायत महुदंड में मनरेगा की योजनाओं में भारी गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने मंगलवार को उप विकास आयुक्त पलामू से की है। आवेदन में कहा गया है कि आधार कार्ड में विद्यार्थियों की उम्र बढ़ाकर उनके नाम पर निकासी की गई है। इतना ही नहीं जेल में बंद व्यक्ति, बाहर में काम कर रहे व्यक्ति और होमगार्ड की नौकरी कर रहे व्यक्ति के नाम पर विभिन्न योजनाओं में फर्जी निकासी की गई है।

**बैंककर्मी भी बना मनरेगा मजदूर :** आरोप है कि मुखिया व कनीय अभियंता की मिलीभगत से जिनके पास जमीन नहीं है, उनका भी मेढ़बंदी का बिल बनाया गया है। आरोप है कि योजना संख्या 7080902919080 रामजी यादव के खेत में मेढ़बंदी कार्य में एसबीआई हुसैनाबाद में कार्यरत रामजी यादव के नाम जॉब कार्ड संख्या 11/403 से फर्जी निकासी की गई है। योजना संख्या 7080902998609 प्रमोद यादव की जमीन में मेढ़बंदी कार्य जेल में बंद सुरेंद्र यादव के नाम जॉब कार्ड संख्या 002/215 में निकासी की गई है। योजना संख्या 7080902979990 शीला देवी के खेत में मेढ़बंदी कार्य में एक वर्ष से दूसरे राज्य में कार्य कर रहे आमोद यादव के नाम जॉब कार्ड संख्या 002/220 में निकासी की गई है।

**वेरिफिकेशन के बाद होगी कार्रवाईः मनरेगा लोकपाल :** मामले में मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में भी यह मामला आया है। आवेदन देकर इस सिलसिले में शिकायत की गई है। मामले में वेरिफिकेशन करने के बाद संबंधित आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी। यह वित्तीय अनियमित का मामला है। राशि रिकवरी के साथ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।




### सात लाख की रिकवरी राशि नहीं हुई जमा

आरोप है कि कई योजनाएं ऐसी भी है जो सिर्फ कागज पर ही कर ली गई। आरोप है कि मुखिया के लोगों के द्वारा ही योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है। पूर्व में प्रखंड के द्वारा की गई जांच में मनरेगा योजनाओं में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी। रोजगार सेवक पंचायत सेवक समेत अन्य पर सात लाख रुपए की रिकवरी गिराई गई थी। आज तक रिकवरी की राशि किसी ने जमा नहीं की है।

### मुखिया का नहीं मिला पक्ष

ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त से महुदंड पंचायत में किए गए मनरेगा कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने व दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मुखिया मीना देवी से इस संबंध में उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# गढ़वा में मुठभेड़ के बाद जेजेएमपी का नक्सली गिरफ्तार, एके 47 बरामद

**आरएनएम संवाददाता। गढ़वा**

जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेगुरा के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) और रंका पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान शिवपूजन मुंडा उर्फ शिवपूजन भूईहर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक एके 47, चार मैगजीन, 83 गोली, वॉकी-टॉकी एक, मोबाइल चार, वर्दी एक, पिट्ठू बैग सहित छोटे मोटे 18 सामान को बरामद किया है। पलामू जोन की आईजी राजकुमार लकड़ा ने मंगलवार को बताया कि गत दो माह से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के क्रियावादी टुनेश उरांव अपने दस्ते के सदस्यों के जरिये गढ़वा जिले के रमकंडा, रंका, चिनियों, भंडरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील होकर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों से लेवी वसूलने के लिए धमकी दे रहा है। निमार्ण कार्यों ये लगे मशीनरी को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हुए संवेदकों एवं आम जनता को आतंकित कर रहा है। इस दौरान खुटवों मोड़ थाना-रंका में बन रहे एल एंड टी कंपनी के पानी टंकी में टुनेश उरांव के दस्ते ने लेवी लेने के उद्देश्य से सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया था। इस संबंध में रंका थाना में 17 दिसम्बर को 17 सीएलएक्ट दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बीच गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ढेगुरा स्थित सुअरमरवां जंगल में टुनेश उरांव अपने दस्ते के साथ लेवी लेने के लिए विध्वंसक कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी रंका, रमकंडा, चिनियों एवं सशस्त्र बल के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम जैसे ढेगुरा गांव की ओर स्थित जंगल के नाला के पास पहुंची तो सामने की ओर से आ रहे जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश उरांव के दस्ते के साथ मुठभेड़ हो गयी। टीम में शामिल पदाधिकारी और सशस्त्र बल ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आत्मसुरक्षार्थ टुनेश के दस्ते के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान रंका थाना प्रभारी को दो गोली लगी, जिसमें एक गोली छाती पर लगी लेकिन बीपी जैकेट पहने होने की वजह से कोई नुकसान नहीं पहुंचा जबकि एक गोली उसके कलाई पर लगी, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद रांची के मेडिकल अस्पताल भेजा गया। इस दौरान गढ़वा एसपी दीपक पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।



# आसान सवालों का भी बच्चे नहीं दे सके जवाब, शिक्षिका को फटकार


**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

पाटन प्रखंड के किशनपुर बूथ नंबर 235 पर सुपर चेकिंग जांच के लिए उपायुक्त शशि रंजन पहुंचे थे. इसी दौरान डीसी ने राजकीय मध्य विद्यालय पहुंचे और बच्चों की क्लास ली. शशि रंजन के आसान सवालों को सही जवाब विद्यार्थी नहीं दे सके. इससे वे नाराज हो गये. शिक्षिका सुनीता रवि को फटकार लगाई. डीसी ने कहा कि आप ध्यान देकर नहीं पढाती. ऐसे कैसे होगा मैडम. आप पर कार्रवाई होगा. वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापक रीना दुबे को बुलाकर कहा कि आप लोग बच्चों को कैसी शिक्षा देते हैं. बच्चे हिंदी में लिख नहीं पाते. वर्ग 7 के बच्चे अत्यधिक मृदा नहीं लिख पाये. इस पर उपायुक्त ने काफी नाराजगी व्यक्त की. डीसी ने बच्चों से पूछा कि दूध से दही बनाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं. साथ ही पूछा कि छात्र-छात्राओं से पूछा कि आपके पास मोबाइल है या नहीं. अगर है तो हमें बता दें. वर्ग 7 के एक भी छात्र-छात्राओं ने जवाब नहीं दिया. उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति कम क्यों है. कितने शिक्षकों का पदस्थापन है.

# सेल की भूमि पर आईएमसी की स्थापना के लिए मंत्री से मिले सांसद

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश से मुलाकात की। इस क्रम में गढ़वा जिले के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के तहत (अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने से संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने कहा कि इस संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। उपायुक्त झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखंड राज्य के आर्थिक ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा, जिससे गढ़वा जिला आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। उल्लेखनीय है कि सेल द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है, जो भविष्य में यदि इस आईएमसी का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो।



### 25 दिव्यांगों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को 25 दिव्यांगों के बीच दिव्यांगता प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। ट्रॉमा सेंटर में दिव्यांगों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिये शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर का शुभारंभ जिप सदस्य रानी बाला, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में जिला से आये नेत्र विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एस के रमण ने दिव्यांगों के दिव्यांगता की जांच की। 11 नेत्र रोग से ग्रसित तथा 14 हड्डी रोग से ग्रसित दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र दिया गया। शेष 31 लोगों को अगले दिन सदर अस्पताल ओपीडी में जांच के लिये बुलाया गया है। मौके पर जिला से आये सहायक दिनेश उरांव, विपेश राज तामांग, कार्यालय सहायक राजेश कुमार सिन्हा, यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### केतार में पशुपालकों को दिया गया प्रशिक्षण

**केतार।** केतार पंचायत सचिवालय में मंगलवार को गव्य विकास सह पशुपालन विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला गव्य विकास सह पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर विद्या सागर सिंह ने कहा कि गव्य विकास सह पशुपालन विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा की आजकल जानवरो में अनेक वायरल बीमारी हो रही है, इससे कम समय मे ही मवेशियों की मृत्यु हो जारी है। लंबी स्कीन, डिजीज, खोंरहा, मुहपजाओए, चपका तथा कृमि नाशक बीमारी हो रही है। इस बीमारी के लक्षण एवं उपचार को बारीकी से पशुपालकों को बताया गया। इस मौके पर पशुपालकों को किट वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, बबलू सिंह, कामता प्रसाद, सुरेंद्र पटेल, साकिर अंसारी आदि मौजूद थे।

# वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हो गया। दूसरे बैच में नरही, कुशदंड, चितविश्राम व हुलहुला खुर्द पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होती है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होनी चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दी गई। संविधान के 73वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने की जानकारी भी दी गई। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शारदा पासवान, किशोर कुमार, सलीम अंसारी, फुलझरी देवी, मंजू देवी, लालती देवी, बसंत प्रसाद, मुन्ना मेहता, कविता देवी, छाया सिंह, तेतरी देवी, लालजी राम, शीला देवी, शर्मा राम, मो. इस्लाम, मीना देवी, प्रेमा देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, जुरेदा प्रवीण सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।



## पहल खरौंधी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1491 आवेदन

# शिविर में 254 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी प्रखंड के खरौंधी मध्य विद्यालय के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसका शुभारंभ प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, उप प्रमुख देवदत प्रसाद मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया।

शिविर में पंचायत के लोगों के विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गये थे। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख आभा रानी ने कहा राज्य सरकार प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है ताकि पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सके। बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुचाना है।

इसके साथ ही ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल की जानकारी दी। बीससूत्री अध्यक्ष, उपप्रमुख ने भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण आवेदन लेकर पहुंचे थे। संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदन का त्वरित रजिस्ट्रेशन कर दिया जा रहा था। इस कार्यक्रम में कल 1491 आवेदन प्राप्त हुए एवं 254 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान बीडीसी रेणु देवी, बीपीओ कमलेश पासवान, बीपीएम नवीन प्रकाश, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी,अमरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव केशर सिंह, रोजगार सेवक आनंद गुप्ता, मुखिया पति कृष्णा गुप्ता, झामुमो नेता विनोद यादव, हिफाजत कंसारी, अभिजीत किशोर, अजय बैठा, लेखपाल अशानंदन राम, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।



## पेज एक के शेष

### सोशल मीडिया से...

सिंहभूम,पलामू,गुमला और माओवाद प्रभावित अनेक जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी गाड़ी सुरक्षा कारणों से भले ना घुस पाए पर समाज सेवा,चिकित्सा और जागरूकता के नाम पर विशिष्ट कोड अंकित वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से होता है।माओवादी, जातीय और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक गतिविधियों वाली कुछ गाड़ियां नियमित रूप से घूमती है ।यह नहीं कहा जा सकता कि सभी की गतिविधियां संदिग्ध हैं पर कुछ संदिग्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में चर्चा है कि वे गांवों से प्राप्त आंकड़ों को विकास कार्यों के अलावा विदेशों तक पहुंचाती हैं जिनकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं। सरकारी एजेंसियों के अलावा राजनैतिक पार्टियों और समाजसेवियों को भी इस मामले पर गहन चिंतन और सुधारात्मक उपायों पर विचार करना चाहिए वरना सदियों पुरानी सद्भावना और सौहार्द बिगाड़कर एकाध चुनाव तो जीते जा सकते हैं पर जातीय उन्माद और विद्वेष से विकास की दौड़ में आगे चल रहे भारत को गहरी चोट लगेगी जो इसके दुश्मन ईर्ष्यालु देश चाहते भी हैं । सबसे बड़ी भूमिका तो अब आम जनता को निभानी है जो इसी सोशल मीडिया के कारण सच्चाई भी जानती है और भविष्य के खतरों से भी अवगत है । वैसे स्थिति इतनी भी नहीं बिगड़ी कि संभाली न जा सके क्योंकि जातीय,धार्मिक और क्षेत्रीय राजनीति के दबावों के बावजूद लोग बहुत सी बातों की आपसी में चर्चा करते हैं और अपने अलावा देश समाज का भला सोचते हैं। इन्हें यह भी पता है सामाजिक तानाबाना ऐसा है कि भारतीय परंपरा में सभी एक दूसरे पर निर्भर हैं और लड़ाइयों से लाभ कुछ स्वार्थी लोगों का भले हो जाए नुकसान हमेशा आम आदमी का ही होता है।

सरकार साइबर सेल का गठन कर इस दिशा में पहल की है पर उनका फोकस साइबर ठगी पर ही केंद्रित है जबकि शत्रु पड़ोसी देशों से जातीय,धार्मिक और क्षेत्रीय उन्माद फैलाने के कई मामले गड़बड़ी वाले मामले सीमावर्ती राज्यों में पकड़ में आए हैं जहां मिलिट्री इंटेलिजेंस इनपर नजर रखती है। आज की आवश्यकता है कि जिस प्रकार राज्यों में कार्यरत विशेष पुलिस फोर्स को मिलिट्री की ट्रेनिंग दी गई है उसी प्रकार राज्यों की साइबर सुरक्षा गतिविधियों को प्रशिक्षण और सुविधाएं देकर तेज किया जाए जो समाज में फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर नजर रख सके अन्यथा घृणा का यह खेल गोला बारूद से भी अधिक घातक सिद्ध होगा । हम सभी को भी बिना तथ्यों को परखे हुए किसी भी सोशल मीडिया के वायरल मैसेज को फॉर्वर्ड करने से बचना चाहिए।भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से फैक्ट फाइंडिंग वेबसाइट भी चलाई जा रही है जिसमें झूठी खबरों और चित्र या वीडियो की जानकारी तुरंत मिल जाती है ।इसी प्रकार रिवर्स सर्च की सुविधा गूगल प्रदान करता है जिससे इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है ।भ्रामक या घृणास्पद बातों को वायरल करने वाले अनेक लोग पकड़े गए हैं साइबर लॉ के शिकंजे से बचने के लिए सावधानी सभी को रखनी चाहिए ।संदिग्ध लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करने से भी बचना चाहिए। ऐसे संदिग्ध लोग वीडियो कॉल कर नग्न वीडियो के माध्यम से जाल में फंसाकर ब्लैक मेल करते हैं या लालच दिखाकर फर्जी लोन एप के जाल में फांसकर धमकी देते हैं । अभी तक ऐसे मामलों में अकेले भारत में 60 लोग परेशान होकर आत्महत्या कर चुके हैं।कुछ लोग पकड़े भी गए जिनके तार चीन पाकिस्तान से जुड़े थे। दशक में जब रंगीन टीवी और इसके सास बहू टाइप कार्यक्रमों के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जोरदार प्रवेश भारत में हो रहा था तो कई समाचार पत्रों में इसे सांस्कृतिक हमला बताया था क्योंकि तब इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रंगीन टीवी की चकाचौंध के बीच अपने उपभोक्ता उत्पादों के लिए बाजार बनाना था,जैसा इन्होंने यूरोपीय देशों में समाज की परंपरा के आगे सॉप ऑपेरा के माध्यम से एक नया बाजारवाद ही विकसित किया था और वही प्रयोग यहां भी होने वाला था ।बहुत से लोगों को लगा था कि टीवी चैनल जनता के मनोरंजन के लिए खुल रहे हैं पर यहां भी एक नए प्रकार का बाजारवाद और दिखावा भरे रहन-सहन की नींव रखी जा रही थी जो धीरे- धीरे गांवों तक पहुंच गई है। तब कुछ भारतीय लड़कियों को मिस वर्ल्ड और यूनिवर्स चुनी गईं और बाद में यह क्रम रुक गया। आज भारतीय परिवार भारतीय परंपराओं के इतर और बोल्ड कथानक या दृश्यों वाले धारावाहिक या फिल्मों का आदी ही चुका है। जब सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति ‘ एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है। आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता।किसी भी घटना को मोबाइल में कैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता ।अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फसाद हुए। हर हाथ में मोबाइल के इस नए युग में एक अनूठी बेलगाम गैर जिम्मेदार नए ढंग की पत्रकारिता में कोई संपादन नहीं होता और सबसे खतरनाक यह है कि इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे।

पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरों या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है ।जाति,धर्म,राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेजी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है। इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो, वीडियो इंस्टा, फेसबुक, रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है।

इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं। इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट। झारखंड जैसा साफ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है ।गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं ।झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े,धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com







## एक नजर

### गोवा की आजादी में प्राण न्यौछावर करने वालों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्र उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन से गोवा की मुक्ति के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी और साथ ही उन्होंने इस खूबसूरत राज्य के निवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोवा मुक्ति दिवस 1961 में राज्य को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा चलाए ऑपरेशन विजय की सफलता की याद में हर साल 19 दिसंबर को मनाया जाता है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा मुक्ति दिवस पर देश उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने गोवा को औपनिवेशिक शासन से आजादी दिलाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हम स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे सशस्त्र बलों का उनके अदम्य साहस और बलिदान के लिए सलाम करते हैं।

### एफटीए में देरी पर आलोचना करने वालों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में देरी के लिए भारत की आलोचना पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समझौतों के लिए सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे समझौते लोगों की आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को कहा, बार-बार इस तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं-भारत ब्रिटेन के साथ एफटीए पर जल्दी हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? कोई यह नहीं कहता कि ब्रिटेन भारत के साथ जल्दी से हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? तो कहीं न कहीं, हमें सामंजस्य बनाना ही होगा।

### कांग्रेस विधायक ने विस अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**आणंद।** खंभात विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक चिराग पटेल ने मंगलवार सुबह गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस जब संगठन को मजबूत करने में जुटी है, पार्टी के लिए यह बड़ा झटका है। इससे पहले 13 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के विसावदर सीट के विधायक भूपत भयाणी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा था। कांग्रेस के गुजरात विधानसभा में 17 विधायक थे जबकि आआपा के पास 5 विधायक थे। दोनों ही पार्टियों से एक-एक विधायक के इस्तीफे के बाद अब कांग्रेस के पास 16 और आआपा के पास 4 विधायक शेष बचे हैं। भाजपा के पास 156 विधायक हैं।

### मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 4 जनवरी को

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह सरकारी आवास का आवंटन रद्द करने को चुनौती देने वाली टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर चार जनवरी को सुनवाई करेगा। अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ मोइत्रा की याचिका पर तीन जनवरी को सुनवाई करेगा। इसके बाद इस याचिका पर सुनवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने याचिका पर सुनवाई स्थगित की। मोइत्रा के वकील ने अदालत से संपदा निदेशालय को याचिका पर चार जनवरी से पहले जवाब दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया, लेकिन उसने कहा कि वह अगली तारीख पर ही इस याचिका पर सुनवाई करेगा।

# लोस व रास से सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा और राज्यसभा से 92 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में मंगलवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। आईएनडीआईए घटक दलों के सांसदों ने आज सुबह खड़गे के साथ बैठक की। उसके बाद सभी सांसद संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है। संसद की सुरक्षा में सेंध के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते। खड़गे ने कहा कि इतिहास में




पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है। यह सदन की मयार्दा पर गहरी ठेस है।

समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि जिस तरीके से सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है, उससे यह लगता है कि सरकार विपक्ष विहीन संसद चाहती है। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि हम सिर्फ संसद की सुरक्षा में सेंध पर जवाब मांग रहे थे। हमें सदन से बाहर कर दिया गया। जो हो रहा है। यह ठीक नहीं है। सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने वाला है।

## राज्यसभाः सभापति ने मिमिक्री मामले को लेकर जताई आपत्ति



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से उनकी मिमिक्री और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से वीडियो बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताई। धनखड़ ने सदन में कहा कि उनका मजाक बनाया जाना और उस मजाक का कांग्रेस के एक वरिष्ठ सांसद की ओर से वीडियो बनाया जाना दुखद है। यह उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। धनखड़ ने कहा कि इससे ज्यादा गिरावट नहीं हो सकती। धनखड़ ने सदन में कांग्रेस नेता व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उल्लेखनीय है कि आज संसद परिसर के बाहर मकर द्वार पर विपक्षी नेताओं ने धरना दिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करते हुए नजर आए। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनका वीडियो बना रहे थे।

## निलंबित सांसदों के 27 प्रश्न, लोस सूची से हटाए गए

लोकसभा में निलंबित विपक्षी सदस्यों की ओर से पूछे गए 27 सवालों को मंगलवार को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया। इसी तरह, विभिन्न मंत्रियों से एक ही सवाल पूछने वाले सदस्यों के समूह से कई निलंबित सांसदों के नाम हटा दिए गए। राजस्थान विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने वाले हनुमान बेनीवाल का नाम भी हटा दिया गया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की अपरूपा पोद्दार और कांग्रेस की राम्या हरिदास द्वारा पूछे गए दो तारांकित प्रश्न हटा दिए गए।

## क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की कोई जरूरत नहीं

संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले के संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूत्र ने कहा, "हमने वहां के सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर लिए हैं और टीमें उन्हें स्कैन कर रही है। हमने फुटेज के आधार पर आरोपियों से पूछताछ भी की है और अभी तक क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की कोई जरूरत नहीं पड़ी है।" 2001 के संसद हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर को दर्शक दीर्घा से लोकसभा हॉल में प्रवेश करने में कामयाब रहे दो लोगों की पहचान मैसूर के निवासी मनोरंजन डी और सागर शर्मा के रूप में की गई है।

# संघ नेता बोले- हम जाति जनगणना के पक्ष में नहीं

### समाज में शत्रुता और असमानता बढ़ेगी

### राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है

**एजेंसी। नागपुर**

आरएसएस के एक नेता श्रीधर गाडगे ने जाति जनगणना को गैर-जरूरी बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि आखिर इससे क्या हासिल हो जाएगा। जाति जनगणना का आरक्षण से कोई ताल्लुक नहीं है, लेकिन इससे समाज में वैमनस्य बढ़ सकता है। यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में सही नहीं होगा। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के सह-संघचालक गाडगे ने कहा कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है। लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा



नहीं है। उनका यह बयान नई बहस छेड़ सकता है क्योंकि कांग्रेस समेत आरजेडी, सपा, जेडीयू जैसे दल जाति जनगणना के पक्ष में हैं। बिहार में तो जाति जनगणना हो भी चुकी है और अब देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी चर्चाएं हैं। यहां तक कि कई दल तो केंद्र सरकार से देशभर में जाति जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं। भाजपा भी इस पर संभलकर चल रही है। ऐसे में आरएसएस नेता का यह बयान भाजपा को भी घेरने के लिए विपक्ष को एक मौका दे सकता है। राज्य सरकार में शामिल भाजपा और शिंदे गुट वाली शिवसेना के विधायक नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पहुंचे थे।

इसी दौरान आरएसएस के पदाधिकारियों से उनकी बात हुई। इसी बीच हिंदुत्ववादी संगठन के नेता ने जाति जनगणना को विरोध किया। आरएसएस के प्रचारक गाडगे ने कहा कि हम इसमें कोई फायदा नहीं देखते हैं बल्कि नुकसान ही हैं। इससे असमानता पैदा होगी और इसे बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि इसके फायदे समझाए जाएं तो आरएसएस सरकार से बात करने के लिए भी तैयार है। हालांकि जब महाराष्ट्र के विधायक आरएसएस मुख्यालय पहुंचे थे, तब संघ प्रमुख मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले नागपुर में नहीं थे। यही नहीं एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस भी विधायक दल में शामिल नहीं थे, जो आरएसएस मुख्यालय पहुंचा था।

## चीन में भूकंप से अब तक 116 लोगों की मौत

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 116 लोगों की मौत हो गई। पहले 111 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। गांसु प्रांत में मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है। अखबार के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा। किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और नगरपालिका विशेषज्ञों को भी भेजा।

### अलवर में बड़ा हादसा

## ट्रेलर के नीचे दबी बोलरो, चार की मौत

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में मंगलवार को सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिंदौली घाटी के समीप बोलेरो और सीमेंट से भरे ट्रेलर की टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद बोलेरो के ऊपर ट्रेलर खाई में जाकर पलट गया, जिस कारण बोलेरो में सवार सभी लोग दब गए। हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन और जेसीबी की सहायता से शवों और घायलों को निकाला जा सका। सभी को एम्बुलेंस से अलवर के सामान्य चिकित्सालय भिजवाया गया।

### इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक

# सीटों का बंटवारा राज्य स्तर पर होगा

### ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रखा, समर्थन आप नेता केजरीवाल ने किया

### ईवीएम का मुद्दा चुनाव आयोग के सामने उठाएंगे

### सांसदों के निलंबन के विरुद्ध सभी राज्यों के राजधानी में 22 को विरोध प्रदर्शन

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में शामिल हुए दलों के बीच कई अहम विषयों पर सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार पर चर्चा हुई। बैठक में प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने किया।लेकिन जब पत्रकारों ने मल्लिकार्जुन खड़गे से यह सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि इस पर फैसला जीत के बाद होगा। उन्होंने कहा, पहले हमें जीतना होगा और बहुमत हासिल करना होगा, उसके बाद सांसद लोकतांत्रिक रूप से फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री सोचते हैं कि शासन करने के लिए उनसे बेहतर कोई नहीं है, हम उस सोच से मुकाबला करेंगे। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चौथी बैठक में 28 दल शामिल हुए और उन्होंने अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि बैठक में यह फैसला हुआ कि सभी दल मिलकर 8 से 10 बैठक करेंगे।सीट बंटवारे के सवाल पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चाहे यह तमिलनाडु हो, केरल, तेलंगाना, बिहार, उप्र, दिल्ली या पंजाब झ सीट बंटवारे संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा राज्य




स्तर पर किया जाएगा, यदि कोई मुद्दा होगा तो उसे केंद्रीय स्तर पर सुलझाया जाएगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने सांसदों को निलंबित किए जाने को अलोकतांत्रिक बताने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है। हम सभी को मिलकर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़नी होगा और हम सभी इसके लिए तैयार हैं। हमने संसद में सुरक्षा चूक की घटना का विषय उठाया। हम गृह मंत्री अमित शाह या पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बयान दिए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन वो तैयार नहीं हैं।खड़गे ने कहा कि यह पहली बार है कि 151 सांसदों को सस्पेंड किया गया। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे, यह गलत है। उन्होंने कहा कि हम इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हैं। हमने तय किया है कि हम 22 दिसंबर को सांसदों के निलंबन के खिलाफ प्रोटेस्ट करेंगे।

मीटिंग के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही सीट शेयरिंग पर काम होगा। उन्होंने कहा कि हम पीडीए के मार्फत भाजपा को हराएंगे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में वामपंथी नेता डी राजा ने कहा कि अभी यह तय हुआ है कि पहले सांसदों के निलंबन के विषय को उठाया जाएगा क्योंकि यह लोकतंत्र पर हमला है। यह हमारी संसदीय प्रणाली पर हमला है। इसलिए पूरे देश में प्रदर्शन होना चाहिए। इसको लेकर बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। पीएम कैंडिडेट पर कुछ भी तय नहीं हुआ है। 22 दिसंबर को सभी स्टेट हेड क्वार्टर पर बड़े प्रदर्शन होंगे। हम जल्दी से जल्दी सीट शेयरिंग अरेंजमेंट कर लेंगे। हमें मिलकर बीजेपी से लड़ाई करनी होगी।कांग्रेस के सांसद व महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह बैठक काफी सफल रही। सबने खुलकर बात की। अब फोकस सीट शेयरिंग पर है। काफी चीजों पर चर्चा हुई लेकिन हर विषय एक ही दिन में डिस्कस नहीं किया जा सकता। सीट शेयरिंग पर चर्चा जल्द शुरू होनी चाहिए। ऐसी बात हुई है। मीटिंग में शामिल हुए माकपा नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि बैठक में ईवीएम का विषय भी उठाया गया। हम इस विषय को चुनाव आयोग के सामने उठाएंगे।

## जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पॉजिटिव


**नई दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने स्वयं इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना के कुछ लक्षण हैं, मुझे उम्मीद है कि यह हल्का होगा और शुरूआत में मैं बस अपने डेस्क से काम करूंगा। ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पाजिटिव की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### सोशल मीडिया पर सक्रिय | डांस वीडियो पर ईरान में मचा बवाल

# सरकार को बदलना पड़ा अपना आदेश

**एजेंसी। ईरान**

आम तौर पर डांस के जरिए हमलोग खुशी जताते हैं। लेकिन जब यह विरोध का जरिया बन जाए, तो शायद आपको भी यकीन नहीं होगा। पर ऐसा हो रहा है और यह ईरान में हो रहा है। ईरान के एक बुजुर्ग शख्स सादेग बना मोतजदेह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उन्होंने डांस के जरिए संदेश फैलाने की कोशिश की थी। लेकिन उनका यह प्रयास उस समय विवादों में आ गया, जब सरकार ने उनसे सवाल-जवाब किया। ईरान सरकार ने उनके इस वीडियो पर पाबंदी लगा दी। सादेग बना



मोतजदेह फुटबॉल के एक चीयर लीडर रह चुके हैं। वह 70 साल के हैं। उनका यह वीडियो मछुआरों के साथ शुरू हुआ था। उनके इस वीडियो में कई मछुआरे दिख रहे हैं। सादेग ने मीडिया को बताया कि वह मछुआरों को खुश देखना चाहते थे, इसलिए डांस का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। लेकिन उनको यह पता नहीं था कि उनका यह वीडियो उनके लिए संकट बन जाएगा। दरअसल, यह पोस्ट जैसे ही वायरल हुआ, ईरानी अधिकारियों ने इस वीडियो पर रोक लगा दी। वीडियो को सोशल मीडिया से हटाया गया। इंस्टाग्राम पोस्ट पर पाबंदी लगा दी गई। सरकार ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपराधिक गतिविधियां निगरानी में हैं, इसलिए वीडियो को हटा दिया गया। पुलिस ने 12 लोगों को वीडियो शेयर करने का आरोप लगाया। वैसे, आपको बता दें कि ईरान में सड़कों पर डांस करने की वजह से अक्सर कार्रवाई की जाती है। स्थानीय प्रशासन अक्सर ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करती है। लेकिन सादेग के वीडियो पर रोक लगाए जाने के बाद इसका विरोध बढ़ता ही जा रहा है। सरकार खुद भी अचरज में पड़ गई। इस वीडियो के विरोध में पूरे देश में कई जगहों पर युवाओं ने डांस करके वीडियो बनाया और उसे वायरल करने लगे। इन लोगों ने सादेग के ही गाने और डांस को अपने-अपने तरीके से शूट किया और उसे पोस्ट कर दिया। अब सरकार अपने ही दांव में उलझती हुई नजर आने लगी। इसका असर यह हुआ कि अब अधिकारियों को एक की जगह पर कई वीडियो से जूझना पड़ गया। आखिरकार सरकार ने सादेग का इंस्टाग्राम पेज अनब्लॉक कर दिया। उनका वीडियो एक बार फिर से धूम मचा रहा है। वह फिर से सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं।

### फिल्म जगत

## शाहरुख की 'डंकी' का धमाकेदार प्रमोशन, वीडियो रिलीज




**राजकुमार** हिरानी की फिल्म डंकी की रिलीज नजदीक आ रही है और फैंस बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में हर गुजरते दिन के साथ उत्साह बढ़ता जा रहा है, क्योंकि दर्शक इस फिल्म को बड़े पर्दे पर एंजॉय करने के लिए बेकरार बैठे हैं। रिलीज करीब होने के साथ फिल्म का प्रचार भी जोरों पर है। शाहरुख ने एक ग्रैंड इवेंट में फिल्म का प्रचार करने के लिए दुबई के ग्लोबल विलेज का दौरा किया, जिसमें 100,000 से अधिक फैंस शामिल हुए। ऐसे में पहले से ही बढ़े एक्साइटमेंट लेवल को और बढ़ाते हुए मेकर्स ने फैंस के लिए डंकी डायरीज जारी कर सभी को एक खास तोहफा दिया है। इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा, ह्लपेश है यादों, हंसी और बहुत सारे दिल से भरी एक डायरी जो डंकी की दुनिया का खुलासा करती है। डंकी गुरुवार, 21 दिसंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की तीन तिकड़ी राजकुमार हिरानी, एसआरके, और तापसी पन्नू डंकी डायरीज के लिए एक साथ आए, जहां उन सभी ने बहुप्रतीक्षित डंकी पर कुछ दिलचस्प जवाब दिए और मजेदार बातें की, जो निश्चित रूप से हर किसी का दिल जीत लेगा। डंकी में शानदार कास्ट है, जिसमें शाहरुख खान के साथ-साथ सुपरटैलेंटेड अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं।